

■ पांच लाख टन गेहूं के आटे का निर्यात करेगी सरकार, 3 साल बाद प्रतिबंध में आंशिक ढील -12



■ जमीन के बदले नौकरी के मामले में लालू की याचिका पर फैसला सुरक्षित -12



■ हमारे पड़ोस में आतंकवादी ढांचे को बढ़ावा देने में मदद न करें: जयशंकर -13



■ भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल ने कहा- अच्छी शुरुआत बड़े स्कोर में बदलना होगा -14

आज का मौसम
24.0⁰ अधिकतम तापमान
8.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.57
सूर्यास्त 05.40


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| कानपुर |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर
■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

माघ शुक्ल पक्ष द्वितीया 02:42 उपरांत तृतीया विक्रम संवत 2082

मंगलवार, 20 जनवरी 2026, वर्ष 4, अंक 151, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 5 रुपये


**प्रोटोकॉल तोड़कर किया स्वागत, कई बड़े मुद्दों पर हुई बातचीत**

## मोदी के बुलावे पर दो घंटे के लिए नई दिल्ली पहुंचे यूएई के राष्ट्रपति



**नई दिल्ली।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान एक दिन की आधिकारिक यात्रा पर सोमवार शाम यहां पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रोटोकॉल तोड़कर हवाई अड्डे पर खुद उनका स्वागत किया। लगभग दो घंटे की आधिकारिक यात्रा पर भारत पहुंचे शेख नाहयान की इस बीच कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर मोदी से वार्ता हुई, जिसके बाद नाहयान स्वदेश लौट गए। राष्ट्रपति का पद संभालने के बाद नाहयान की यह तीसरी और पिछले एक दशक में पांचवीं यात्रा थी।

### लकड़ी का झूला, पशमीना शॉल भेंट किया

मोदी ने लोक कल्याण मार्ग स्थित अपने आवास पर नाहयान और उनके परिवार का स्वागत किया और उन्हें पारंपरिक भारतीय उपहार लकड़ी का नक्काशीदार झूला तथा पशमीना शाल भेंट किया। गुजरात के नक्काशीदार लकड़ी के झूले पर बारीक पुष्प और पारंपरिक डिजाइन उकेरी गई है। पशमीना शाल कश्मीर की है जो अत्यंत महीन ऊन से हाथ से बनाई जाती है, इससे यह बेहद मुलायम, हल्की और गर्म होती है।

## चांदी का सुनहरा इतिहास... तीन लाख पार

**सोना भी 1,900 रुपये बढ़कर 1.48 लाख पर पहुंचा**

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को चांदी 10,000 रुपये की जोरदार उछाल के साथ सुनहरा इतिहास रच दिया और तीन लाख रुपये किलोग्राम के रिकॉर्ड स्तर को पार कर गई। सोमवार को चांदी का कारोबार 3,02,600 रुपये प्रति किलोग्राम पर हुआ जो तीन लाख रुपये से ऊपर का पहला बंद भाव है। इसके साथ सोना भी 1,900 रुपये उछलकर 1.48 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गया।

सर्राफा कारोबारियों के मुताबिक घरेलू और वैश्विक बाजारों में मजबूत मांग के कारण चांदी के दाम में जबर्दस्त तेजी रही। शुक्रवार को चांदी 2,92,600 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। स्थानीय सर्राफा बाजार में सोने की कीमतों में भी




मजबूती देखी गई और यह नए रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गई। सोना सभी करों सहित 1,48,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया, जो शुक्रवार के 1,46,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर से 1,900 रुपये अधिक है। सोने के वायदा भाव में पिछले सप्ताह के दौरान 3,698 रुपये यानी 2.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

### एक सप्ताह में 14% चढ़ा भाव

चांदी के वायदा भाव में पिछले सप्ताह के दौरान करीब 14 प्रतिशत यानी 35,037 रुपये की तेजी आई है। इसकी कीमत 31 दिसंबर 2025 को 2,35,701 रुपये किलोग्राम थी। इसमें अबतक 68,499 रुपये यानी 29 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

### टैरिफ अनिश्चितता से लगे पंख

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के विश्लेषक सौमिल गांधी के मुताबिक अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की ओर से यूरोपीय देशों पर टैरिफ लगाने की घोषणा के बाद निवेशकों में चिंता और बढ़ी है। बढ़ती अनिश्चितता के कारण उन्हें सुरक्षित निवेश विकल्पों की तलाश है। इसी कारण वे कीमती धातुओं में निवेश कर रहे हैं।

**न्यूज ब्रीफ**

### लद्दाख में 5.7 तीव्रता का भूकंप, नुकसान नहीं

**लेह।** केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के लेह जिले में सोमवार को 5.7 तीव्रता का भूकंप आया। हालांकि अधिकारियों के मुताबिक भूकंप के कारण किसी प्रकार का नुकसान होने की कोई सूचना नहीं है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) के अनुसार, भूकंप के झटके दिन में 11:51 बजे महसूस किए गए। एनसीएस ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि भूकंप का केंद्र 171 किलोमीटर की गहराई में 36.71 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 74.32 डिग्री पूर्वी देशांतर पर स्थित था। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि अभी तक भूकंप से संबंधित किसी भी प्रकार की क्षति की कोई सूचना नहीं है।

### पूर्व आईपीएस अफसर अमिताभ ठाकुर को जमानत मिली

**देवरिया।** धोखाधड़ी मामले में देवरिया जेल में बंद पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर को सोमवार को जिला जज की अदालत से जमानत मंजूर हो गई लेकिन उनकी पत्नी नूतन ठाकुर की अग्रिम जमानत अर्जी को अदालत ने खारिज कर दिया। डीजीसी क्राइम राजेश मिश्रा के मुताबिक अब नूतन को हाईकोर्ट जाना होगा या अदालत में समर्पण करना होगा। अमिताभ ठाकुर के खिलाफ लखनऊ में भी मुकदमा दर्ज हैं और वहां की अदालत से जारी वारंट बी देवरिया जेल में तामील करा दिया गया है। उनकी रिहाई अभी आसान नहीं होगी।

### मणिकर्णिका घाट पर विरोध कर रहे लोगों को खदेड़ा, 16 हिरासत में

**वाराणसी।** बनारस के मणिकर्णिका घाट पर पुनर्विकास को लेकर चल रहे कार्यों के दौरान रानी अहिल्याबाई होलकर की मूर्ति तोड़े जाने के आरोप को लेकर सोमवार को दर्जनों लोगों ने घाट पर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। पुलिस ने उन्हें समझाने का प्रयास किया लेकिन प्रदर्शनकारियों ने पुलिसकर्मियों के साथ धक्कामुक्की की। इस पर पुलिस ने सभी को खदेड़ दिया। 16 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। एसीपी डॉ. अतुल अंजान त्रिपाठी ने बताया कि प्रदर्शन करने वालों ने कोई अनुमति नहीं ली थी।

# पीठासीन अधिकारी चाहे जिस दल के हों, निष्पक्ष होना चाहिए

## ओम बिरला का पीठासीन अधिकारी सम्मेलन में अनुशासन-जवाबदेही पर जोर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि विधायिका लोकतंत्र का वह मंच है, जहां जनता की आवाज शासन तक पहुंचती है और समाधान का रास्ता निकलता है। ऐसे में राज्य विधानमंडलों की कार्यवाही का घटता समय लोकतंत्र के लिए गंभीर चिंता का विषय है। राज्य विधानसभाओं की कार्यवाही के लिए एक निश्चित और पर्याप्त समय सुनिश्चित किया जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सदन जितना अधिक चलेगा, उतनी ही अधिक सार्थक, गंभीर और परिणामोन्मुख चर्चा संभव होगी।

बिरला सोमवार को विधानसभा में आयोजित तीन दिवसीय 86वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन में पहले दिन बतौर मुख्य अतिथि यह भी कहा कि पीठासीन अधिकारी चाहे जिस भी राजनीतिक दल से आते हों, उनका आचरण दलगत राजनीति से हटकर न्यायपूर्ण, निष्पक्ष, संतुलित होना चाहिए। पीठासीन अधिकारी का व्यवहार केवल निष्पक्ष होना ही नहीं बल्कि निष्पक्ष दिखना भी चाहिए, ताकि सदन की गरिमा और जनता का विश्वास बना रहे। बिरला ने कहा कि सोशल मीडिया के इस दौर में जनप्रतिनिधियों के प्रत्येक आचरण पर जनता की पैनी निगाह रहती है। ऐसे में संसदीय शिष्टाचार, अनुशासन और सदन की प्रामाणिकता बनाए रखना कहीं ज्यादा जरूरी हो गया है। यह केवल नियमों से नहीं, बल्कि व्यवहार और परंपराओं के पालन से संभव है। सम्मेलन में 28 राज्यों, तीन केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं व छह विधान परिषदों के पीठासीन अधिकारियों ने भाग लिया। यूपी विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सम्मेलन में पीठासीन अधिकारियों के समक्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का शुभकामना संदेश पढ़कर सुनाया।




लखनऊ विधान सभा में सम्मेलन में बोलते लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला।

### ये लोकतांत्रिक सहयोग का मजबूत मंच : राज्यपाल

इसके पहले सम्मेलन का उद्घाटन राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने किया। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन जैसे मंच राज्यों के बीच संवाद, सहयोग और सर्वोत्तम संसदीय प्रथाओं के आदान-प्रदान का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि यह सम्मेलन विधायी संस्थाओं को और अधिक प्रभावी बनाएगा।

- **कहा- सदन जितना अधिक चलेगा लोकतंत्र उतना ही होगा मजबूत**

### आज इन मुद्दों पर होगा मंथन

मंगलवार को सम्मेलन में विधायी प्रक्रियाओं में तकनीक व डिजिटल टूल्स के उपयोग, विधायकों का क्षमता निर्माण व प्रशिक्षण, जनता के प्रति विधायिका की जवाबदेही और संसदीय शिष्टाचार और सदन की गरिमा बनाए रखने के उपाय के मुद्दों पर मंथन होगा।

# बंगाल में तार्किक विसंगतियों की सूची प्रदर्शित करे आयोग

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को निर्वाचन आयोग को निर्देश दिया कि वह पश्चिम बंगाल के ग्राम पंचायत भवनों, तालुका प्रखंड कार्यालयों और वार्ड कार्यालयों में ''तार्किक विसंगतियों'' की सूची में शामिल लोगों के नाम प्रदर्शित करे, साथ ही वहां उनके दस्तावेज और आपत्तियां भी स्वीकार की जाएं। कोर्ट यह भी कहा कि पश्चिम बंगाल में एसआईआर की प्रक्रिया पारदर्शी होनी चाहिए और इससे किसी को असुविधा नहीं होनी चाहिए।

राज्य में 2002 की मतदाता सूची से संतानों के संबंध में तार्किक विसंगतियों में माता-पिता के नाम का बेमेल होना और मतदाता और उनके माता-पिता के बीच आयु का अंतर 15 वर्ष से कम या 50 वर्ष से अधिक होना शामिल है। राज्य में 1.25 करोड़ मतदाताओं के तार्किक विसंगतियों की सूची में शामिल होने पर संज्ञान लेते हुए सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की की पीठ ने कहा कि पश्चिम बंगाल में जारी एसआईआर से प्रभावित होने की संभावना वाले लोगों को अपने दस्तावेज या आपत्तियां प्रस्तुत करने की अनुमति दी जाए और इसके लिए पंचायत भवनों या ब्लॉक कार्यालयों के भीतर कार्यालय स्थापित किए जाएं।

पीठ ने निर्देश दिया कि सुचारू कामकाज के लिए प्रत्येक जिला, ईसीआई या राज्य सरकार द्वारा कर्मचारियों के लिए जारी किए गए निर्देशों का सावधानीपूर्वक पालन करे। कहा, पश्चिम बंगाल के डीजीपी यह सुनिश्चित करने के लिए बाध्य होंगे कि कानून-व्यवस्था की कोई समस्या न हो और सभी गतिविधियां सुचारू रूप से पूरी हों।



- **एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट का निर्देश, 1.25 करोड़ मतदाता शामिल हैं सूची में**
- **मतदाताओं के दस्तावेज और आपत्तियां भी स्वीकार करनी होंगी आयोग को**

**कर्नल सोफिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी का मामला**

### मंत्री विजय शाह पर केस चलाने की मंजूरी पर दो सप्ताह में फैसला करे मध्य प्रदेश सरकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश सरकार को ऑपरेशन सिंदूर के दौरान कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले मंत्री कुंवर विजय शाह पर मुकदमा चलाने की मंजूरी देने का निर्णय दो सप्ताह के भीतर करने का निर्देश दिया है। सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि न्यायालय द्वारा गठित एसआईटी ने जांच पूरी कर अंतिम रिपोर्ट 19 अगस्त 2025 को सौंप दी है। आगे की कार्यवाही अब तक रुकी हुई है, क्योंकि बीएनएस की धारा 196 के तहत राज्य सरकार से मंजूरी की जरूरत है। यह धारा सांप्रदायिक घृणा या वैमनस्य को बढ़ावा देने से संबंधित है। पीठ ने एसआईटी की रिपोर्ट में उल्लिखित उन आपत्तिजनक टिप्पणियों पर भी गौर किया, जो अन्य मामलों में मंत्री शाह ने की थीं।

## एटा में ईंटों से सिर कुचलकर एक ही परिवार के चार सदस्यों की हत्या

एटा, एजेंसी

एटा में सोमवार को एक ही परिवार की तीन महिलाओं समेत चार सदस्यों की ईंटों से कुचलकर हत्या कर दी गई। पुलिस फिलहाल यह पता नहीं लगा पाई है कि यह घटना कब और कैसे हुई। सोमवार सुबह हत्याकांड की खबर फैलने के बाद मौके पर सैकड़ों लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई।

पुलिस के मुताबिक सुनहरी नगर नगला प्रेमी मोहल्ले में अज्ञात लोगों ने एक घर में घुसकर तीन महिलाओं समेत चार लोगों को ईंटों से कुचलकर मार डाला। मृतकों की पहचान गंगा सिंह (70), उनकी पत्नी श्यामा देवी (65) और उनकी बेटी ज्योति (23) तथा कमल सिंह की पत्नी रत्ना सिंह के रूप में हुई है। पुलिस के पहुंचने तक गंभीर घायल रत्ना सिंह जीवित थीं लेकिन एटा मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान उन्होंने भी दम तोड़ दिया। एएसपी श्वेताभ पांडे ने बताया कि फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। परिजनों की तहरीर मिलने के बाद रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

- **मृतकों में तीन महिलाएं, हत्यारों की तलाश में पुलिस टीम गठित, इलाके में तनाव**

## किश्तवाड़ में मुठभेड़ के दौरान एक पैराट्रूपर की मौत, आतंकी ठिकाना मिला

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में गंभीर रूप से घायल एक पैराट्रूपर ने सोमवार को दम तोड़ दिया। इलाके में तलाशी अभियान में सुरक्षा बलों ने एक संदिग्ध आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़ किया गया जिसमें सर्दियों के लिए राशन भरा हुआ था।

अधिकारियों ने बताया कि छात्रू क्षेत्र के मन्द्राल-सिंहपुरा के पास सोनार गांव में रविवार को अभियान शुरू किया गया था और इस दौरान वहां छिपे आतंकवादियों की गोलीबारी ग्रेनेड से हमले में आठ सैनिक घायल हो गए थे। अधिकारियों ने बताया कि बड़ी संख्या में पेड़ होने और ढलानों वाले दुर्गम इलाके में दृश्यता और आवागमन सीमित होने के कारण रविवार देर रात अभियान रोक दिया गया। छात्रू में अभियान त्राशी-1 जारी है। अभियान का दायरा बढ़ा दिया गया है।

## भारत में विश्वकप खेलने के लिए हामी भरे या बाहर होने को तैयार रहे बांग्लादेश

नई दिल्ली, एजेंसी

आईसीसी ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को चेतावनी दी है कि भारत में होने वाले टी 20 विश्व कप में भागीदारी को लेकर वह 21 जनवरी तक फैसला ले या सात फरवरी से शुरू हो रहे टूर्नामेंट से बाहर होने को तैयार रहे । आईसीसी और बीसीबी के बीच बातचीत के बावजूद इस मसले का अब तक कोई हल नहीं निकल पाया है।

यह मुद्दा बीसीसीआई के निर्देश पर बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान को आईपीएल 2026 से बाहर किए जाने के बाद शुरू हुआ था। आईसीसी के एक सूत्र ने कहा, बीसीबी अधिकारियों को 21 जनवरी तक फैसला लेने के लिए कहा गया है। अगर वे भारत आने से इन्कार करते हैं तो रैंकिंग के आधार पर किसी दूसरी टीम को चुन लिया जाएगा। बीसीबी ने सुरक्षा चिंताओं और राष्ट्रीय गौरव का हवाला देते हुए अपनी टीम को कोलकाता और मुंबई में विश्वकप के लीग मैच खेलने को भेजने से इन्कार किया था।

**स्कॉटलैंड को मिल सकता है मौकाः** टूर्नामेंट का कार्यक्रम घोषित हो चुका है लिहाजा आईसीसी बांग्लादेश के मैच श्रीलंका में स्थानांतरित करने के लिए तैयार नहीं है। बांग्लादेश अगर आने से इन्कार करता है तो मौजूदा रैंकिंग के आधार पर स्कॉटलैंड को मौका मिल सकता है । बांग्लादेश ग्रुप सी में वेस्टइंडीज, इटली, इंग्लैंड और नेपाल के साथ है।

- **आईसीसी ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को दिया दो दिन का वक्त**

## दुष्कर्म पीड़िता के पिता की मौत के मामले में सेंगर की सजा निलंबन की याचिका रद्द

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को उन्नाव दुष्कर्म मामले की पीड़िता के पिता की हिरासत में मौत मामले में भाजपा के निष्कासित नेता कुलदीप सिंह सेंगर की 10 साल की सजा को निलंबित करने के अनुरोध वाली याचिका खारिज कर दी। न्यायमूर्ति रविंदर डुडेजा ने कहा, राहत देने के लिए कोई आधार नहीं है।

न्यायाधीश ने कहा कि सेंगर ने हालांकि लंबा समय जेल में बिताया है, लेकिन देरी के आधार पर राहत नहीं दी जा सकती, क्योंकि यह इसलिए हुआ क्योंकि उसने अपनी सजा के खिलाफ कई अपील दायर की थीं। उन्होंने कहा, न्यायालय इस बात से अवगत है कि अपीलकर्ता को साढ़े सात वर्षों से कैद में रहना पड़ा है और अपील की सुनवाई नहीं हो सकी, लेकिन अपील की सुनवाई में देरी के कारणों में से एक यह था कि अपीलकर्ता ने अंतरिम निलंबन, जमानत की अवधि बढ़ाने और सजा के नियमित निलंबन के लिए कई आवेदन दायर किए थे। अगर अपील के गुण-दोष पर तेजी से सुनवाई होती है, तो मकसद पूरा होगा। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई तीन फरवरी के लिए सूचीबद्ध की।

- **उन्नाव दुष्कर्म मामला : अदालत ने कहा- राहत देने का आधार नहीं**

### दुष्कर्म पीड़िता ने कहा- फैसले से सुकून मिला

दुष्कर्म पीड़िता ने अदालत के फैसले पर कहा कि इस फैसले से उन्हें सुकून मिला है। मेरे पिता की आत्मा को भी कुछ शांति मिली है। मैंने अब तक अपने पिता की तेरहवीं की रस्में नहीं की हैं। जब तक उनके हत्यारों को मौत की सजा नहीं मिलती, उनकी आत्मा को सच्ची शांति नहीं मिलेगी। उन्होंने कहा, सेंगर, उसके भाई अतुल सिंह सेंगर और इस साजिश में संलिप्त सभी लोगों को मौत की सजा मिलनी चाहिए। यह सिर्फ मेरी लड़ाई नहीं है, यह न्याय और सच्चाई की लड़ाई है, मैं इसे आखिरी सांस तक जारी रखूंगी।

**सबसे युवा अध्यक्ष** | **पार्टी के शीर्ष पद के लिए एकमात्र उम्मीदवार के प्रस्तावकों में मोदी, शाह, राजनाथ, गडकरी, नड्डा शामिल**

# नितिन नवीन ही होंगे भाजपा के अगले राष्ट्रीय अध्यक्ष

- **पक्ष में दाखिल किए नामांकन के 37 सेट, सभी वैध पाए**

नई दिल्ली, एजेंसी

नितिन नवीन का सोमवार को नामांकन के दिन ही भाजपा का अगला राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना तय हो गया। पार्टी के शीर्ष पद के लिए हो रहे चुनाव में एकमात्र उम्मीदवार हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी के. लक्ष्मण के मुताबिक उनके पक्ष में नामांकन पत्रों के 37 सेट दाखिल किए गए जिन्हें वैध पाया गया।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नवीन की उम्मीदवारी का प्रस्ताव रखने वालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल हैं। इसके अलावा पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह और नितिन गडकरी सहित कई वरिष्ठ भाजपा नेता भी उनके प्रस्तावक बने। लक्ष्मण ने बताया कि कार्यक्रम के अनुसार, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के नामांकन की प्रक्रिया सोमवार को अपराह्न दो बजे से चार बजे के बीच पूरी हो गई। उन्होंने कहा, नितिन नवीन के पक्ष में दाखिल सभी 37 नामांकन सेट वैध पाए गए हैं।




भाजपा अध्यक्ष की नामांकन प्रक्रिया में पहुंचे शाह, राजनाथ समेत कई वरिष्ठ नेता।

### योगी समेत कई मुख्यमंत्री हुए शामिल

नामांकन प्रक्रिया शुरू होने से पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी पार्टी मुख्यालय पहुंचे। इन मुख्यमंत्रियों ने नामांकन प्रक्रिया में हिस्सा लिया।

### मोदी की मौजूदगी में संभालेंगे नई जिम्मेदारी

भाजपा के सबसे युवा अध्यक्ष बनने जा रहे नितिन नवीन को मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में पूर्णकालिक स्थाई अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। सोमवार को ही भाजपा मुख्यालय में नए अध्यक्ष की ताजपोशी को लेकर होने वाले कार्यक्रम के लिए तैयारियां शुरू हो गईं। पार्टी सूत्रों के अनुसार नितिन नवीन को आधिकारिक रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित किए जाने के अवसर पर पार्टी मुख्यालय में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं की भीड़ जुटने का अनुमान है। करीब 45 साल की उम्र में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने वाले नितिन नवीन पहले नेता हैं।

**न्यूज ब्रीफ**

## कौशल प्रतियोगिता का दूसरा चरण शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता-2026 के अंतर्गत राज्य स्तरीय कौशल प्रतियोगिता के दूसरे चरण की शुरुआत सोमवार से लखनऊ में हो गई। यह प्रतियोगिता 20 जनवरी तक आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रदेश के सभी 18 मंडलों का प्रतिनिधित्व करने वाले 391 युवा प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि इससे पूर्व प्रतियोगिता का पहला चरण 13 जनवरी को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ था, जिसमें 451 युवाओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कौशल विकास मिशन निदेशक पुलकित खरे ने बताया कि मुख्य प्रतियोगिताएं 20 जनवरी को सुबह 10 बजे से शुरू होंगी। प्रत्येक कौशल में चयनित दो विजेताओं को 24 जनवरी को पुरस्कार दिए जाएंगे। चयनित प्रतिभागी अगले स्तर की इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## एआई क्षेत्र की कंपनियां आज करेंगी मंथन

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश सरकार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को शासन, उद्योग और स्किल डेवलपमेंट का मजबूत आधार बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाने जा रही है। प्रदेश में एआई आधारित नवाचार और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप टैलेंट तैयार करने के उद्देश्य से 'एआई लेड इनोवेशन एंड कैपेसिटी बिल्डिंग कॉन्फ्रेंस' का आयोजन 20 जनवरी को लखनऊ के होटल सेंट्रम में किया गया है। यह जानकारी देते हुए आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के प्रमुख सचिव अनुराग यादव ने बताया कि माइक्रोसॉफ्ट, गूगल, टीसीएस, एचसीएल, इंटेल सहित दिग्गज कंपनियां, शैक्षणिक संस्थान और स्टार्टअप्स एक मंच पर जुटेंगे।

## दावोस में तेज हुआ यूपी का निवेश अभियान

**अमृत विचार, लखनऊ :** वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना के नेतृत्व में स्विट्जरलैंड के दावोस में आयोजित वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) में प्रदेश सरकार के प्रतिनिधिमंडल ने देश-विदेश के प्रमुख निवेशकों के साथ बैठक कर निवेश अवसरों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। अंतरराष्ट्रीय कंपनी लुई ड्रेफस सहित कई वैश्विक निवेशकों के साथ संवाद किया। प्रतिनिधिमंडल ने नैस्डेक में सूचीबद्ध वैश्विक डिजिटल सेवा प्रदाता सिफी टेक्नोलॉजीज के साथ निवेश संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान सिफी ने नोएडा में एआई रेडी और रिन्यूएबल एनर्जी आधारित डेटा सेंटर स्थापित करने में गहरी रुचि दिखाई। प्रस्तावित 1,600 करोड़ के निवेश में अत्याधुनिक एयर-कूलिंग टेक्नोलॉजी का उपयोग किया जाएगा, जिससे जल की खपत में उल्लेखनीय कमी आएगी। इसके साथ ही वैश्विक टेक लीडर्स के साथ साझेदारी तथा स्टारलिंक कनेक्टिविटी को जोड़ने की योजना पर भी चर्चा हुई।

## यूपी दिवस पर सजेगी सांस्कृतिक संध्या

**अमृत विचार, लखनऊ :** 'यूपी दिवस-2026' के अवसर पर प्रदेश की समृद्ध कला, संस्कृति और परंपराओं की भव्य झलक राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में देखने को मिलेगी। पर्यटन विभाग द्वारा 24 जनवरी को शाम से दिल्ली हाट में विशेष सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रवासी उप्र. वासियों, 18 से 20 देशों के राजनयिकों, भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों और प्रदेश के विशिष्टजन आमंत्रित हैं। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने सोमवार को बताया कि दिल्ली हाट को 'विकसित उत्तर प्रदेश' की थीम पर सजाया जाएगा।

# बेघर की गई सीमा को मिला न्याय का भरोसा

### जनता दर्शन में आई महिला ने मुख्यमंत्री योगी को सुनाया दुखड़ा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सीएम ने पुलिस आयुक्त को उचित कार्रवाई करने के दिए निर्देश

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार सुबह 'जनता दर्शन' के दौरान प्रदेश भर से आए फरियादियों की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। इसी क्रम में लखनऊ निवासी महिला सीमा ने अपनी आर्थिक विपन्नता और पति द्वारा घर से निकाले जाने की पीड़ा मुख्यमंत्री के समक्ष रखी। मुख्यमंत्री ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस आयुक्त को तत्काल उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

लखनऊ निवासी सीमा अपनी दो बच्चियों के साथ 'जनता दर्शन' में पहुंचीं। उन्होंने बताया कि ससुर के निधन के बाद पति और ससुराल वालों ने उन्हें घर से निकाल दिया है। दो छोटी बच्चियों के साथ वह दर-दर भटकने को मजबूर हैं। उन्होंने ससुराल में रहने का अधिकार दिलाने और बच्चों के लालन-पालन के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लगाई। मुख्यमंत्री ने प्रकरण का संज्ञान लेते हुए पुलिस आयुक्त को तुरंत आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

### नन्ही अनन्या ने किया भाव-विभोर

मुख्यमंत्री योगी ने जनता दर्शन में अपने माता-पिता के साथ आए सभी बच्चों को चॉकलेट दी और मन लगाकर पढ़ाई करने को कहा। इस दौरान मां सीमा के साथ दो साल की नन्ही अनन्या भी आई थी। चॉकलेट पाकर बच्ची खिलखिला उठी। जब मुख्यमंत्री ने उससे चॉकलेट मांगी तो उसने बड़ी मासूमियत से चॉकलेट वापस सीएम की तरफ बढ़ा दी। यह देखकर मुख्यमंत्री का बाल प्रेम उमड़ पड़ा। इस दौरान नन्ही बच्ची की भाव भंगिमा और मुख्यमंत्री का संवाद देखकर वहां मौजूद हर व्यक्ति भाव-विभोर हो गया।

**पुलिस व आर्थिक सहायता से जुड़े प्रकरण भी आए :** 'जनता दर्शन' में पुलिस, बिजली विभाग और आर्थिक सहायता से जुड़े कई प्रकरण सामने आए। मुख्यमंत्री ने स्वयं प्रार्थना पत्र लेकर अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी मामलों की जांच कर समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। इलाज के लिए आर्थिक सहायता मांगने वाले फरियादियों से अस्पताल का एस्टिमेट मंगाने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार हर सुख-दुख में प्रदेशवासियों के साथ खड़ी है और हर उचित समस्या का समाधान कराया जाएगा।



जनता दर्शन में महिला फरियादी के साथ आई बच्ची अनन्या मुख्यमंत्री योगी से चॉकलेट पाकर खिलखिला उठी।

# ओटीएस योजना में 4000 करोड़ रुपये मिला राजस्व

### 37 लाख से अधिक उपभोक्ताओं ने कराया पंजीकरण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कॉरपोरेशन अध्यक्ष ने दिए निर्देश क्षेत्र में कराई जाए मुनादी
- बकाया नोटिस देने के साथ पंपलेट वितरण करने को कहा

**अमृत विचार :** सोमवार को शक्ति भवन में आयोजित बैठक में यूपीपीसीएल के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल ने कहा कि पहली दिसम्बर 2025 से पूरे प्रदेश में शुरू की गई बिजली बिल राहत योजना को उपभोक्ताओं का अच्छा समर्थन मिल रहा है। अब तक लगभग 37 लाख से अधिक उपभोक्ताओं ने योजना में लाभ के लिए पंजीकरण कराया है, जिससे कारपोरेशन को लगभग 4000 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है।

उन्होंने आगे कहा कि यह उपलब्धि सराहनीय है, लेकिन अभी और अधिक प्रयास की आवश्यकता है। उन्होंने सभी वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिए कि दूसरा चरण खत्म होने को है, इसलिए सभी कर्मचारी, अधिकारी वे अपने-अपने क्षेत्रों के बकायेदार उपभोक्ताओं से व्यक्तिगत रूप से संपर्क करें, फोन कॉल के माध्यम से उन्हें योजना के लाभों की जानकारी दें। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि हर इलाके में मुनादी कराई जाए, बकाया नोटिस दिए जाने के साथ पंपलेट और सूचना पर्चियों का वितरण किया जाए। इसके लिए माइक्रो प्लान बनाकर कार्मिकों और फिनटेक एजेंसियों को सक्रिय रूप से लगाया जाए। डॉ. गोयल ने आगे कहा कि बिजली चोरी के मामलों में भी उपभोक्ताओं को योजना के माध्यम से मुकदमे और एफआईआर के निस्तारण की सुविधा के बारे में बताया जाए, ताकि वे कोर्ट कचहरी के चक्कर से बच सकें। उन्होंने साफ किया कि विद्युत चोरी से जुड़े प्रत्येक उपभोक्ता से संपर्क कर उन्हें योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया जाए। जिन क्षेत्रों में अधिक संख्या में बकायेदार उपभोक्ता हैं, वहां विशेष रणनीति बनाकर कार्य किया जाए। गांवों और क्षेत्रों में शिविर लगाए जाएं, जहां अधिकारी अपने कार्मिकों के साथ जाकर पूरे गांव के बकायेदार उपभोक्ताओं का पंजीकरण सुनिश्चित करें।



बैठक करते कॉरपोरेशन अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल। अमृत विचार

### ओटीएस योजना में पूर्वांचल डिस्कॉम रहा अव्वल

कॉरपोरेशन अध्यक्ष ने बताया कि ओटीएस योजना में पूर्वांचल डिस्कॉम का प्रदर्शन शानदार रहा है, जहां 13,76,621 उपभोक्ताओं ने पंजीकरण कराया है और लगभग 1590 करोड़ रुपये की वसूली हुई है।

### कार्मिकों के लिए शुरू की गई प्रोत्साहन योजना

योजना के अंतर्गत कार्मिकों के लिए प्रोत्साहन योजना भी लागू की गई है। अच्छा प्रदर्शन करने वाले कार्मिकों और कलेक्शन एजेंसियों को प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। योजना के खत्म होने के बाद डिस्कॉम की प्रगति की समीक्षा की जाएगी, जिसमें निर्धारित मानकों से बेहतर प्रदर्शन करने वाले 10 अधिशासी अभियंताओं, 20 उपखंड अधिकारियों और 30 अवर अभियंताओं को प्रशस्ति पत्र के साथ प्रोत्साहन धनराशि दी जाएगी।

# युवराज मेहता की मौत की जांच करेगी एसआईटी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- नोएडा की घटना का मुख्यमंत्री योगी ने लिया संज्ञान, दिए निर्देश
- एडीजी जोन मेरठ के नेतृत्व में तीन सदस्यीय एसआईटी गठित, 5 दिन में सौंपेगी रिपोर्ट

**अमृत विचार:** प्रदेश के नोएडा सेक्टर-150 में 27 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की मौत ने प्रशासनिक लापरवाही और व्यवस्था की संवेदनहीनता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। हादसे का मुख्यमंत्री ने संज्ञान लिया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर घटना की निष्पक्ष और विस्तृत जांच के लिए मेरठ जोन के एडीजी के नेतृत्व में तीन सदस्यीय विशेष जांच टीम (एसआईटी) का गठन कर दिया गया है, जो पांच दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट मुख्यमंत्री को सौंपेगी।

मुख्यमंत्री के आदेश पर गठित एसआईटी में मंडलायुक्त मेरठ और लोक निर्माण विभाग के चीफ इंजीनियर को भी सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों को शामिल कर गठित यह टीम हादसे से जुड़े सभी पहलुओं सड़क सुरक्षा, निर्माण एवं रखरखाव, प्रशासनिक जिम्मेदारी और संभावित लापरवाही की गहन जांच करेगी। घटना को लेकर प्रशासनिक स्तर पर भी हलचल तेज हो गई है। एसडीएम सदर आशुतोष गुप्ता ने घटनास्थल का दौरा कर निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि जांच के बाद जिम्मेदार अधिकारी या विभाग को बख्शा नहीं जाएगा।



मृतक युवराज मेहता का फाइल फोटो।

### नोएडा प्राधिकरण के सीईओ हटाए गए

नोएडा हादसे को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम को पद से हटा दिया है। उन्हें प्रतीक्षारत किया गया। प्रशासनिक जवाबदेही की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, सीएम ने साफ निर्देश दिए हैं कि जांच में यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही या दोष सामने आता है तो संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### घने कोहरे में नाले में गिरी थी कार

पुलिस के अनुसार, घने कोहरे के कारण युवराज मेहता की कार अनियंत्रित होकर करीब 20 फुट से अधिक गहरे पानी से भरे नाले में गिर गई। हादसे में युवराज की मौके पर ही मौत हो गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दुर्घटनास्थल पर न तो पर्याप्त चेतावनी संकेतक थे और न ही बैरिकेडिंग की समुचित व्यवस्था, जिससे हादसे की आशंका पहले से बनी हुई थी।

## अमित टाटा व आलोक सिंह को जमानत नहीं

**विधि संवाददाता, लखनऊ :** फेंसेडिल कफ सिरप और कोडिनयुक्त दवाओं को नशे के रूप में प्रयोग करने के लिए भंडारण करने, व्यापार करने और उप्र, बिहार, झारखंड, आसाम, पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश भेज कर करोड़ों रुपये का मुनाफा कमाने वाले आरोपी अमित कुमार सिंह उर्फ टाटा और आलोक प्रताप सिंह की ओर से अलग-अलग दी गई जमानत अर्जी को एनडीपीएस एक्ट के विशेष न्यायाधीश अरुण कुमार राय ने खारिज कर दिया। कोर्ट में सरकारी वकील ने दोनों आरोपियों की ओर से अलग अलग दी गई जमानत अर्जियों का विरोध करते हुए बताया कि मामले की रिपोर्ट सुशांत गोल्फ सिटी थाने में दर्ज हुई थी। बाद में शासन ने विवेचना एसटीएफ को सौंप दी थी।

# आरटीई के तहत निजी विद्यालयों में दाखिले को दो फरवरी से होंगे आवेदन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत निजी विद्यालयों में 25 प्रतिशत सीटों पर निःशुल्क दाखिले की प्रक्रिया शुरू होगी। स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक (समग्र शिक्षा), महानिदेशक कार्यालय ने शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा-1, पूर्व-प्राथमिक में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की समय-सारणी जारी कर दी है। प्रवेश प्रक्रिया तीन चरणों में पूरी होगी, जिसमें आवेदन, सत्यापन, लॉटरी और दाखिले की अंतिम तिथि तय की गई है।

| चरण | आवेदन तिथि |
| --- | --- |
| प्रथम चरण- | 2 से 16 फरवरी तक |
| द्वितीय चरण - | 21 फरवरी से 7 मार्च |
| तृतीय चरण- | 12 से 25 मार्च तक |

ऑनलाइन आवेदन के लिए अभिभावकों को आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, दिव्यांग प्रमाण पत्र सहित जरूरी दस्तावेज पहले से तैयार रखने को कहा गया है। शासन ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि प्रक्रिया समयबद्ध, पारदर्शी और पात्रता के आधार पर पूरी कराई जाए, ताकि वंचित व जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क शिक्षा का लाभ समय पर मिल सके।

बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि यह पहल शिक्षा में सामाजिक न्याय और समावेशन को मजबूत करने की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी ने कहा कि ऑनलाइन आवेदन, सत्यापन और लॉटरी प्रणाली के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि पात्र बच्चों को निर्धारित समय में निजी विद्यालयों में प्रवेश मिल सके। शिक्षा विभाग इस प्रक्रिया की सतत निगरानी करेगा।

# परियोजनाओं में देरी पर ठेकेदार के साथ अधिकारी भी होंगे दंडित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 15 दिनों में स्थलीय निरीक्षण अनिवार्य : केशव प्रसाद मौर्य

**अमृत विचार :** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने स्पष्ट किया है कि विकास परियोजनाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि किसी परियोजना में समय-सीमा का उल्लंघन पाया गया तो ठेकेदारों के साथ-साथ संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उप मुख्यमंत्री द्वारा बीते दिनों ग्रामीण अभियंत्रण विभाग की समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन शुरू हो गया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के व्यय विवरण में बताया गया कि ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के लिए कुल 709.88 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान किया गया है, जिसमें से 431.03 करोड़ की स्वीकृति शासन द्वारा प्रदान की गई है। स्वीकृत धनराशि में अबतक 215.19 करोड़ का व्यय किया जा चुका है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बचत की धनराशि का उपयोग जनहितकारी कार्यों में किया जाएगा। ई-ऑफिस संचालन, अभिलेखों के डिजिटलीकरण तथा अन्य मदों में पुनर्विनियोग के प्रस्तावों पर भी कार्रवाई चल रही है।

# यातायात नियमों के पालन से दुर्घटनाएं होंगी कम : दयाशंकर

### सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता विषयक प्रशिक्षण शिविर में परिवहन राज्य मंत्री ने किया संबोधित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को कम करने के लिए जन जागरूकता सबसे महत्वपूर्ण है। यदि लोग स्वयं यातायात नियमों को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना लें, तो सड़क हादसों में होने वाली मृत्यु में 50 प्रतिशत तक की कमी लाई जा सकती है। उक्त क्रम में ही सरकार ने दोपहिया वाहन खरीदते समय डीलर पॉइंट पर दो हेलमेट अनिवार्य किए हैं।

परिवहन मंत्री, सोमवार को विश्वेश्वरैया सभागार में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता एवं दक्षता विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला की शुरुआत करने के बाद बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि दो हेलमेट की अनिवार्यता के साथ ही "नो हेलमेट, नो फ्यूल" का नियम भी लागू है, लेकिन इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आमजन की भागीदारी जरूरी है।

अपर मुख्य सचिव अर्चना अग्रवाल ने कहा कि सड़क सुरक्षा सभी विभागों के समन्वित प्रयास से ही संभव है। लोकनिर्माण विभाग के प्रमुख सचिव अजय चौहान ने 4-ई (एजुकेशन, एनफोर्समेंट, इंजीनियरिंग और इमरजेंसी केयर) पर जोर दिया। परिवहन आयुक्त किंजल सिंह ने बताया कि विभाग द्वारा ओवरस्पीड और ओवरलोड वाहनों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

इंस्टीट्यूट ऑफ रोड ट्रैफिक एजुकेशन, फरीदाबाद के निदेशक रोहिता बलूजा ने कहा कि दुर्घटनाओं के पीछे कई कारक जिम्मेदार होते हैं। धुंध में होने वाली दुर्घटना का कारण धुंध नहीं, बल्कि तेज रफ्तार होती है।




सड़क सुरक्षा को लेकर आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला के दौरान जागरूकता पुस्तिका का विमोचन करते मंत्री दयाशंकर सिंह व अन्य।

**उपलब्धि** | साइबरटेक ग्लोबल तेल अवीव-2026 में साइबर टेक्नोलॉजी समझाएंगे यूपी के सुपर कॉप

# इजरायल में दिखेगी यूपी की साइबर शक्ति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित साइबर सुरक्षा मंचों में शामिल 'साइबरटेक ग्लोबल तेल अवीव-2026' में इस बार भारत, और खास तौर पर उत्तर प्रदेश की साइबर ताकत अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रभावी ढंग से पेश होगी। 26 से 28 जनवरी तक इजरायल के तेल अवीव में होने वाले इस सम्मेलन में यूपी के साइबर विशेषज्ञ भारत की तकनीकी क्षमता, नवाचार और प्रशासनिक अनुभव साझा करेंगे।

सम्मेलन में भारत से दो दिग्गज विशेषज्ञ चीफ मेंटर के रूप में भाग लेंगे- पूर्व राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा समन्वयक माधवन उन्नीकृष्णन नायर और यूपी से एशिया के 'साइबर कॉप' कहे जाने वाले प्रो. त्रिवेणी सिंह। दोनों विशेषज्ञ अंतरराष्ट्रीय नीति-निर्माताओं, वैज्ञानिकों और टेक इंडस्ट्री लीडर्स के सामने भारत के साइबर सुरक्षा मॉडल और जमीनी स्तर पर अपनाए गए उपायों को प्रस्तुत करेंगे। इस सम्मेलन में अमेरिका, जापान, इंग्लैंड, जर्मनी, स्पेन, इटली, नीदरलैंड, बेल्जियम, रोमानिया, हंगरी, फिलीपींस और यूएई सहित 20 से अधिक देशों के साइबर विशेषज्ञ हिस्सा लेंगे। ये सभी साइबर अपराध, एआई आधारित सुरक्षा, वित्तीय धोखाधड़ी, क्रिटिकल इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोटेक्शन और साइबर आतंकवाद जैसी वैश्विक चुनौतियों पर मंथन करेंगे।




### यूपी के अनुभव से सीखेंगे अन्य देश

प्रो. त्रिवेणी सिंह अपने 25 वर्षों के अनुभव के आधार पर बताएंगे कि कैसे उत्तर प्रदेश ने साइबर अपराध और वित्तीय फ्रॉड से निपटने के लिए तकनीक-सक्षम और त्वरित रिस्पॉन्स सिस्टम विकसित किया है। वहीं, माधवन नायर भारत के राष्ट्रीय साइबर फ्रेमवर्क और नीति निर्माण के अनुभव साझा करेंगे।

### साइबर सहयोग और व्यापारिक अवसरों पर फोकस

सम्मेलन में इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू भी प्रमुख वक्ता होंगे। भारत समेत कई देशों के साथ साइबर सुरक्षा सहयोग, टेक्नोलॉजी साझेदारी और साइबर बिज़नेस संभावनाओं पर चर्चा होगी। साथ ही भारत में साइबर स्टार्टअप्स, निवेश और रिसर्च के नए अवसरों पर भी मंथन होगा।

## दिव्यांगजनों को बनाया आत्मनिर्भर : कश्यप

**अमृत विचार, लखनऊ :** पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि सरकार बीते साढ़े आठ वर्षों से दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर, स्वावलंबी और सम्मानजनक जीवन देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रदेश के 11.5 लाख दिव्यांगजनों को 12 हजार रुपये वार्षिक भरण-पोषण दिया जा रहा है, जो वर्ष 2017 से पूर्व मात्र 300 रुपये प्रतिमाह था। मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने प्रतापगढ़ में आयोजित 'दिव्य कला एवं कौशल प्रदर्शनी' के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में दिव्य कला एवं कौशल प्रदर्शनियों के माध्यम से दिव्यांगजनों को उनके हुनर का मंच दिया जा रहा है।

# हजारों युवाओं को विदेश में रोजगार के अवसर, टेस्टिंग प्रक्रिया जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रमुख सचिव श्रम ने कहा- अब तक 5,978 निर्माण श्रमिक इजरायल भेजे
- 1,336 निर्माण श्रमिकों को इजरायल भेजने की तैयारी 2,600 का लिया जा रहा टेस्ट

**अमृत विचार:** श्रम एवं सेवायोजन विभाग की सक्रियता से अब प्रदेश के युवाओं को न केवल देश में, बल्कि विदेशों में भी सम्मानजनक और सुरक्षित रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। प्रमुख सचिव श्रम एवं सेवायोजन एमके शनमुगा सुंदरम के अनुसार, जनवरी से मार्च 2024 के बीच निर्माण श्रमिकों की टेस्टिंग, प्रशिक्षण और अन्य आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर उन्हें इजरायल भेजने की प्रक्रिया शुरू की गई। अब तक लगभग 5,978 निर्माण श्रमिक इजरायल भेजे जा चुके हैं, जहां वे बेहतर वेतन, सुरक्षित कार्यस्थल और आधुनिक तकनीक के साथ काम कर रहे हैं। वर्तमान में 1,336 निर्माण श्रमिकों को प्रशिक्षण देने के बाद इजराइल भेजने की तैयारी अंतिम चरण में है। इसके अलावा 2,600 श्रमिकों की टेस्टिंग प्रक्रिया जारी है। आवश्यक मानकों पर खरा उतरने वाले इन श्रमिकों को शीघ्र ही विदेश में रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा।

योगी सरकार के प्रयासों का सकारात्मक परिणाम यह है कि श्रम एवं सेवायोजन विभाग को जर्मनी, जापान, इजराइल और यूएई जैसे देशों से भी रोजगार के अवसर प्राप्त हो रहे हैं। इन देशों में विशेष रूप से केयरिंग और नर्सिंग सेक्टर में रिक्तियां सामने आई हैं, जिससे प्रदेश के प्रशिक्षित युवाओं के लिए नए द्वार खुल रहे हैं।

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

## न्यूज ब्रीफ

### पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

**सौरिख।** लंबे समय से फरार चल रहे एक वारंटी भूरे सिंह उर्फ जितेंद्र सिंह पुत्र विश्वनाथ सिंह निवासी काकरकुई नादेमऊ को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक जयंती प्रसाद गंगवार एवं उप निरीक्षक देवी सहाय वर्मा ने देर रात गिरफ्तारी की।

### फेरी वाले को कार ने मारी टक्कर

**सौरिख।** सकरावां निवासी राकेश पुत्र रमेश चंद्र ठेली पर फल बेचता है। रविवार को वह अपनी ठेली पर अमरूद बेच रहा था तभी ऊसराहार से आ रही तेज रफ्तार कार के चालक ने पीछे से टक्कर मार दी। इससे वह रोड के किनारे गिरकर घायल हो गया लेकिन कार सवार मौके का फायदा उठाते हुए वहां से भाग निकला। घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई सूचना पर पहुंचे परिवार के लोग घायल को निजी अस्पताल ले गए।

### अधिवक्ता चुनाव को लेकर हुई बैठक

**कन्नौज।** तहसील सदर परिसर में अधिवक्ता एसोसिएशन कलेक्ट्रेट के वार्षिक चुनाव को लेकर सोमवार को बैठक हुई। इसमें वरिष्ठ अधिवक्ता, सदस्य व संभावित प्रत्याशी शामिल हुए। चुनाव अधिकारी रामदेव शुक्ल ने बताया कि जनवरी में निर्वाचन कराने को लेकर चर्चा व सहमति हुई है। इसको लेकर एक-दो दिन में कार्यक्रम घोषित कर दिया जाएगा।

### कार चालक के विरुद्ध रिपोर्ट

**छिबरामऊ।** आवास विकास कॉलोनी निवासी पवन मिश्रा उर्फ बज्जू का रेस्टोरेंट सौरिख रोड पर खोजीपुर-रम्पुरा के सामने है। दो दिन पहले रात करीब 11 बजे घर लौटते समय पवन को पीछे से कार ने टक्कर मार दी ती, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल पवन की मां समाजवादी पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश सचिव अंजू मिश्रा ने कोतवाली में कार चालक सहित दो अज्ञात युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### तलवार लेकर विद्युत कर्मियों को दौड़ाया

**सौरिख।** बिजली विभाग के संविदा कर्मी बकाया जमा कराने के लिए पहुंचे, तभी एक युवक ने तलवार लेकर उन्हें दौड़ा लिया। खड़नी क्षेत्र के रूर गांव में सोमवार दोपहर संविदा कर्मी पुष्पेंद्र, विपिन, अवधेश बकायेदारों को बकाया शीघ्र जमा करने के लिए कह रहे थे, तभी एक युवक तलवार लेकर निकला और गालीगलौज करते हुए उनकी ओर दौड़ा। गांव वालों ने बीचबचाव कर संविदा कर्मियों को वहां से निकाल दिया। संविदा कर्मियों की तहरीर पर खड़नी पुलिस जांच कर रही है।

---

होटल से खाकर लौटते समय मिरगावां क्रॉसिंग के पास हादसा

# ट्रैक्टर ने बाइक सवार की जान ली, साथी भी घायल

संवाददाता, गुरसहायगंज (कन्नौज)

**अमृत विचार।** जीटी रोड मिरगांवा क्रासिंग के पास ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रुप से घायल हो गये। पुलिस ने उन्हें एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां जांच के दौरान एक युवक को मृत घोषित कर दिया गया। दूसरे को प्राथमिक उपचार देने के बाद गंभीर हालत में कानपुर रेफर किया गया।


आकाश।

गुरसहायगंज के रामगंज मोहल्ला निवासी आकाश (25) पुत्र मुकेश और रजत द्विवेदी (22) पुत्र अखिलेश निवासी तिर्वा रोड गुरसहायगंज रविवार की देर शाम बाइक पर सवार होकर होटल में खाना खाने गए थे। खाना खाने के बाद दोनों बाइक से घर लौट रहे थे। जैसे ही बाइक लेकर मिरगावां क्रासिंग के निकट पहुंचे, उसी समय तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी। इससे दोनों गंभीर रुप से घायल हो गये।

जानकारी पर पहुंची पुलिस ने तत्काल एंबुलेंस को सूचना देकर बुलाया। इस के बाद दोनों को जिला अस्पताल भेजा। जिला अस्पताल में डॉक्टर ने जांच कर आकाश को मृत घोषित कर दिया, जबकि रजत को उपचार देने के बाद गम्भीर हालत में हैलट कानपुर रेफर कर दिया। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि आकाश की मोबाइल की दुकान है। वहीं रजत बीएससी कर के कम्पटीशन की तैयारी कर रहा था। दुर्घटना की सूचना पर परिजन जिला अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने आकाश के शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। सोमवार की कागजी कोरम पूरा करने के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

### लोडर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**तिर्वा।** कोतवाली क्षेत्र में सोमवार देर शाम सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाली क्षेत्र के सीहपुर निवासी अमन (29) पुत्र रामदेव प्राइवेट पशु चिकित्सक के रूप में कार्य करता था। सोमवार की शाम वह बाइक से सुजानसराय होते हुए घर लौट रहा था। डंबरपुर गांव के पास सामने से ट्रीव्हीलर लोडर ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे अमन दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पर परिजनों में चीख-पुकार मच गई। कोतवाल संजय कुमार शुक्ला ने बताया कि पिता रामदेव की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस ने लोडर और चालक को हिरासत में ले लिया है।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

---

# युवाओं से वोटर बनने का किया गया आह्वान

**छिबरामऊ।** ग्राम खोजीपुर के बूथ संख्या 124, 125 और 126 पर विशेष गहन पुनरीक्षण का निरीक्षण करने पहुंची जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य ने युवाओं को मतदान के महत्व की जानकारी दी। कहा कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवा फॉर्म-6 भरकर मतदाता अवश्य बनें। इससे लोकतंत्र की मजबूती में योगदान होगा।

प्रिया ने बताया कि एसआईआर के बाद चुनाव आयोग ने मतदाता सूची में अनुपस्थित, स्थानांतरित या मृत व्यक्तियों के नामों का सत्यापन करने के लिए 'रोलबैक' नामक विशेष अभियान शुरू किया है। रविवार को इसी अभियान के तहत बूथ स्तर अधिकारियों (बीएलओ) ने मतदाता सूचियां पढ़कर सुनाईं। जिन मतदाताओं के नाम छूट गए हैं, वे फॉर्म-6 भरकर अपना नाम सूची में शामिल करा सकते हैं।

उधर, भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष आलोक गुप्ता टिल्लू जेडी जनता इंटर कॉलेज के बूथों पर पहुंचे। बीएलओ ने वहां सूचियां पढ़ीं और मतदाताओं को नाम जुड़वाने, हटाने या संशोधन कराने में सहायता की। नए मतदाताओं के लिए फॉर्म-6 भरवाकर नाम दर्ज कराए गए।

---

# भाइयों की मौत बनी रहस्य जहरीली शराब या कुछ और

गुत्थी उलझी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- मानीमऊ क्षेत्र के सकरीखुर्द गांव के रहने वाले थे दोनों भाई, अभी विसरा की होनी है जांच
- पोस्टमार्टम रिपोर्ट में साफ नहीं हो सकी वजह, कीटनाशक वाले गिलास के उपयोग की चर्चा

**अमृत विचार।** पांच दिन पहले संदिग्ध हालात में हुई दो भाइयों की मौत की गुत्थी अभी सुलझ नहीं सकी है। वैसे तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कुछ पता नहीं चलने पर विसरा सुरक्षित किया गया है, लेकिन कुछ लोग जहरीली शराब तो कई कीटनाशक वाले गिलास को प्रयोग करने की चर्चा कर रहे हैं। हालांकि पुलिस किस स्तर से जांच कराती है यह तो वक्त ही बतायेगा।

15 जनवरी को गांव लीलापुर्वा के निकट खेत में पानी लगाने के बाद सदर कोतवाली क्षेत्र के सकरी खुर्द गांव निवासी भाइयों सत्यम व मयंक की मौत हो गई थी। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराया लेकिन मौत का कारण स्पष्ट नहीं हुआ था। इससे डाक्टर ने विसरा सुरक्षित कर दिया था। वहीं मौत के कारण को लेकर अलग-अलग चर्चा कर रहे हैं। किसी का कहना था कि दोनों भाइयों ने वहां पर पिता के घर जाने के बाद शराब का सेवन किया। इससे उनकी कुछदेर के बाद हालत गंभीर हुई और एक की मौत मौके पर ही तो दूसरे की मौत कानपुर अस्पताल ले जाते समय हुई। यही नहीं कुछ लोगों का कहना है कि दोनों ने शराब पीने के लिये जिस गिलास का प्रयोग किया उसमें कीटनाशक दवा डालकर घोल बनाया गया था। इसीलिये जहर उनके शरीर में पहुंच गया और मौत हो गई। लोगों के बताने के अनुसार पुलिस भी इसी जहरीली गिलास को मौत का कारण मानते हुए जांच कर रही है। खास बात तो यह है कि जो विसरा सुरक्षित किया गया है उसकी जांच पुलिस कब तक कराती है। विसरा को लैब पहुंचेगा और कब तक जांच रिपोर्ट आएगी। संदिग्ध घटना के बाद भी आबकारी विभाग ने यह जानने का प्रयास नहीं किया कि दोनों भाइयों ने जो शराब पी वह कहां से और कितने रुपयों में खरीदी गई।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

---

# नाला निर्माण से जलभराव का होने का खतरा

**छिबरामऊ।** नगर पालिका परिषद की ओर से तालग्राम रोड से बहवलपुर तक चल रहे नाले की खुदाई से स्थानीय निवासियों में चिंता बढ़ गई है, जिसको लेकर भारतीय किसान यूनियन बलराज के युवा प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर सौरव यादव ने उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है।

जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन में कहा गया है कि यह नाला पूरे शहर का गंदा पानी बहवलपुर के तालाब में पहुंचाएगा, जबकि थोड़ी-सी बारिश में ही तालाब का पानी आसपास के घरों में घुस जाता है। नगर पालिका ने बंद नालों का चौड़ीकरण नहीं कराया और पानी निकासी का कोई वैकल्पिक इंतजाम नहीं किया। सौरिख रोड से तिलखोर नदी को कब्जामुक्त नहीं कराया जिससे जल निकासी समस्या का समाधान हो सकता था। बहवलपुर के 4-5 तालाबों की सफाई नहीं हुई। यदि तालग्राम रोड से तुलाराम की चक्की तक नाला बनाकर पानी रामताल में पहुंचाया जाए, जहां पहले से नाले का पानी जाता है, तो गंदे पानी से कोई समस्या नहीं होगी। उन्होंने इस पूरे मामले में उचित कार्यवाही की मांग की है, ताकि कोई समस्या पैदा नहीं हो।

---


विभिन्न कंपनियों में नौकरी पाने वाले इंजीनियरिंग के छात्र। अमृत विचार

# 94 इंजीनियरिंग छात्रों को मिली मनचाही नौकरी

संवाददाता, तिर्वा (कन्नौज)

- 96 छात्रों ने उच्च शिक्षा, सरकारी सेवाओं में जाने को दी प्राथमिकता

**अमृत विचार।** राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में वर्तमान सत्र 2025-26 के अन्तिम वर्ष के इच्छुक छात्रों में सौ प्रतिशत को मनचाही नौकरी मिली है। संस्थान में संचालित चार शाखाओं (सिविल, कम्प्यूटर साइंस, इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रानिक्स इंजीनियरिंग) के अन्तिम वर्ष के कुल 190 विद्यार्थियों में से 94 ने प्लेसमेंट में अपनी रुचि व्यक्त की, जबकि शेष 96 ने उच्च शिक्षा एवं सरकारी सेवाओं में जाने को प्राथमिकता दी।

प्रभारी, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन डॉ. अश्विनी कुमार उपाध्याय ने बताया कि विभाग की टीम ने लगभग 500 कंपनियों से ई-मेल, फोन, लिंक्डइन इत्यादि माध्यमों से संपर्क किया। इनमें से 27 कंपनियों ने ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित कीं। इनमें से 15 कंपनियों ने 217 जॉब ऑफर दिए। इसमें सिविल इंजीनियरिंग से 13, कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग से 38, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग से 19 तथा इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग से 37 विद्यार्थियों का चयन हुआ। विद्यार्थियों को अधिकतम 15 लाख रुपये प्रतिवर्ष एवं औसत पैकेज लगभग 6.0 लाख रुपये प्रतिवर्ष के पैकेज प्राप्त हुए।

संस्थान के निदेशक प्रो. मनोज कुमार शुक्ला ने समस्त चयनित विद्यार्थियों तथा प्रशिक्षण एवं सेवायोजन के प्रभारी, उनकी टीम को बधाई दी है। कहा कि विद्यार्थी प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं, जो कि संस्थान की उत्तम शैक्षणिक गुणवत्ता को दर्शाता है।

---

# बदली व्यवस्थाः परीक्षार्थियों को मिलेंगी वर्टिकल उत्तर पुस्तिकाएं

यूपी बोर्ड

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- 18 फरवरी से शुरू हो रहीं हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाएं
- पहले परीक्षार्थियों को मिलती थी बेड़ी कॉपी, अबकी खड़ी कॉपियों की व्यवस्था की गई

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड परीक्षार्थियों को इस बार वर्टिकल यानि खड़ी या लंबी उत्तरपुस्तिकाएं दी जाएंगी। 18 फरवरी से शुरू हो रहीं हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाओं के लिए कॉपियां आने लगीं हैं। बताया गया है कि पहले छात्र-छात्राओं को बेडी (लैंड स्केप) कॉपी दी जाती थी, अबकी खड़ी उत्तरपुस्तिकाओं की व्यवस्था हुई है।

जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के मुताबिक उत्तरपुस्तिकाओं में दो कवर पेज होंगे, पहले एक ही हुआ करता था। पहले कवर पेज पर परीक्षार्थी अपनी डिटेल भरेगा। दूसरे कवर पेज पर परीक्षक कॉपियों के मूल्यांकन के दौरान नंबरों का ब्योरा देगा। इसके अलावा उत्तरपुस्तिका के सभी पेज पर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपीएमएसपी) का लोगो भी दिखेगा। इससे पता चलेगा कि कॉपी यूपी बोर्ड की ओर से ही भेजी गई है। बताया गया है कि यह बदलाव कई वर्षों के बाद हुआ है। इससे परीक्षा में नकल आदि को लेकर गलत कार्य नहीं हो सकेंगे।

**1.90 लाख 'अ' कॉपियां आईः** जनपद में बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए 1 लाख 90 हजार 'अ' कॉपियां आ गईं हैं। इन्हें शहर के लाला श्याम लाल इंटर कॉलेज के स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखवा दिया गया है। डीआईओएस कार्यालय के अनुसार हाईस्कूल की 01 लाख और इंटरमीडिएट की 90 हजार उत्तरपुस्तिकाएं आ गईं हैं। शेष कॉपियां भी जल्द आ जाएंगी। इसके अलावा अभी 'ब' कॉपियां भी आनी हैं।

### जरूरी तथ्य

- 96 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं
- 25,058 हाईस्कूल के परीक्षार्थी
- 22,447 इंटरमीडिएट के परीक्षार्थी

---

# सरकारी स्कूलों में डिजिटल क्रांति की बिखरेगी सुगंध

संवाददाता, छिबरामऊ (कन्नौज)

- विद्यार्थियों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाया जाएगा

**अमृत विचार।** इत्र नगरी के कई परिषदीय विद्यालयों में अब डिजिटल नवाचार की सुगंध महक रही है। सरकारी स्कूलों में कोडिंग और कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर काम चल रहा है। मिशन कायाकल्प के बाद बेसिक शिक्षा विभाग अब बच्चों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने पर जोर दे रहा है।

राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त शशिकांत शुक्ल ने बताया कि 'कोडअप' अभियान के तहत उच्च प्राथमिक, कंपोजिट, पीएम श्री और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में विद्यार्थियों को कंप्यूटर चलाने के साथ-साथ कोडिंग भी सिखाई जा रही है। उद्देश्य है कि गांव के बच्चे भी तकनीकी सीख सकें। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) लखनऊ और आईआईटी कानपुर के संयुक्त आयोजन में कानपुर में हुए प्रशिक्षण ने इस प्रयास को गति दी है। नवाचार दूत (शिक्षक) अब स्कूलों में 10-10 बच्चों के विशेष दलों का गठन कर रहे हैं, जिन्हें 'उत्तर प्रदेश के युवा कोडर' कहा जाएगा। ये दल अपनी समस्याओं के समाधान के लिए स्वयं ऐप और सॉफ्टवेयर परियोजनाएं विकसित करेंगे। शिक्षक शशिकांत शुक्ल का कहना है कि बच्चे ब्लॉक- आधारित कोडिंग से खेल और चित्रण बनाना सीख रहे हैं, जबकि पायथन जैसी भाषाओं से वैश्विक सॉफ्टवेयर उद्योग के लिए तैयार हो रहे हैं। पाठ्यपुस्तकों में क्यूआर कोड से विश्वस्तरीय डिजिटल सामग्री एक स्कैन दूर है। साइबर सुरक्षा का प्रशिक्षण देकर इंटरनेट का सुरक्षित उपयोग सिखाया जा रहा है।

---

# छत पर धूप ले रहे अधेड़ की नीचे गिरने से गई जान

**कन्नौज।** तालग्राम के गांधी नगर में मकान की छत पर बैठ कर धूप ले रहा अधेड नीचे आ गिरा, जिससे वह बेहोश हो गया। परिजन अस्पताल ले गए, जहां मृत घोषित कर दिया गया।

गांधी नगर निवासी भूरा (52) पुत्र सनाउल्ला सोमवार दोपहर धूप निकलने पर मकान की छत पर बैठ कर धूप ले रहा था। मकान की छत पर रेलिंग ने होने से वह घर के बाहर सड़क पर आ गिरा। सिर के बल गिरने के उसके गंभीर चोट आ गई। परिजन उसे गंभीर हालत में लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां मौजूद डाक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन पुलिस को सूचना न देकर शव घर ले गये और पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। मृतक की पत्नी रुकसाना के अलावा तीन पुत्री व एक पुत्र है।

---

# सोनू हत्याकांड की निष्पक्ष जांच मांगी

संवाददाता, छिबरामऊ (कन्नौज)

- ज्ञापन देने छिबरामऊ तहसील पहुंचे निषाद पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता

**अमृत विचार।** निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल निषाद पार्टी की ओर से मेरठ के सरधना क्षेत्र में मछुआ समाज के युवक सोनू कश्यप की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई हत्या की निष्पक्ष जांच और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की गई है।

जिलाध्यक्ष अनूप कश्यप ने ज्ञापन के माध्यम से आरोप लगाया कि प्रशासन द्वारा प्रारंभिक स्तर पर मामले की लीपापोती की कोशिश की गई, जिससे समाज में रोष है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मत्स्य मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद को मेरठ जाते समय गाजियाबाद की सीमा पर रोका जाना उनके संवैधानिक अधिकारों का हनन है, जबकि उसी समय अन्य राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधियों को पीड़ित परिवार से मिलने की अनुमति दी गई।

यह प्रशासन की पक्षपातपूर्ण मंशा दर्शाता है और सरकार की छवि धूमिल करता है। निषाद पार्टी ने निष्पक्ष कार्रवाई को लेकर मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की अपील की है। इस दौरान दिलीप कुमार कश्यप, विकास कश्यप, वीरेंद्र कुमार कश्यप, राम रतन कश्यप, शकुंतला देवी सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

# तकनीक का प्रयोग समय की जरूरत

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के प्रशिक्षण का जिला कार्यक्रम अधिकारी ने किया शुभारंभ
- शिक्षण में तकनीक के प्रभावी उपयोग और नवाचार पर आधारित शिक्षा पर जोर

**अमृत विचार।** शालापूर्व शिक्षा के क्षेत्र में खेल एवं गतिविधि आधारित शिक्षण पद्धतियों के साथ-साथ आधुनिक तकनीकों का प्रयोग समय की जरूरत है। इससे आंगनवाड़ी केंद्रों पर शैक्षिक गतिविधियों का सुचारू रूप से संचालन होगा। बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जा सकेगी। डिजिटल सामग्री के माध्यम से शिक्षण प्रक्रिया को और अधिक सशक्त बनाया जा सकेगा।

यह बात जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश वर्मा ने कही। सोमवार को वह विकास भवन सभागार में रॉकेट लर्निंग संस्था की ओर से आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के प्रशिक्षण में बोल रहे थे। इससे पहले उन्होंने कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर किया। आगे कहा कि संस्था के प्रयास सराहनीय हैं। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के प्रशिक्षण, शिक्षण में तकनीक के प्रभावी उपयोग तथा नवाचार आधारित शिक्षण विधियों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर संस्था के प्रतिनिधि दीपक कौशल, अमित शर्मा, हृतिक शर्मा, मयंक कुमार एवं बृजेंद्र अग्निहोत्री उपस्थित रहे। संस्था के जिला समन्वयक अमित कुमार ने सभी उपस्थितजनों का आभार जताया।


मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करते जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश वर्मा।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

---

प्रधानमंत्री आवास योजना — तिर्वा में 4, सौरिख और समधन में 11-11 लाभार्थियों को आवास के लिए एक-एक लाख रुपये मिले

# सरकारी लाभ दिलाने में कंजूसी दिखा रहे अफसर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** सरकार जरूरतमंदों के लिए योजनाएं तो खूब चला रही है लेकिन कुछ अफसरों की लापरवाही के चलते उनका लाभ सभी पात्रों तक नहीं पहुंच पा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना- शहरी 2.0 के तहत भले ही जनपद के 1425 लाभार्थियों के बैंक खातों में 18 जनवरी को 01-01 लाख रुपये की पहली किस्त दी गई है। इसमें नगर पंचायत तिर्वा इलाके के सबसे कम 04, सौरिख व समधन के 11-11 ही लाभार्थियों को शामिल किया गया है।

बताया जा रहा है कि जरूरतमंदों को लाभ देने में कन्नौज नगर पालिका परिषद अव्वल है। इस क्षेत्र के सबसे अधिक 896 लाभार्थियों को पहली किस्त एक-एक लाख रुपये भेज दी गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में कार्यक्रम की शुरुआत की जिसमें जनपद के 1425 लाभार्थियों को कुल 14 करोड़ 25 लाख रुपये खातों में भेजे गए हैं। उत्तर प्रदेश के 02 लाख लाभार्थियों को एक-एक लाख रुपये दिए गए हैं।


तिर्वा नगर पंचायत में वर्ष 2023-24 में बना प्रधानमंत्री शहरी आवास। अमृत विचार

सभी नगर निकाय क्षेत्रों में भारी संख्या में प्रधानमंत्री आवास के लिए ऑनलाइन आवेदन किए गए। उसके बाद इसकी जांच नगर निकाय व राजस्व विभाग की ओर से हुई। बाद में डूडा ने भी इस पर सहमति देकर सूची को फाइनल किया। कहा जा रहा है कि कुछ नगर निकायों की ओर से जरूरतमंदों को लाभ दिलाने के लिए कंजूसी बरती जा रही है इस वजह से लाभार्थियों की संख्या महज दहाई के आसपास ही है। तिर्वा में तो आंकड़े सवाल खड़े करने वाले हैं। खास बात यह है कि तिर्वा विधानसभा क्षेत्र में ही सौरिख इलाके का कुछ हिस्सा आता है। इलाके के विधायक सत्ता पक्ष यानि भाजपा के हैं। उसके बाद भी यह हाल है।

वर्ष 2025-26 के तहत वित्तीय वर्ष में करीब 10 महीने बाद पहली किस्त दी गई है। इस बाबत जब प्रभारी पीओ डूडा नवनीता राय से बात करनी चाही तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं की। सीयूजी नंबर पर भी संपर्क नहीं हो सका।

**लाभ दिलाकर वोट पक्के कर रहे चेयरमैनः** चर्चा है कि योजनाएं तो भारत सरकार व प्रदेश सरकार चला रही है लेकिन इन कल्याणकारी योजनाओं से जरूरतमंदों को लाभ दिलाकर संबंधित निकायों के चेयरमैन व सभासद आगामी चुनावों के लिए वोट पक्के कर रहे हैं। इस मामले में बात अगर नगर पंचायत की हो तो सबसे अधिक लाभार्थी सिकंदरपुर में 177 हैं। तालग्राम का भी काम संतोषजनक है। यहां 65 परिवारों को आवास मिले हैं।

जबकि अन्य तीन नगर पंचायतों तिर्वा, समधन व सौरिख का काम फिसड्डी है। कारण कुछ भी हों लेकिन आगामी चुनावों के लिए इन निकायों के लिए कम संख्या सिरदर्द साबित हो सकता है। एक आवास के लिए 2.50 लाख रुपये की मदद सरकार देती है।

### इस तरह मिला पहली किस्त का लाभ

| नगर निकाय | लाभार्थी |
|---|---|
| कन्नौज | 896 |
| छिबरामऊ | 193 |
| गुरसहायगंज | 68 |
| सिकंदरपुर | 177 |
| तालग्राम | 65 |
| समधन | 11 |
| सौरिख | 11 |
| तिर्वागंज | 04 |

## न्यूज ब्रीफ

### चारा मशीन से कटीं बालिका की उंगलियां

**फर्रुखाबाद।** सोमवार को 11 वर्षीय मोहिनी पुत्री सतीशचंद्र निवासी गांव पुरौरी की चारा मशीन से उंगलियां कट गईं, उसे लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मोहिनी के ताऊ सुरेश चंद्र ने बताया कि सोमवार को मोहिनी बच्चों के साथ खेल रही थी। इसी दौरान एक बच्चे ने चारा मशीन चला दी। खेलते समय मोहिनी मशीन के ऊपर गिर गई, जिससे उसके हाथ की उंगलियां कट गईं।

### दो ने खाया जहर अस्पताल में भर्ती

**कायमगंज।** कोतवाली क्षेत्र के गांव ममापुर निवासी अंजू (20) पत्नी नन्हू और ज्योना गांव के ललित (35) ने संदिग्ध हालत में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। दोनों की तबीयत बिगड़ने पर परिजनों ने गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने युवक की गंभीर हालत को देखते हुए लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### घर की छत से गिरकर महिला गंभीर घायल

**कायमगंज।** कोतवाली क्षेत्र के गांव मुबारिक नगर निवासी वर्षा (25) पत्नी आलोक कुमार छत पर गई थी तभी अचानक उसका पैर फिसलने से वह नीचे जमीन पर गिर गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। आवाज सुनकर परिजन दौडे और गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने हालत गंभीर देखते हुए लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया।

### विधायक ने देखा उपकेंद्र का निर्माण

**फर्रुखाबाद।** सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने जसमई तिराहे पर निर्माणाधीन विद्युत उपकेंद्र का निरीक्षण किया। यहां पहले चरण में मोटर रूम का निर्माण हो रहा है, जो मार्च तक पूर्ण कर दिया जाएगा। उपकेंद्र में अप्रैल तक ट्रांसफार्मर उपलब्ध होने पर गर्मी में जनता को बिजली की समस्या से राहत मिलेगी। उन्होंने अभियंता अजय कुमार और एसडीओ रविंद्र बृजभान को आवश्यक निर्देश दिए।

### सर्दी में रेलवे स्टेशन पर बांटे गए कंबल

**फर्रुखाबाद।** कड़ाके की ठंड के बीच इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के कंबल वितरण में जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी रेलवे स्टेशन पहुंचे और जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए। उन्होंने कहा कि ठंड के मौसम में गरीब और निराश्रित लोगों की मदद करना प्रशासन और समाज दोनों की जिम्मेदारी है। उन्होंने रेड क्रॉस सोसाइटी के प्रयासों की सराहना की। यहां अपर जिला जज संजय कुमार, इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के वाइस चेयरमैन शीश मेहरोत्रा सहित पदाधिकारी मौजूद रहे।

# रेलवे रोड पर रार जारी धरने पर बैठे व्यापारी

## सड़क की चौड़ाई को लेकर व्यापारियों में दिख रही नाराजगी

संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** रेलवे रोड के निर्माण को लेकर व्यापारियों में शुरू हुआ आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को सड़क की चौड़ाई को लेकर व्यापारियों ने धरना शुरू कर दिया और नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। व्यापारी नेताओं ने मानक के अनुसार ही सड़क बनाने की मांग उठाई।

महिला व्यापार मंडल की जिलाध्यक्ष सोनी शुक्ला ने सोमवार दोपहर से चौक बाजार में रेलवे रोड का निर्माण कार्य शुरू कराने के लिए धरना शुरू कर दिया। व्यापारियों का आरोप है कि रेलवे रोड का निर्माण मानक के अनुसार नहीं हो रहा है। उन्होंने धरना स्थल पर 'मानक बताओ-रोड बनाओ' लिखा एक बैनर भी लगाया। महिला व्यापार मंडल की अध्यक्ष सोनी शुक्ला के साथ व्यापारी नेता अंकुर श्रीवास्तव, सौरभ शुक्ला, संडे व्यापार मंडल के अध्यक्ष नितिन गुप्ता, केशव पांडेय, मुन्ना भाई, रामू कश्यप, श्यामू शर्मा, आशु भारद्वाज, निहाल मोहक अग्रवाल आदि व्यापारी धरने पर बैठे।



सड़क निर्माण को लेकर धरने पर बैठे व्यापारी। अमृत विचार

- नगर पालिका परिषद प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी
- मानक के अनुसार ही सड़क बनाने की उठाई गई आवाज

खास बात यह है कि कुछ व्यापारी नेता नगर पालिका अध्यक्ष वत्सला अग्रवाल और उनके पति पूर्व एमएलसी मनोज अग्रवाल के समर्थन में हैं तो कुछ व्यापारी नेता विरोध में मुहिम चला रहे हैं। इसी रस्साकशी के चलते व्यापारी दो गुटों में बंटे नजर आए। गुटबाजी के चलते धरना स्थल पर जिलाध्यक्ष सदानंद शुक्ला और उनकी कमेटी के अन्य पदाधिकारी धरने पर नहीं पहुंचे, जबकि धरना स्थल के चंद कदम दूर ही जिलाध्यक्ष सदानंद शुक्ला का प्रतिष्ठान है।

महिला जिलाध्यक्ष सोनी शुक्ला ने मीडिया को बताया कि फिलहाल धरना देकर आंदोलन की शुरुआत की गई है। जरूरत पड़ने पर आमरण अनशन शुरू किया जाएगा। जब तक मानक के अनुसार सडक़ नहीं बनाई जाएगी, तब तक धरना खत्म नहीं किया जाएगा। मालूम हो कि रविवार की रात पूर्व एमएलसी एवं पूर्व पालिका अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने एक बैठक आयोजित की थी, जिसमें जिलाध्यक्ष सदानंद शुक्ला एवं फेडरेशन व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष मनोज मिश्रा आदि व्यापारी शामिल हुए थे।

## ईश्वर और आनंद दोनों पर्यायवाची

**छिबरामऊ (कन्नौज)।** बजरिया के गेस्ट हाउस चल रहे कार्यक्रम में कृपालु जी महाराज (प्रेम मंदिर, वृंदावन) की प्रचारिका सुश्री डॉ. हरीश्वरी देवी जी ने द्वितीय दिवस कहा कि विश्व का प्रत्येक जीव ईश्वर का अंश है और ईश्वर एवं आनंद दोनों पर्यायवाची शब्द हैं।

उन्होंने कहा, ईश्वर का ही दूसरा नाम आनंद है। हम आनंद के अंश हैं इसलिए आनंद चाहते हैं। जो आनंद हम चाहते हैं वह अनंत मात्रा का होता है, अनंत काल के लिए होता है। प्रतिक्षण वर्तमान होता है, नित्य नवायमान होता है। वह दिव्यानंद ऐसा होता है कि एक बार मिल जाने पर अनंत काल के लिए मिला रहता है। उसका कभी अभाव नहीं होता। उसके ऊपर दुःख अनंतकाल तक अपना अधिकार नहीं कर सकता लेकिन संसार में तो अनादिकाल से अब तक ऐसा सुख नहीं मिला।

उन्होंने कहा कि संसार में हमें जो सुख मिलता है, वह तो क्षणिक मन का सुख है, आत्मा का सुख नहीं है। आत्मा का सुख हमारे अंश परमात्मा में ही मिलेगा। कार्यक्रम के आयोजक नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष राजीव दुबे एवं अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल (महिला) की प्रदेश उपाध्यक्ष शोभा दुबे ने बताया कि यह धार्मिक अनुष्ठान 26 जनवरी तक प्रतिदिन सायं 4:30 से 7:30 बजे तक आयोजित होगा।

# फर्रुखाबाद का नाम बदलने के लिए हस्ताक्षर अभियान शुरू



पाण्डवेश्वरनाथ मंदिर में हस्ताक्षर अभियान के लिए लगाया गया शिविर। अमृत विचार

संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** कई वर्षों से फर्रुखाबाद का नाम बदलने की आवाजें उठ रही थीं, अब इस आवाज को दम देने के लिए हिंदू समाज पार्टी ने सोमवार शाम वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ ऐतिहासिक पाण्डवेश्वरनाथ मंदिर से हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया है।

अभियान के तहत मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं से बैनर पर हस्ताक्षर करने का आग्रह किया जा रहा है। हस्ताक्षर करने वालों को एक पत्र भी दिया जा रहा है, जिसमें नाम बदलने की आवश्यकता के बारे में जानकारी दी गई है। पार्टी का कहना है कि फर्रुखाबाद नाम 'गुलामी का प्रतीक' है और इसे ऐतिहासिक 'पांचाल नगर' में बदला जाना चाहिए। इस दौरान दीवार पर लगाए गए पोस्टर में लिखा है, हिंदू समाज पार्टी द्वारा चलाए जा रहे अभियान का हिस्सा बनें। गुलामी का प्रतीक नाम फर्रुखाबाद को बदलकर ऐतिहासिक नाम पांचाल नगर कराने के लिए हस्ताक्षर अवश्य करें।

- वैदिक मंत्रों के साथ पाण्डवेश्वरनाथ मंदिर से हुआ शुभारंभ

इस हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। राजेश भवानी ने अभियान की शुरुआत की, जबकि आचार्य प्रदीप नारायण ने वैदिक मंत्र पढ़े। हिंदू समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अंकित तिवारी ने कहा कि फर्रुखाबाद का नाम यहां के पौराणिक और ऐतिहासिक महत्व के अनुसार 'पांचाल नगर' होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि पार्टी इस अभियान के माध्यम से 'गुलामी के प्रतीक' नाम को बदलवाने का पूरा प्रयास करेगी। जिलाध्यक्ष आशीष गुप्ता, रोहन कश्यप, दिलीप शर्मा, शशिकांत पाराशर, सोहन शुक्ला, आदित्य मिश्रा, कौशल गुप्ता, सौरभ शाक्य, प्रिंस पाठक, आलोक मिश्रा, दीपक मिश्रा, विनय कटियार, शिवम बाजपेई आदि मौजूद रहे।

# वसंत पंचमी की शाम दो मिनट होगा ब्लैकआउट

संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में आगामी 23 जनवरी वसंत पंचमी के पर्व को प्रस्तावित नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल की तैयारियों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि 23 जनवरी को सायं 6 बजे से दो मिनट के लिए ब्लैकआउट किया जाएगा। ब्लैकआउट के दौरान चिन्हित क्षेत्रों में सभी लाइटें बंद रहेंगी, वाहनों का संचालन नहीं होगा तथा चल रहे वाहनों की लाइटें भी बंद रखी जाएंगी। इसके उपरांत अग्निशमन कार्यालय परिसर में हवाई हमले जैसी आपात स्थिति को ध्यान में रखते हुए आग बुझाने, घायलों को सुरक्षित निकालने तथा उन्हें अस्पताल पहुंचाने की मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मी शाम पांच बजे अग्निशमन केंद्र पर एकत्र होंगे।

- जिलाधिकारी ने नागरिक सुरक्षा मॉकड्रिल की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जनपद की आपातकालीन रिस्पॉन्स टीम को पूर्ण रूप से क्रियाशील रखा जाए। सभी महत्वपूर्ण स्थानों का चिन्हांकन सुनिश्चित किया जाए। सभी अस्पतालों, अग्निशमन केंद्रों एवं फायर हाइड्रेंट्स को चिन्हित किया जाए। नगर क्षेत्र में लगे सभी पब्लिक एड्रेस सिस्टम को क्रियाशील किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि एनसीसी, एनएसएस, नेहरू युवा केंद्र तथा स्काउट-गाइड के माध्यम से स्कूल एवं कॉलेजों में छात्रों को आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने का प्रशिक्षण दिया जाए। साथ ही ब्लैकआउट के दौरान सावधानियां बरतने के बारे में जनता को जागरूक किया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़ आदि अधिकारी रहे।

# चाइनीज मांझे के खिलाफ उठी आवाज





चाइनीज मांझा के खिलाफ जागरूकता रैली रवाना करते डीएम आशुतोष कुमार द्विवेदी। अमृत विचार

संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** चाइनीज मांझे से होने वाले हादसों और जनहानि को रोकने के उद्देश्य से इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी फर्रुखाबाद के तत्वावधान में सोमवार को जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कलेक्ट्रेट परिसर से आयोजित इस रैली को जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली के माध्यम से आमजन को चाइनीज मांझे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया और इसके प्रयोग से दूर रहने की अपील की गई।

जिलाधिकारी ने इस अवसर पर कहा कि चाइनीज मांझा न केवल मानव जीवन के लिए घातक है, बल्कि पशु-पक्षियों के लिए भी गंभीर खतरा पैदा करता है। पतंगबाजी के दौरान इस घातक मांझे से आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं, जिनमें कई लोग गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं और कुछ की जान भी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा चाइनीज मांझे पर प्रतिबंध लगाया गया है और इसको बेचना अपराध की श्रेणी में आता है।

रैली कलेक्ट्रेट परिसर से निकलकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए आगे बढ़ी। हाथों में बैनर और तख्तियां लिए रेडक्रॉस सोसायटी के पदाधिकारी, स्वयंसेवक, एनसीसी, भारत विकास परिषद एवं व्यापार मंडल सहित आमजनमानस चाइनीज मांझा के घातक परिणामों से जागरूक करते नजर आए। रैली में शामिल लोगों ने दुकानदारों से भी अपील की कि वे प्रतिबंधित चाइनीज मांझे की बिक्री न करें।

# जहरीले दाने से राष्ट्रीय पक्षी की मौत, कई बेहोश

संवाददाता, तिर्वा (कन्नौज)

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ललकिया पुरवा में जहरीला दाना खाने से राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत हो गई जबकि छह से अधिक बेहोश हो गए। ग्रामीणों ने मामले में वन विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

कोतवाली क्षेत्र के ललकिया पुरवा (जटियापुर) गांव में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक बगिया में सात से अधिक राष्ट्रीय पक्षी मोर मूर्च्छित अवस्था में पड़े मिले। जानकारी पर ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर एकत्र हो गई। ग्रामीण गोपी ने बिना समय गंवाए सभी मोरों को उठाकर कस्बा स्थित पशु चिकित्सालय पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान एक मोर की मौत हो गई, जबकि बाकी मोरों को उपचार दिया गया।

ग्रामीणों का आरोप है कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बगिया में जहरीला पदार्थ मिला दाना रख दिया गया, जिसे खाने के बाद मोर बेहोश हो गए। घटना से ग्रामीणों में आक्रोश हो गया है। ग्रामीणों ने इस गंभीर मामले में वन विभाग पर घोर लापरवाही का आरोप लगाते हुए घटना से संबंधित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि यह पहली घटना नहीं है। करीब तीन वर्ष पूर्व भी इसी गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में तीन मोरों की मौत हो चुकी है। उस समय भी वन विभाग को सूचना दी गई थी, लेकिन न तो कोई ठोस जांच की गई और न ही दोषियों के खिलाफ कोई कार्रवाई हुई। ग्रामीणों ने मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए। संदिग्ध स्थान के साथ ही नशीले या जहरीले पदार्थ की लैब जांच हो और मोरों को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। वन विभाग से भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की भी मांग की गई है।

- ग्रामीणों ने वन विभाग पर लगाया लापरवाही बरतने का आरोप





पत्रकारों से वार्ता करते भारतीय व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारी। अमृत विचार

# कैंप में होगा बैंकिंग समस्याओं का हल

संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल शीघ्र ही बैंक संबंधी समस्याओं को लेकर व्यापारियों के बीच जाएगा और उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए अलग-अलग स्थान पर जागरूकता कैंपों का आयोजन करेगा। जीएसटी के संबंध में भी जागरूकता पैदा करेगा।रेलवे रोड को लेकर संगठन की आगामी बैठक में निर्णय लिया जाएगा।

यह बात भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश संगठन मंत्री मुकेश गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष प्रमोद गुप्ता , जिला चेयरमैन सुभाष अग्रवाल ने नुनहाई कटरा स्थित कालेश्वर नाथ मंदिर प्रांगण में आयोजित संयुक्त प्रेस वार्ता में कही। इस अवसर पर वरिष्ठ व्यापारी अनिल वाजपेई को संगठन का जिला प्रभारी नियुक्त किया गया वह नियुक्त पत्र दिया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष प्रमोद गुप्ता ने पूछने पर कहा कि रेलवे रोड के मसले पर वे संगठन की आपात बैठक बुलाएंगे और रणनीत पर ठोस निर्णय लेंगे। प्रदेश संगठन मंत्री मुकेश गुप्ता ने कहा कि वह संगठन के माध्यम से बैंकिंग संबंधी समस्याओं से व्यापारियों को निजात दिलाने के लिए कैंपों का आयोजन करके व्यापारियों तक लाभकारी योजनाओं को पहचाने और व्यापारियों की समस्याओं का समाधान करने का काम करेंगे। जिला चेयर मैन सुभाष अग्रवाल ने कहा कि 21 जनवरी को गंगा घाट पर सामूहिक भोज का आयोजन कराया जा रहा है जिसमें आगामी रणनीति बनाई जा सकती है। जिला प्रभारी अनिल बाजपेई ने कहा कि दायित्व का निर्वाह करने के लिए प्रतिबद्ध हैं । मौके पर जिला महामंत्री आनंद मोहन वर्मा, युवा प्रदेश मंत्री सुशील अग्रवाल, प्रदेश मंत्री राजीव अग्रवाल, श्रवण बाजपेई आदि मौजूद रहे।

- कैंप आयोजन के लिए अनिल बाजपेई को प्रभारी बनाया

# चेकिंग के दौरान 4 ओवरलोड ट्रक पकड़े गए

संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** सड़क सुरक्षा माह के तहत सोमवार को एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत ने राजपूताना पब्लिक स्कूल में स्कूल वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।

चालकों को विद्यालय वाहन धीमी गति से चलाने, सीट बेल्ट का प्रयोग करने, प्रेशर हार्न व मल्टी टोन्ड हार्न का प्रयोग न करने, वाहन के समस्त प्रपत्र वैध होने पर ही वाहन चलाने, छात्रों एवं अभिभावकों से मृदु व्यवहार करने तथा स्कूली वाहन की स्वच्छता का ध्यान रखने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर विद्यालय के कर्मचारियों तथा चालक/परिचालकों ने उपस्थित रहकर यातायात नियमों का पालन करने की शपथ ली कि वे सडक़ पर चलते समय यातायात नियमों का पालन करेंगे, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग करेंगे तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर प्रधानाचार्य श्री हृदयेश भी उपस्थित रहे। एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत ने स्कूल बसों का निरीक्षण किया। एक बस को नोटिस जारी किया। बिना परमिट संचालन पर एक स्कूल बस सीज की। चार ओवरलोड ट्रक सीज कर 1.09 लाख रुपये का जुर्माना किया। एक बिना परमिट ट्रक को सीज कर 41 हजार का जुर्माना लगाया गया।



स्कूल वाहन चालकों को जागरूक करते एआरटीओ सुभाष राजपूत। अमृत विचार

- स्कूल वाहन चालकों को दिलाई गई सड़क सुरक्षा की शपथ

# जर्जर खुबरियापुर रोड का निर्माण शुरू

**छिबरामऊ।** लोक निर्माण विभाग ने वर्षों से जर्जर खुबरियापुर रोड का निर्माण शुरू कर दिया है। विभाग से 200 मीटर लंबी और 3 मीटर चौड़ी सीमेंट कंक्रीट (सीसी) रोड के निर्माण को मंजूरी प्राप्त हो चुकी है। इस सड़क की खराब स्थिति के कारण स्थानीय निवासियों, छात्र-छात्राओं और मरीजों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था।

इस मार्ग पर प्रमुख चिकित्सा तथा शिक्षण संस्थान स्थित हैं। मरीजों को इलाज के लिए और छात्रों को स्कूल पहुंचने में बाधाएं आ रही थीं। साथ ही, आसपास के कई गांव इससे जुड़े होने से किसानों को अपनी उपज मंडी तक ले जाने में असुविधा हो रही थी। विशेष रूप से बरसात के समय जलभराव से सड़क की हालत और खराब हो जाती थी। अब सड़क के साथ-साथ दोनों ओर नालियों का निर्माण भी किया जाएगा, जिससे जल निकासी की समस्या का स्थायी हल हो सकेगा। निर्माण कार्य की जिम्मेदारी संभाल रहे अमित कुमार ने बताया कि सड़क का कार्य शीघ्र पूरा हो जाएगा, उसके बाद नालियों का निर्माण प्रारंभ होगा।

# दोबारा प्लाट बेचने पर जांच के दिए आदेश

संवाददाता, तिर्वा (कन्नौज)

**अमृत विचार।** पिता ने प्लाट बेंच दिया। खरीदार ने कब्जा भी ले लिया। इसके बाद इसी प्लाट को विक्रेता के बेटे ने 21 साल बाद दूसरे को बेंच डाला। पीड़ित की शिकायत प उप जिलाधिकारी ने प्रकरण की जांच के दिए आदेश।

थाना ठठिया के ग्राम दुर्गेशपुर निवासी रामेश्वर दयाल पुत्र जालिम ने उप जिलाधिकारी राजेश कुमार मौर्य को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसने वर्ष 2004 में थाना तिर्वा के ग्राम मनीपुरवा में रामप्रसाद पुत्र देशराज से डेढ़ हजार वर्ग फीट का प्लाट खरीदा था। इसमें रामप्रसाद का पुत्र पूरनलाल गवाह है। उसी समय उसने उक्त प्लाट में नींव भी भरवाकर कब्जा ले लिया था। विगत चार माह पूर्व इसी प्लाट को पूरन लाल ने फर्जी तरह से सुधा देवी पत्नी वीर सिंह तथा ममता देवी पत्नी अमित कुमार निवासी दौली खाती तिर्वा को बेंच दिया दिया।

जब वह प्लाट को देखने गया तो उस पर निर्माण कार्य कराया जा रहा था। उसने विरोध किया तो वह लोग झगड़े पर आमादा हो गए । उपजिलाधिकारी ने उक्त प्रकरण में राजस्व निरीक्षक तथा पुलिस को जांच पड़ताल करने का आदेश दिया है।

**काव्य गोष्ठी** — हेमवती नंदन बहुगुणा स्मृति समिति की ओर से सम्मान समारोह आयोजित

# काव्य रस की फुहार में गूंजती रहीं तालियां

संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय हेमवती नंदन बहुगुणा स्मृति समिति की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में कवियों को सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम प्रख्यात समाजसेवी रहे स्वर्गीय चंद्र प्रकाश अग्रवाल 'पिक्कू बाबू' की स्मृति को समर्पित रहा।

कार्यक्रम का आयोजन स्टेट बैंक रोड स्थित एक सभा भवन में किया गया। समारोह की मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सौभाग्यवती राजपूत रहीं, जबकि हेमवती नंदन बहुगुणा स्मृति समिति के अध्यक्ष आदेश तिवारी ने मुख्य रूप से सहभागिता की। दोनों अतिथियों द्वारा कवियों को शाल ओढ़ाकर एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्वागताध्यक्ष सूर्य प्रकाश भारद्वाज एवं उपाध्यक्ष संजीव अग्निहोत्री ने कवियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. कृष्णकांत त्रिपाठी 'अक्षर' ने की, जबकि कार्यक्रम का संचालन वैभव सोमवंशी ने किया।



कवयित्री स्मृति अग्निहोत्री को सम्मानित करते आदेश तिवारी। अमृत विचार

कार्यक्रम की संयोजक प्रीति तिवारी ने कवियों और अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। सम्मेलन में डॉ. राजेश हजेला, दिनेश अवस्थी, उपकार मणि सहित अन्य कवियों ने काव्य पाठ किया, जिसे श्रोताओं ने तालियों की गडग़ड़ाहट के साथ सराहा। इस अवसर पर प्रमोद गुप्ता, डॉ. विनोद तिवारी, सुमन राठौर, मीरा सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

न्यूज ब्रीफ

### छात्र प्रांशु का गणतंत्र दिवस की परेड के लिए हुआ चयन

इटावा। केके. कॉलेज के बीए द्वितीय सेमेस्टर के एनसीसी छात्र प्रांशु का गणतंत्र दिवस परेड के लिए चयन हुआ। उन्होंने गणतंत्र दिवस परेड में चयनित होकर केवल अपने महाविद्यालय ही नहीं बल्कि पूरे इटावा जनपद का नाम रोशन किया है। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. महेंद्र सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि प्रांशु का चयन गणतंत्र दिवस 2026 के अवसर पर दिल्ली में आयोजित होने वाली प्रतिष्ठित गणतंत्र दिवस परेड के लिए हुआ है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष सतेंद्र कुमार वर्मा, मंत्री ओंकारनाथ वर्मा, मुख्य अनुशासन अधिकारी प्रो. शिवराज सिंह यादव, प्रो. ओमकुमारी सहित शिक्षकों व कर्मचारियों ने छात्र को बधाई दी है।



परेड के लिए चयनित छात्र प्रांशु।

### महेश बने अध्यक्ष

इटावा। सेंट्रल बैंक स्टाफ एसोसिएशन क्षेत्रीय इकाई इटावा की त्रिवार्षिक आमसभा होटल लीला पैलेस में संपन्न हुई। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में यूपी बैंक एम्पलाइज यूनियन इटावा के जिला मंत्री कॉ. राजीव सिंह एवं संयुक्त सचिव कॉ. शशांक शर्मा उपस्थित रहे। चुनाव में कॉ.दिनेश चंद्र दीक्षित को चेयरमैन कॉ. महेश सिंह भदौरिया को अध्यक्ष कॉ. विनोद कुमार, कॉ. सुनील सिंह को उपाध्यक्ष कॉ. जय दीप सिंह क्षेत्रीय सचिव कॉ. मनोज राठौर संयुक्त सचिव कॉ. तान्या मित्तल, कॉ. अश्विनी चतुर्वेदी, कॉ. राजीव कुमार, कॉ. मयंक गुप्ता सहायक सचिव कॉ. मुकुल दिलेरी कोषाध्यक्ष कॉ. मनोज कुमार सहायक कोषाध्यक्ष कॉ. श्रेया जैन महिला संयोजक व ऑडिटर कॉ. आशुतोष मिश्रा को चुना गया।

### मारपीट कर घायल किया, रिपोर्ट दर्ज

भरथना। क्षेत्र अंतर्गत रौरा गांव निवासी हेमंत सिंह ने पुलिस को तहरीर दी कि रविवार को गांव के ही रामशरन ने आकर कहा कि मेरे साथ मेरे घर चलो मेरा पुत्र अपनी पत्नी के साथ मारपीट कर रहा है, बीच बचाव करा दो। मैं उसके साथ जैसे ही उसके घर में दाखिल हुआ वैसे ही रामशरन, अंकित, विपिन व कुसुमा पत्नी रामशरन ने मिलकर उसे पीटना शुरू कर दिया। मारपीट के दौरान आरोपियों ने चेहरे व हाथ में दांत से काट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### मानेसर से लौट रहे युवक की हादसे में मौत

बकेवर। दिल्ली के मानेसर से बाइक से अपने घर लखना लौट रहे युवक की फिरोजाबाद में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। हादसा मक्खनपुर के पास कंटेनर से बाइक टकराने के कारण हुआ। मृतक की पहचान नगर लखना आदर्श नगर निवासी बॉबी यादव के रूप में हुई है। वह मानेसर स्थित एक निजी कंपनी में कार्यरत थे। बीती रात घर लौटते समय उनकी बाइक खड़े कंटेनर में जा घुसी, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

### बाइकों की भिड़ंत में युवक गम्भीर घायल

इटावा। थाना इकदिल क्षेत्र के अंतर्गत सराय जलाल के पास दो बाइकों की भिड़ंत में एक बाइक सवार युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार थाना इकदिल क्षेत्र के अंतर्गत सराय जलाल के पास दो बाइकें आपस में टकरा गईं, जिसमें एक बाइक सवार युवक अनुज पुत्र जसवंत सिंह निवासी मुलायम नगर थाना फ्रेंड्स कालोनी गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया। डॉक्टर ने हालत गम्भीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद युवक को पीजीआई सैफई रेफर कर दिया। बकेवर प्रतिनिधि के अनुसार कस्बा पूर्वी तिराहे के पास बाइक के खंभे से टकरा गई। इस हादसे में चंदू पुत्र यदुनाथ सिंह धर्मशाला व अतुल पुत्र जितेंद्र निवासी बल्लम पुरा घायल हो गए।

### परेश मिश्रा के लिए मांगा समर्थन

इटावा। परेश मिश्रा एडवोकेट सदस्य/पूर्व अध्यक्ष बार कॉन्सिल ऑफ उ.प्र. के लिए बार कॉन्सिल ऑफ उ.प्र के चुनाव में सदस्य पद के उम्मीदवार के लिए सोमवार को कचहरी में अभिषेक राजपूत एडवोकेट जिला उपाध्यक्ष ऑल इंडिया लायर्स यूनियन ने अपने साथियों के साथ परेश मिश्रा के लिए अधिवक्ताओं से प्रथम वरीयता का मत समर्थन के लिए अपील की।

# दुष्कर्म के मामले में दो लोगों को बीस-बीस साल की सजा

## 15 सितंबर 2019 का मामला, कोर्ट ने दोनों पर 27- 27 हजार का जुर्माना भी लगाया

कार्यालय संवाददाता इटावा

अमृत विचार। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम सुनीता शर्मा ने छह साल पुराने दुष्कर्म व धमकी के एक मामले की सुनवाई करते हुए साक्ष्यों के आधार पर दो लोगों को दोषी पाया। दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने दोनों को बीस बीस साल की सजा सुनाई। इसके अलावा कोर्ट ने उन पर 27- 27 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना अदा न करने पर उन्हें पांच पांच माह का अतिरिक्त कारावास भोगना पड़ेगा।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता देवेंद्र तिवारी ने बताया कि इटावा के एक मोहल्ला की रहने वाली युवती बकेवर में एक बाइक एजेंसी पर काम करती थी। 15 सितम्बर 2019 को कंपनी ने चकर नगर में कैंप लगाया था। वह भी वहीं गई थी। शाम को अपने घर वापस आते समय वह हाईवे के किनारे सवारी के इंतजार में खड़ी थी तभी बाइक पर सवार होकर दो लोग आए और उसे जबरन खेत में खींचकर ले गए। वहां पर दोनों ने उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। साथ ही उक्त लोगों ने धमकी दी कि यदि इसकी शिकायत किसी से की तो जान से मार देगें। उक्त लोगों ने उसका मोबाइल व सामान भी छीन



लिया। बाद में उसने शिकायत न करने की बात कही तो उसका मोबाइल लौटा दिया। बाद में दोनों चले गए। उसने अपने साथियों को बुलाया। साथी उसे उसके घर छोड़ गए। दूसरे दिए उसने थाने जाकर तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने संतोष कुमार कुशवाहा पुत्र सरदार कुशवाहा निवासी लोहिया नगर बकेवर व जावेद खान पुत्र सलीम खान निवासी भरथना रोड के खिलाफ दुष्कर्म धमकी व मारपीट की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। छानबीन के बाद पुलिस ने दोनों के खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में पेश कर दिए। मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम में हुई सरकार की ओर से अपर जिला शासकीय अधिवक्ता देवेंद्र तिवारी ने पैरवी की। उनके द्वारा पेश किए साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने संतोष व जावेद को दोषी पाया और दोनों को बीस-बीस साल की सजा व 27- 27 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

# हत्या के मामले में दोषी दो को आजीवन कारावास

- कोर्ट ने 25- 25 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया

इटावा। अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट द्वितीय दिनेश गौर ने नौ साल पुराने हत्या के मामले की सुनवाई करते हुए दो आरोपियों को साक्ष्यों के आधार पर दोषी पाया। दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके अलावा कोर्ट ने उन पर 25-25 हजार रुपया का जुर्माना भी लगाया।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता तरुण कुमार शुक्ला ने बताया कि चौबिया थाना क्षेत्र के गांव हरदोई निवासी राजेश कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि सात जून 2016 को उसका भाई अखिलेश कुमार अपनी नाली को साफ कर रहा था तभी पड़ोस में रहने वाले प्रदीप व उसके परिवार के लोगों ने उसका विरोध किया। जब अखिलेश नहीं माना तो उन लोगों मारपीट कर दी। इसी को लेकर प्रदीप पक्ष के लोगों ने फायरिंग कर दी। गोली लगने से अखिलेश की मौत हो गई जबकि उसके पिता राम सनेही व मां सूरज मुखी घायल हो गईं। बाद में हमलावर भाग गए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने प्रदीप कुमार पुत्र सरमन लाल निवासी हरदोई, सरमन लाल व शिवम पुत्र विनोद शाक्य निवासी उजागर पुर कुसमरा के खिलाफ हत्या व हत्या के प्रयास की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया। बाद में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। छानबीन के बाद पुलिस ने सरमन लाल उसके पुत्र प्रदीप कुमार व शिवम के खिलाफ आरोपपत्र कोर्ट में पेश कर दिए।

मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट द्वितीय की कोर्ट में हुई। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता तरुण शुक्ला ने सरकार की ओर से पैरवी की। उनके द्वारा पेश किए साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने प्रदीप व शिवम को दोषी पाया। सुनवाई के दौरान सरमन लाल की मौत हो गई थी। दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने प्रदीप व शिवम को आजीवन कारावास की सजा व 25- 25 हजार रुपया के अर्थदंड से दंडित किया।

## 27 जनवरी तक उपलब्ध करायें अपने दस्तावेज

कालपी जालौन। एसआईआर प्रक्रिया के बाद मतदाता सूची से बाहर हुए मतदाताओं को नोटिस देने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। नोटिस पहुंचने पर 27 जनवरी तक अपने दस्तावेज उपलब्ध कराने होंगे।

निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची को त्रुटि रहित बनाने के लिए गत माह एसआईआर प्रक्रिया शुरू की गई थी,जिसमें मृतकों सहित लगभग 51000 मतदाता कम हो गये है। इनमें से लगभग 28000 वह मतदाता है कि जिनके नाम इसलिए मतदाता सूची से बाहर हो गये है कि वह निर्धारित समय तक इस प्रक्रिया के तहत अपने को 2003 की मतदाता सूची से नही जोड़ सके हैं। लेकिन निर्वाचन आयोग इन्हे अभी और मौका देना चाह रहा है, जिसके चलते सूची से बाहर हुए 28000 मतदाताओं को नोटिस जारी किए जाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। बीएलओ ये नोटिस सम्बंधित व्यक्ति को उपलब्ध कराएगा और नोटिस पाना वाला व्यक्ति 27 जनवरी को निर्वाचन आयोग द्वारा तय किए गए बूथ पर एईआरओ के समक्ष उपलब्ध होगा जो तय करेगा कि उक्त व्यक्ति मतदाता बनने की निर्धारित योग्यता रखता है या नहीं। तहसीलदार अभिनव तिवारी के मुताबिक़ इसके मानक के रूप में लगभग 13 दस्तावेजों को मान्यता दी गई है, जिसमें हाईस्कूल का प्रमाण पत्र, सक्षम अधिकारी द्वारा जन्मप्रमाण पत्र, पासपोर्ट, निवास प्रमाण पत्र, आरक्षण क्रम में है तो जाति प्रमाण पत्र के अलावा, परिवार रजिस्टर, सरकार द्वारा जारी भूमि प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराना होगा।



पागलबाबा मंदिर में लगा छप्पन भोग। अमृत विचार

# पागलबाबा को अर्पित किया छप्पन भोग

संवाददाता भरथना इटावा

अमृत विचार। कस्बा क्षेत्र स्थित ओम श्री पागलबाबा गंगासागर धाम सिद्धपीठ तपोस्थली का वार्षिकोत्सव रविवार की शाम श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरे वातावरण में भक्ति का माहौल बना रहा।

मुख्य न्यासी श्याम सुंदर चौरसिया की देखरेख में आयोजित वार्षिकोत्सव के दौरान सर्वप्रथम पागलबाबा के चरणों में विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद बाबा को छप्पन भोग अर्पित किया गया, जिसे देखने के लिए श्रद्धालुओं में खासा उत्साह बना रहा। शाम को भजन संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें वृदांवन से आई सौरभ ठाकुर एंड पार्टी के भजन गायक सौरभ ठाकुर, साध्वी वर्षा ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। भजन संध्या के दौरान श्रद्धालु झूमते नजर आए और देर रात तक बाबा के जयकारों से मंदिर परिसर गूंजता रहा। कार्यक्रम के दौरान आधा सैकड़ा से अधिक जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए, जिससे समाजसेवा का संदेश भी दिया गया। आयोजकों ने बताया कि पागलबाबा की कृपा से प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी वार्षिकोत्सव शांतिपूर्ण और भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। आयोजन में आंसू चौरसिया, गोविंद चौरसिया, अरविंद चौरसिया आदि का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंदिर समिति के सदस्यों व स्थानीय लोगों का भी अहम योगदान रहा। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य लोग एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# पातालेश्वर मंदिर का किया निरीक्षण

संवाददाता कालपी जालौन

अमृत विचार। पातालेश्वर मन्दिर में पर्यटन विभाग का रुका काम जल्द शुरू हो सकता हैं। सोमवार को एसडीएम ने काम में बाधा बने पुरातत्व विभाग द्वारा संरक्षित अंग्रेजों के कब्रिस्तान का निरीक्षण किया है। निरीक्षण के बाद उन्होंने दिशा निर्देश दिये।

नगर के किलाघाट के पास महाभारत कालीन शिव मन्दिर स्थित है। मान्यता है कि यहां पर पाण्डव व कौरवों के गुरु द्रोणाचार्य ने पुत्र की चाहत में शिवलिंग की स्थापना की थी लेकिन मन्दिर काफी पुराना है जिसका अपेक्षित रखरखाव भी नही हो पा रहा था। क्षेत्रीय विधायक विनोद चतुर्वेदी की पहल के चलते शासन ने इसे पुरातन धार्मिक स्थलों के सौन्दर्यीकरण के लिए चलाई जा रही योजना में शामिल कर इसके सौन्दर्यीकरण के लिए लगभग 93



पातालेश्वर मंदिर का निरीक्षण करते एसडीएम मनोज कुमार सिंह।

करोड़ रुपये मंजूर किए थे, जिससे यात्री भवन, शौचालय, पानी का संसाधन, सोलर लाईट सहित सौन्दर्यीकरण हेतु तमाम काम कराए जाने थे। इतना ही नहीं उप्र पर्यटन विकास निगम द्वारा काम भी शुरू करा दिया गया था लेकिन विगत दो माह से काम बन्द है। पातालेश्वर मन्दिर समिति के प्रबन्धक वीरेंद्र पाठक के अनुसार दो माह से निर्माण इकाई गायब है जिससे मन्दिर का विकास अधूरा पड़ा है। वहीं जानकारों की मानें तो मन्दिर के पास ही पुरातत्व विभाग द्वारा संरक्षित अग्रेंजों का कब्रिस्तान मौजूद है। इसी के चलते पुरातत्व विभाग ने पर्यटन विभाग को नोटिस देकर कहा कि संरक्षित स्थल के पास निर्धारित दूरी पर निर्माण नहीं हो सकता हैं।

क्षेत्रीय विधायक विनोद चतुर्वेदी के अनुसार पुरातत्व विभाग के नोटिस के बाद ही काम बन्द हुआ है, जिसके लिए सम्बंधित विभाग के साथ शासन से भी निर्माण कार्य कराए जाने का आग्रह किया गया है। इसी के चलते सोमवार को एसडीएम मनोज कुमार सिंह ने पुरातत्व विभाग द्वारा संरक्षित अग्रेंजों के कब्रिस्तान का निरीक्षण कर वहां की स्थिति को परखा है। एसडी एम के मुताबिक इसकी रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। इसके बाद विचार विमर्श करने के बाद फिर से कार्य शुरू कराया जायेगा।

## वाहनों में लगाये गये रिफ्लेक्टर

कालपी जालौन। दुर्घटनाओं को रोकने के लिए एनएचआईटी का जागरूकता अभियान जारी है। सोमवार को भी कम्पनी के जिम्मेदारों ने टोल प्लाजा पर वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाकर चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी।

राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 37 के उरई से बारा तक रखरखाव की जिम्मेदारी एनएचआईटी नामक कम्पनी के पास है जो सड़क के रखरखाव के साथ यातायात व्यवस्था की भी जिम्मेदारी उठाती है। इसी के चलते वह वाहन चालकों को दुर्घटना से बचाने के उपायों की जानकारी देकर उन्हें यातायात नियमों का भी पाठ पढ़ाते रहते हैं। इसी क्रम में सोमवार को कम्पनी के क्षेत्रीय प्रबन्धक इंगलेश शर्मा की अगुआई मे आटा टोल प्लाजा पर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान तिपहिया, चार पहिया एवं ट्रकों में रिफ्लेक्टर लगाया।

# मां यमुना की आरती में उमड़े श्रद्धालु

कार्यालय संवाददाता इटावा

अमृत विचार। मृत्युंजय मां पीतांबरा परिवार की ओर से यमुना तलहटी स्थित हनुमान घाट पर मौनी अमावस्या पर्व पर यज्ञाधीश रामदास महाराज के सानिध्य में माता यमुना की सामूहिक आरती की गई, जिसमें सैकड़ों की संख्या में भक्त व श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इसके बाद सभी भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।

गत नवंबर माह में शहर में यज्ञाधीश रामदास महाराज के मार्गदर्शन में 1108 कुंडीय मृत्युंजय मां पीतांबरा महायज्ञ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ था, तभी महाराज ने घोषणा की थी कि मृत्यंजय मां पीतांबरा परिवार द्वारा अब इटावा में यमुना घाट पर माह की प्रत्येक अमावस्या को सामूहिक आरती की जाया करेगी। इसी क्रम में मौनी अमावस्या के पर्व पर



यमुना की सामूहिक आरती में शामिल रामदास महाराज व अन्य। अमृत विचार

- मृत्युंजय मां पीतांबरा परिवार ने मौनी अमावस्या पर की सामूहिक यमुना आरती

सायंकाल यमुनाजी के हनुमान घाट पर नगर के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने यमुना महारानी की सामूहिक आरती की और मां पीतांबरा, हर हर महादेव तथा यमुना मैया के जयकारे लगाकर सबके मंगल की कामना की।

कर्मकांडी आचार्य अनूप और आचार्य शिवम ने पूजन अर्चन के साथ आरती कराई। इस अवसर पर मृत्युंजय मां पीतांबरा परिवार की व्यवस्था से जुड़े जनमेजय सिंह भदौरिया, पंकज तिवारी बबलू महेंद्रा, अल्लू ठाकुर, अनंत अग्रवाल, विनय यादव, दिलीप सक्सेना, राम मनोहर दीक्षित, सुधीर मिश्रा, पूनम पांडे, नमिता तिवारी, निशा गुप्ता, चित्रा परिहार, मयंक बिधौलिया विशेष रूप से शामिल रहे।

## अन्ना गोवंशों से परेशान हो रहे किसान

कालपी जालौन। लंगरपुर तथा नगर के नजदीक कृषि कार्य कर रहे किसान अन्ना गोवंशों से परेशान हैं।

नगर के समीप स्थित मौजा लंगरपुर,चाहीपुर, चकलोहा मण्डी, कालपी खास सहित आधा दर्जन से अधिक मौजा स्थित हैं, जिसमें नगर तथा आसपास के गांव निवासी कृषक कृषि कार्य करते हैं। लेकिन अन्ना गोवंशों की वजह से किसान परेशान हैं। क्योंकि मौका मिलते ही अन्ना मवेशी खेत में खड़ी फसल चट कर जाते हैं। सोमवार को किसान आबिद, भानुप्रताप सिंह, प्रभुदयाल, छोटेलाल, फूल सिंह, रामविलास, शंकर आदि ने उपजिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह को पत्र सौंपकर कहा है कि अन्ना गोवंश उनकी फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं, जिसके चलते वह भीषण ठंड में खेतों पर मौजूद रहकर अपनी फसलों की रखवाली करने को मजबूर हैं। पत्र में उन्होंने यह भी कहा है कि गत दिनो उन्होंने मिलकर बड़ी संख्या में गोवंशों को क्षेत्र से इकटठा कर आलमपुर स्थित गौशाला में बन्द किया था। लेकिन उन्होंने उन्हें छोड़ दिया था।

# मणिकर्णिका घाट के ध्वस्तीकरण को लेकर कांग्रेसियों में रोष

कार्यालय संवाददाता इटावा

अमृत विचार। भाजपा सरकार द्वारा वाराणसी के ऐतिहासिक मणिकर्णिका घाट को ध्वस्त करा देने का कांग्रेस पार्टी ने जबरदस्त विरोध करते हुए प्रदर्शन किया। कांग्रेस पार्टी के ज़िला अध्यक्ष आशुतोष दीक्षित के नेतृत्व में ज़िला मुख्यालय पर कांग्रेसियों ने एकत्रित होकर जिलाधिकारी के माध्यम से यूपी के राजपाल को संबोधित एक ज्ञापन भी सौंपा।



ज्ञापन देने के लिए डीएम कार्यालय पर मौजूद कांग्रेसी नेता। अमृत विचार

कांग्रेस जनों ने भारतीय जनता पार्टी पर सनातन विरोधी होने का आरोप लगाते हुए कहा कि शासन-प्रशासन द्वारा यह कार्यवाही उस स्थान के ऐतिहासिक महत्व को पूरी तरह अनदेखा करते हुए की गयी है। कांग्रेस जनों ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि यदि शासन प्रशासन द्वारा अति शीघ्र मलबे में पड़ी हुई मूर्तियों को यथा स्थान पर पुनः स्थापित नहीं किया गया तो कांग्रेस पार्टी एक बड़ा आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। ज्ञापन सौंपने वालों में शहर अध्यक्ष मोहम्मद राशिद, पूर्व ज़िला अध्यक्ष मलखान सिंह यादव, पूर्व शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे, करण सिंह राजपूत, प्रशांत तिवारी, प्रेम किशोर द्विवेदी, प्रवक्ता वाचस्पति द्विवेदी, प्रेरणा जुबैरी, दीक्षा शुक्ला एडवोकेट, अमित त्रिपाठी अंबुज, नरेंद्र यादव, विष्णु कांत मिश्रा, आसिफ जादरान, सचिन शंखवार, प्रदीप कुमार द्विवेदी, अमन तिवारी, अनूप सिंह परमार, सिद्धनाथ यादव, रजत राय चौबे, अंसार अहमद, रमेश सिंह, उमाकांत एवं रणवीर आदि रहे।

- राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा

आक्रोश | डीएम को सौंपा ज्ञापन, समाधान न हुआ तो करेंगे आंदोलन

# उत्पीड़न का आरोप लगा पंचायत सचिवों ने भरी हुंकार

कार्यालय संवाददाता इटावा

अमृत विचार। ग्राम पंचायत में सचिवों का काम देख रहे ग्राम पंचायत अधिकारी और ग्राम विकास अधिकारियों ने आरोप लगाया है कि अधिकारी उनका उत्पीड़न कर रहे हैं, उन्हें बेवजह परेशान किया जाता है और उनकी शिकायतों की सुनवाई नहीं होती। अपनी समस्याओं को लेकर उन्होंने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

ग्राम पंचायत अधिकारी ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति की ओर से जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया है। इसमें कहा गया है कि जिला स्तर के कुछ उच्चाधिकारी उनका उत्पीड़न करते हैं। यह आरोप भी लगाया गया है कि संविदा कर्मियों के माध्यम से धन उगाही



ज्ञापन सौंपते पंचायत सचिव। अमृत विचार

की जाती है। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि पंचायत सचिव अपना काम निर्धारित समय में करते हैं। उन पर काम का बोझ है। इसके बाद भी उन्हें परेशान किया जाता है। गौशालाओं की जांच के नाम पर भी सचिवों को परेशान किया जाता है। परिवार रजिस्टर , नाली, खरंजा, हैंडपंप , जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, फैमिली आईडी के सभी काम पंचायत सचिव करते हैं लेकिन फैमिली आईडी बनाए जाने के लेकर भी उन्हें परेशान किया जाता है और वेतन भी रोक दिया जाता है। यह भी कहा गया है कि शौचालय की सूची बनाकर सचिव के हस्ताक्षर के बगैर ही शौचालय दिया जा रहा है। जब ऐसे मामलों की जांच होगी तो उसमें सचिव को ही दोषी माना जाएगा। ज्ञापन में यह आरोप लगाया गया है कि महेवा में कुछ सचिवों को टारगेट करके परेशान किया जा रहा है।

पंचायत सचिवों ने कहा है कि यदि उनकी समस्याओं का निस्तारण नहीं हुआ तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे। कलम बंद हड़ताल और धरना प्रदर्शन करेंगे। इस ज्ञापन की प्रति मुख्य सचिव और मुख्यमंत्री को भी भेजी गई है। ज्ञापन देने के लिए कलेक्ट्रेट पहुंचने वालों में जिलाध्यक्ष पूरन सिंह, जिला मंत्री नीरज यादव सहित बड़ी संख्या में पंचायत सचिव मौजूद रहे।

# फ्रिज फटने से घर में लगी आग से गृहस्थी जलकर हुई राख

संवाददाता बसरेहर इटावा

अमृत विचार। बसरेहर थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव नगला बेरी स्थित एक घर में एक फ्रिज तेज धमाके के साथ फट गया। इससे घर में भीषण आग लग गई और घर में रखा लाखों रुपये का घरेलू सामान जलकर राख हो गया। हालांकि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई लेकिन पीड़ित परिवार को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा।

घटना के समय नगला बेरी निवासी रामप्रकाश यादव घर में अकेले सो रहे थे। देर रात अचानक हुए धमाके की आवाज से उनकी नींद खुल गई। जब उन्होंने बाहर निकलकर देखा तो फ्रिज में आग लगी हुई थी जो तेजी से पूरे कमरे में फैल गई। आग की लपटों ने



घटना के बाद जला पड़ा फ्रिज।

आसपास रखे सभी सामान को अपनी चपेट में ले लिया। आग की चपेट में आने से कपड़े, बिस्तर, अनाज, फर्नीचर और अन्य आवश्यक घरेलू सामान जलकर खाक हो गया।

पीड़ित रामप्रकाश यादव ने बताया कि आग इतनी भीषण थी कि कुछ भी बचा पाना संभव नहीं हो सका। उन्होंने किसी तरह खुद को सुरक्षित बाहर निकाला और मदद के लिए ग्रामीणों को बुलाया। पीड़ित रामप्रकाश यादव ने बताया कि घटना के तुरंत बाद उन्होंने डायल 112 पर फोन करने का प्रयास किया लेकिन नेटवर्क व्यस्त होने के कारण संपर्क नहीं हो सका। इसके बाद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पानी तथा अन्य उपलब्ध साधनों की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया लेकिन तब तक घर का अधिकांश सामान जल चुका था। इस हादसे में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है हालांकि पीड़ित परिवार का कहना है कि उनकी जीवन भर की जमा पूंजी इस आग में खत्म हो गई है। परिवार अब पूरी तरह से आर्थिक संकट में आ गया है और उन्हें आगे के जीवन यापन की चिंता सता रही है।

अमृत विचार

कानपुर, मंगलवार, 20 जनवरी 2026 औरैया

न्यूज ब्रीफ

### युवती को बहला कर ले जाने की रिपोर्ट

**अयाना।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि 22 दिसंबर को उसकी 19 वर्षीय बेटी को कोई युवक बहला कर अपने साथ ले गया। काफी खोजबीन करने के बाद भी बेटी का कुछ पता नहीं चल रहा है। महिला ने आरोप लगाया कि पड़ोसी की बेटी को उसकी बेटी के बारे में जानकारी है। अयाना थानाध्यक्ष जयप्रकाश पाल ने बताया कि तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। जल्द ही युवती को बरामद किया जाएगा।

### जाम के झाम में फंसे कस्बावासी

**अछल्दा औरैया।** दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग की कस्बा स्थित 13-एस पर सोमवार को साप्ताहिक बाजार लगने के कारण सुबह करीब 10 :40 बजे जाम लग गया। कस्बे में जाम की स्थिति को देखते हुए गेटमैन ने सुबह 10 :55 पर रेलवे फाटक बंद कर दिया। यह जाम रेलवे फाटक से लेकर हरीगंज बाजार तक फैल गया, वहीं दूसरी ओर नहर बाजार तक भी इसका असर देखा गया। रेलवे फाटक पर तैनात पीआरडी के जवान को जाम खुलवाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। साप्ताहिक बाजार में ठेलों और वाहनों के अव्यवस्थित खड़े होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस जाम में बुजुर्ग और अन्य राहगीर काफी देर तक फंसे रहे, जिससे उन्हें असुविधा का सामना करना पड़ा।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

## अलग-अलग स्थानों पर पड़ी मिली बाइक और युवक का शव, होने वाले ससुर के पास बाइक लेने गया था युवक

संवाददाता, फफूंद औरैया



घटनास्थल पर मौजूद लोगों की भीड़। अमृत विचार



अनुज।

- युवक का शव खेत की मेड़ पर और ककोर बंबा के पास बाइक पड़ी मिली
- राजमिस्त्री का काम करता था युवक, परिजनों में मचा कोहराम

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के ग्राम तुलसीपुर में रविवार रात 22 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इससे इलाके में सनसनी फैल गई। युवक का शव भियांपुर गांव की पुलिया के पास खेत की मेड़ पर पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

मृतक की पहचान तुलसीपुर निवासी अनुज कुमार (22) पुत्र उपेन्द्र बाबू के रूप में हुई है। अनुज राजमिस्त्री का काम करता था। परिजनों के अनुसार, रविवार शाम करीब छह बजे अनुज अपनी बाइक लेकर घर से निकला था। उसकी शादी की बातचीत थाना मंगलपुर क्षेत्र के गांव लाड़पुर में चल रही थी। 10 फरवरी को जहां रिश्ता तय होना था, वहां दूसरी बेटी की शादी थी। इसी सिलसिले में होने वाले ससुर से शादी के कार्ड बंटवाने के लिए बाइक देने की बात हुई थी, जिस पर अनुज बाइक लेकर लाड़पुर के लिए निकला था।

परिजनों ने बताया कि रविवार रात करीब आठ बजे लाड़पुर गांव से एक फोन आया। फोन करने वाली युवती ने बताया कि अनुज का दखलीपुर गांव में एक्सीडेंट हो गया है, जिसमें एक बकरी मर गई है और तीन हजार रुपये की मांग की जा रही है। यह फोन उसी घर से आया था, जहां अनुज बाइक देने जा रहा था। सूचना मिलने पर अनुज का छोटा भाई मनोज कुमार तीन-चार ग्रामीणों के साथ दखलीपुर पहुंचा, लेकिन वहां किसी दुर्घटना की जानकारी नहीं मिली। इसके बाद परिजन ककोर बंबा होते हुए भियांपुर गांव की पुलिया तक पहुंचे। पुलिया के पास उन्हें वही लोग मिले, जिनके घर अनुज बाइक देने जा रहा था। उन्होंने गाड़ी खड़ी कर परिजनों से दूसरी ओर तलाश करने को कहा। कुछ देर बाद जब परिजन वापस लौटे तो वे लोग वहां से जा चुके थे। इससे परिजनों का संदेह और गहरा गया।

पुलिया से करीब 200 मीटर आगे ककोर बंबा के किनारे अनुज की बाइक गिरी हुई मिली। बाइक का हैंडल लॉक था और वह खेत के किनारे लगे ब्लेड वाले तार में उलझी हुई थी। खेत गीला होने के कारण बाइक से आगे पैरों के चलने के स्पष्ट निशान दिखाई दिए। परिजन उसी दिशा में आगे बढ़े तो बाइक से करीब 100 से 150 मीटर दूर खेत की मेड़ पर अनुज का शव पड़ा मिला। शव का ऊपरी हिस्सा मेड़ पर और पैर खेत के अंदर थे। आसपास गेहूं की फसल टूटी हुई थी, जिससे संघर्ष किए जाने की आशंका जताई जा रही है।

मौके से अनुज का मोबाइल फोन नहीं मिला, जबकि उसका मोबाइल कवर शव के पास पड़ा था। परिजनों ने यह भी बताया कि रात में घटना स्थल के पास से एक ऑटो निकला था, जिसमें कुछ पुरुष और महिलाएं सवार थीं। उनका कहना है कि ये लोग भी उसी घर से जुड़े बताए जा रहे हैं, जहां अनुज बाइक देने जा रहा था। शव मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल की। पुलिस ने एक ऑटो को रोककर पूछताछ की और ऑटो सहित उसमें सवार सभी लोगों को थाने ले गई। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

मृतक अनुज के पिता उपेन्द्र बाबू भी मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। परिवार के पास दो भाइयों के बीच करीब डेढ़ बीघा जमीन है और आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर बताई जा रही है। अनुज की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मृतक की मां रामदेवी, बड़ी बहन अनुराधा (25) विवाहित, बहन मनु (20), छोटा भाई मनोज कुमार (18) और छोटी बहन रुक्मनी (16) का रो-रोकर बुरा हाल है

### कुछ लोगों पर संदेह

**औरैया।** फोन मिलने के बाद अनुज का छोटा भाई मनोज कुमार ग्रामीणों के साथ दखलीपुर पहुंचा, लेकिन वहां किसी भी तरह की दुर्घटना की पुष्टि नहीं हुई। इसके बाद परिजन ककोर बंबा होते हुए भियांपुर गांव की पुलिया पहुंचे। पुलिया के पास उन्हें वही लोग मिले, जिनके घर अनुज बाइक देने जा रहा था। कुछ देर बाद वे लोग वहां से अचानक गायब हो गए, जिससे परिजनों का संदेह और गहरा गया।

### मोबाइल गायब और कवर पड़ा मिला

**औरैया।** घटनास्थल से अनुज का मोबाइल फोन गायब था, जबकि उसका कवर शव के पास पड़ा मिला। परिजनों का कहना है कि रात में घटनास्थल के पास से एक ऑटो निकला था, जिसमें कुछ पुरुष और महिलाएं सवार थीं। ये लोग भी उसी घर से जुड़े बताए जा रहे हैं, जहां अनुज बाइक देने जा रहा था।



डिप्टी कलेक्टर कमल सिंह को ज्ञापन सौंपते संगठन के पदाधिकारी। अमृत विचार

# जन जागरण समिति ने सौंपा 89वां ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- एससी/एसटी एक्ट के दुरुपयोग पर रोक की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार।** जन जागरण समिति औरैया ने एससी/एसटी एक्ट के दुरुपयोग को रोकने की मांग को लेकर राष्ट्रपति को संबोधित अपना 89वां ज्ञापन जिला मुख्यालय ककोर में डिप्टी कलेक्टर कमल सिंह को सौंपा। इस दौरान समिति के पदाधिकारी और तमाम अन्य लोग मौजूद रहे।

समिति ने ज्ञापन में एससी/एसटी एक्ट के तहत दर्ज फर्जी मुकदमों की निष्पक्ष जांच कराए जाने, दुरुपयोग पर प्रभावी रोक लगाने तथा फर्जी मामलों के आधार पर प्राप्त सरकारी धनराशि की वसूली किए जाने की मांग की है। समिति के संयोजक महेश पांडे ने कहा कि जब तक एससी/एसटी एक्ट में दुरुपयोग रोकने के लिए आवश्यक संशोधन नहीं किए जाते, तब तक प्रत्येक माह राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपने का अभियान जारी रहेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून में सुधार होने तक यह आंदोलन निरंतर चलता रहेगा। इसके साथ ही समिति ने प्रधानमंत्री को संबोधित 39वां ज्ञापन भी सौंपा, जिसमें माता-पिता की इच्छा के विरुद्ध होने वाले प्रेम विवाहों को लेकर नियमों में बदलाव की मांग की गई है। ज्ञापन में प्रेम विवाह करने वाले युवक-युवती की न्यूनतम आयु 25 वर्ष निर्धारित करने तथा विवाह के लिए माता-पिता की अनिवार्य सहमति को जरूरी बनाए जाने की मांग रखी गई है। ज्ञापन सौंपने के दौरान महेश पांडे, रूप सिंह पाल, सुरेश चंद्र दुबे, योगेश तिवारी (उड़नपुरा), गिरीश सिकरवार (कंछौसी), हरि गोविंद बाजपेई, श्याम बाबू शर्मा, अरुण पांडे एडवोकेट, विनय यादव रहे।

# धूमधाम से मनेगा यूपी स्थापना दिवस

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- नुमाइश मैदान औरैया में होगा भव्य आयोजन
- प्रभारी मंत्री सौंपेंगी योजनाओं के लाभार्थियों को चेक

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर जनपद में कार्यक्रम आयोजन के संबंध में समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने जूम मीटिंग के दौरान निर्देश दिए कि सभी लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित विभाग आयोजन में प्रतिभाग करते हुए स्टाल लगाना सुनिश्चित करें। स्टालों में विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी को प्रदर्शित करते हुए सुसज्जित एवं आकर्षक स्टाल लगायें, स्टाल में आमजन को जानकारी देने हेतु ऐसे व्यक्ति को नामित करें जिसे योजना की विस्तृत जानकारी हो वह आमजन की योजना से संबंधित संदेहों का निराकरण कर सके।

जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने जिला उद्यान अधिकारी को निर्देश दिए कि स्टाल पर कैशक्रॉप को प्रदर्शित करने के लिए स्ट्रॉबेरी, केला, शिमला मिर्च आदि का भी प्रदर्शन किया जाए जिससे कृषक बन्धु जानकारी प्राप्त कर कैशक्रॉप का उत्पादन कर अपनी आय में बढ़ोत्तरी कर सकते हैं।

डीएम ने रेशम विभाग नेडा, जिला कार्यक्रम विभाग, कृषि विभाग आदि को निर्देश दिए कि वह अपने स्टाल में लाभार्थियों को भी बुलायें जिससे वह अपने अनुभवों को आमजन के साथ साझा करते हुए उन्हें योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित कर सके। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि कार्यक्रम के दौरान स्टाल में आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के विशेषज्ञों को नामित करें जो कार्यक्रम के दौरान आने वाले आगन्तुकों का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए उन्हें आवश्यक दवाओं के साथ-साथ उचित परामर्श भी दे। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम आयोजन हेतु मुख्य विकास अधिकारी को नामित करते हुए निर्देश दिए कि कार्यक्रम आयोजन हेतु सभी संबंधित विभागों से समन्वय कर उनकी जिम्मेदारी निर्धारित करें। जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम तथा खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह अपने-अपने कार्यालय के समीप हेलीपैड निर्माण हेतु जगह चिह्नित करते हुए अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण के माध्यम से उस स्थान की सार्थकता सुनिश्चित करायें। जिलाधिकारी ने अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण व ग्रामीण अभियंत्रण को निर्देश दिए कि त्वरित तथा धर्मार्थ हेतु प्रस्तावित कार्यों के आगणन यथाशीघ्र शासन को प्रेषित किये जाए।



नगर पंचायत कार्यालय में धरने पर बैठे सभासद। अमृत विचार

# मांग को लेकर सभासदों ने दिया धरना

**फफूंद, औरैया।** वार्डों में प्रस्ताव पास होने के बावजूद विकास कार्य न कराए जाने से नाराज सभासदों ने सोमवार को नगर पंचायत कार्यालय में धरना दिया। वहीं चेयरमैन और ईओ के साथ बैठक के बाद सभासदों ने धरना खत्म कर दिया।

सभासदों का कहना था कि कार्य न होने से उन्हें वार्ड के लोगों की नाराजगी झेलनी पड़ रही है। धरने पर बैठे सभासद राजीव राजपूत, गौरव राजपूत, अनुराग धनगर, आरती दोहरे और राजीव कुमार शामिल रहे। उनका कहना था कि विकास कार्य न होने से जनता के बीच उनकी छवि खराब हो रही है। सूचना पर अधिशासी अधिकारी विनय पांडेय और नगर पंचायत अध्यक्ष अनवर कुरैशी ने सभासदों से बातचीत की और प्रस्तावित कार्यों को जल्द कराने का आश्वासन दिया, जिसके बाद सभासदों ने धरना खत्म कर दिया। अनवर कुरैशी ने बताया कि सभासदों के साथ हुई बातचीत के बाद गलतफहमियां दूर हों गईं।

# 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- गोवध अधिनियम के तहत वांछित था आरोपी

**अमृत विचार।** सोमवार तड़के जालौन रोड स्थित बीबीएस स्मृति स्कूल के पास पुलिस से हुई मुठभेड़ में गोवध अधिनियम के तहत वांछित 25 हजार रुपये का इनामी आरोपी गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान औरैया कोतवाली क्षेत्र के खाननपुर निवासी आमिर के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार, सोमवार सुबह करीब साढ़े चार बजे संदिग्धों की चेकिंग चल रही थी। इसी दौरान बाइक से आते हुए एक युवक दिखाई दिया, जिसे पुलिस ने रुकने का इसारा किया। लेकिन उसने रुकने की बजाय पुलिस पर फायरिंग कर दिया और भागने लगा। इस पर पुलिस ने भी आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग कर दिया। इससे उसके पैर में गोली लग गई और वह गिर पड़ा। इसके बाद पुलिस ने उसे पकड़ लिया गया। पूछताछ में पुलिस को पता चला कि वह गोवध से संबंधित मामलों में वांछित 25 हजार का इनामी अपराधी आमिर है। घायल आरोपी को तुरंत प्राथमिक उपचार के लिए औरैया के 50 शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस ने बताया कि आमिर लंबे समय से फरार चल रहा था। उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, आमिर के खिलाफ जनपद के विभिन्न थानों में कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।


# कार्यालय नगर पंचायत सरीला (हमीरपुर)

पत्रांक: 301 / न0 पं0 सरीला/ पे0हे0व्य0 यो0 / 2025–26/ दिनांक 17 जनवरी, 2026

अल्पकालीन निविदा सूचना

अधोहस्ताक्षरी द्वारा नगर पंचायत सरीला जनपद हमीरपुर में पेयजल हेतु व्यवस्था योजना के अन्तर्गत नगर पंचायत सरीला द्वारा विभिन्न स्थानों पर निर्माण कार्य हेतु निविदायें दिनांक 28.01.2026 अपरान्ह 02: 00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाये अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 28.01.2026 को अपरान्ह 03.00 निविदा दाताओं अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष कार्यालय नगर पंचायत सरीला में खोली जायेंगी। प्रत्येक निविदा दाता द्वारा निविदा शुल्क व 10 प्रतिशत जमानत राशि नगद/आर0टी0जी0एस0 ट्रांजेक्शन नम्बर सहित मूल प्रति पंचायत में जमा करना अनिवार्य होगा। आनलाइन भुगतान हेतु ब्रांच सरीला के स्टेट बैंक में नगर पंचायत के एम0वी0 फण्ड खाता सं0– 40180859960 आई0एफ0एस0सी0 कोड– SBIN0017279 में जमा की जायेगी। साथ ही 100 रु0 के स्टाम्प में स्वघोषणा पत्र, 10 रू0 के स्टाम्प में 90 दिवस निविदा वैधता शपथ पत्र व 10 रू0 के स्टाम्प पर करेक्टनेस शपथ पत्र भी निविदा के साथ मूल रूप से जमा करना अनिवार्य होगा। निविदा शुल्क, जमानत राशि एवं स्वघोषणा पत्र एवं शपथ पत्र मूल रूप से नगर पंचायत में ससमय न जमा करने की स्थिति में ठेकेदार की निविदा को अवैध माना जायेगा एवं प्रेत्यक कार्य के लिये अलग–अलग निविदा ही मान्य होगी अन्यथा बिना कारण बताये एक अथवा सम्पूर्ण निविदायें अस्वीकार कर दी जायेगी। स्वीकार/अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार अध्यक्ष / अधिशासी अधिकारी महोदय में निहित है।

**नोट:- निविदा सन्दर्भित अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में सम्बन्धित विभाग / पटल से सम्पर्क करें।**

| क्र. सं. | मुहाल | कार्य का विवरण | आगणन राशि (जी0एस0टी) रहित) | जमानत राशि (10%) | निविदा मूल्य | कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हटवारा | नगर पंचायत सरीला में मुहाल हटवारा वार्ड नं0 1 में काशीराम कालौनी रोड पर अनिल राजपूत के मकान के पास 5000 ली0 पानी की टंकी आटोमेटेड सबमर्सिबल, बोरिंग प्लास्टिक पाईप लाईन फिटिंग, नल फिटिंग सहित पाईप लाईन विस्तार कार्य। | 9.33 | 93300.00 | 950.00 | 2 माह |
| 2 | हटवारा | नगर पंचायत सरीला में मुहाल हटवारा वार्ड नं0 1 क्षेत्राधिकारी कार्यालय के पास 5000 ली0 पानी की टंकी आटोमेटेड सबमर्सिबल, बोरिंग प्लास्टिक पाईप लाईन फिटिंग, नल फिटिंग सहित पाईप लाईन विस्तार कार्य। | 9.35 | 93500.00 | 950.00 | 02 माह |
| 3 | हटवारा | नगर पंचायत सरीला में मुहाल हटवारा वार्ड नं0 1 जरिया सटैंड के पास 5000 ली0 पानी की टंकी आटोमेटेड सबमर्सिबल, बोरिंग प्लास्टिक पाईप लाईन फिटिंग, नल फिटिंग सहित पाईप लाईन विस्तार कार्य। | 9.52 | 95200.00 | 950.00 | 02 माह |
| 4 | हटवारा | नगर पंचायत सरीला में मुहाल हटवारा वार्ड नं0 1 बी0आर0सी0 के पारा 5000 ली0 पानी की टंकी आटोमेटेड सबमर्सिबल, बोरिंग प्लास्टिक पाईप लाईन फिटिंग, नल फिटिंग सहित पाईप लाईन विस्तार कार्य। | 9.37 | 93700.00 | 950.00 | 02 माह |
| 5 | मांझखोर | नगर पंचायत सरीला में मुहाल मांझखोर वार्ड नं0 9 में कान्हा गौशाला के पास 5000 ली0 पानी की टंकी आटोमेटेड सबमर्सिबल, बोरिंग प्लास्टिक पाईप लाईन फिटिंग, नल फिटिंग सहित पाईप लाईन विस्तार कार्य। | 9.38 | 93800.00 | 950.00 | 02 माह |
| 6 | मांझखोर | नगर पंचायत सरीला में मुहाल मांझखोर वार्ड नं0 7 में सी0एच0सी0 के अन्दर 5000 ली0 पानी की टंकी आटोमेटेड सबमर्सिबल, बोरिंग प्लास्टिक पाईप लाईन फिटिंग, नल फिटिंग सहित पाईप लाईन विस्तार कार्य। | 9.40 | 94000.00 | 950.00 | 02 माह |
| 7 | गुरूदेवपुरा | नगर पंचायत सरीला में मुहाल गुरुदेवपुरा वार्ड नं0– 6 में ब्लाक के पास 5000 ली0 पानी की टंकी आटोमेटेड सबमर्सिबल, बोरिंग प्लास्टिक पाईप लाईन फिटिंग, नल फिटिंग सहित पाईप लाईन विस्तार कार्य। | 9.50 | 95000,00 | 950.00 | 02 माह |
| 8 | हटवारा | नगर पंचायत सरीला में मुहाल हटवारा वार्ड नं0 1 में जगमोहन अनुरागी के पास 5000 ली0 पानी की टंकी आटोमेटेड सबमर्सिबल, बोरिंग प्लास्टिक पाईप लाईन फिटिंग, नल फिटिंग सहित पाईप लाईन विस्तार कार्य। | 9.42 | 94200.00 | 950.00 | 02 माह |
| 9 | गुरूदेवपुरा | नगर पंचायत सरीला में मुहाल गुरुदेवपुरा वार्ड नं0 6 में राम कुमार अनुरागी के पास 5000 ली0 पानी की टंकी आटोमेटेड सबमर्सिबल, बोरिंग प्लास्टिक पाईप लाईन फिटिंग, नल फिटिंग सहित पाईप लाईन विस्तार कार्य। | 9.43 | 94300.00 | 950.00 | 02 माह |
| 10 | हटवारा | नगर पंचायत सरीला में मुहाल हटवारा वार्ड नं0 1 में जगदीश खटीक के पास 5000 ली0 पानी की टंकी आटोगेटेड सबमर्सिबल, बोरिंग प्लास्टिक पाईप लाईन फिटिंग, नल फिटिंग सहित पाईप लाईन विस्तार कार्य। | 9.45 | 94500.00 | 950.00 | 02 माह |
| 11 | हटवारा | नगर पंचायत सरीला में मुहाल हटवारा वार्ड नं0 3 में कन्या प्राथमिक विद्यालय के अन्दर के पास 5000 ली0 पानी की टंकी आटोमेटेड सबमर्सिबल, बोरिंग प्लास्टिक पाईप लाईन फिटिंग, नल फिटिंग सहित पाईप लाईन विस्तार कार्य। | 9.47 | 94700.00 | 950.00 | 02 माह |
| 12 | हटवारा | नगर पंचायत सरीला में मुहाल हटवारा वार्ड नं0 9 में सिद्धा पूर्व सभासद के पास 5000 ली0 पानी की टंकी आटोमेटेड सबमर्सिबल, बोरिंग प्लास्टिक पाईप लाईन फिटिंग, नल फिटिंग सहित पाईप लाईन विस्तार कार्य। | 9.48 | 94800.00 | 950.00 | 02 माह |

अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत सरीला
हमीरपुर

अध्यक्ष
नगर पंचायत सरीला
हमीरपुर


# खनन करने का वीडियो पोस्ट कर पुलिस को चुनौती दे रहे माफिया

संवाददाता अयाना, औरैया

**अमृत विचार।** बीहड़ पट्टी में सक्रिय खनन माफिया के अंदर पुलिस व प्रशासन का जरा भी भय नहीं बचा है। चौकी के बाहर मिट्टी लदे ट्रैक्टर-ट्रॉली खड़े कर रील बनाने में कार्रवाई होने के बाद भी खनन माफिया के हौसले बुलंद हैं। खनन माफिया आए दिन खनन करने की वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर पुलिस को चुनौती दे रहे हैं। हालांकि अमृत विचार अखबार इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

अयाना थाना क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन का कार्य जोरों से चल रहा है। बीहड़ी क्षेत्र में खनिज विभाग से करीब 10 स्थानों पर मिट्टी खनन की अनुमति है। इनमें से अधिकांश अनुमति ईंट भट्टों पर मिट्टी डालने के लिए ली गई हैं। खनन माफिया इन स्थानों पर मानक के विपरीत जाकर जेसीबी की मदद से खनन करते हैं। भट्टे पर मिट्टी डालने के साथ ही आसपास के क्षेत्र में तीन से चार हजार रुपये ट्रॉली के हिसाब से मिट्टी बेचने में जुटे हैं। वहीं पुलिस का कहना है की जांच की जा रही है।

# अरुण अध्यक्ष व लक्ष्मीद्वीप बनीं महामंत्री

कार्यालय संवाददाता औरैया



नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत करते सदस्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** दिबियापुर नगर स्थित में अकादमिक रिसोर्स पर्सन (एआरपी) संगठन की जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया।

प्रदेश कार्यकारिणी के निर्देश पर प्रदेश उपाध्यक्ष पूनम सिंह, प्रदेश संगठन मंत्री शरद राय एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रबल प्रताप को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया था। इनके निर्देशन में औरैया जनपद में एआरपी संगठन का चुनाव सभी पदों पर सर्वसम्मति से निर्विरोध संपन्न हुआ। चुनाव परिणाम के अनुसार अरुण दीक्षित को अध्यक्ष, लक्ष्मीद्वीप राजपूत को महामंत्री, अमित कुमार को कोषाध्यक्ष, योगेश प्रताप को वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा विपिन वाजपेयी को संयुक्त मंत्री चुना गया। कार्यक्रम का संचालन एआरपी योगेश दीक्षित एवं मंडल संयोजक अनुजा सेंगर ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी एआरपी सदस्यों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी और संगठन से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयास की अपेक्षा जताई।

बदहाली

यमुना तट पर स्थित स्नान स्थल मार्ग व स्नान स्थल हुआ क्षतिग्रस्त

# यमुना तट पर सुविधाओं का अभाव

कार्यालय संवाददाता, औरैया



क्षतिग्रस्त पड़ा स्नान स्थल। अमृत विचार

- स्नान कुंड के समीप गीली मिट्टी से दुर्घटना होने की आशंका

**अमृत विचार।** समाजसेवी संगठन एक विचित्र पहल सेवा समिति, औरैया की एक बैठक यमुना तट पर स्थित राम झरोखा में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता संस्था के राजीव पोरवाल (रानू) ने की। बैठक में प्रमुख रूप से यमुना तट स्थल की समस्याओं के निराकरण हेतु विचार विमर्श किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए समिति के संस्थापक आनन्द नाथ गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि स्वच्छता अभियान के अंतर्गत समिति द्वारा यमुना तट को स्वच्छ एवं निर्मल तथा उसके सौंदर्यीकरण हेतु जनहित को दृष्टिगत रखते हुए विगत 8 फरवरी-2015 प्रथम चरण से 17 जनवरी को 168 वें चरण तक अनवरत् सफाई अभियान चलाया जा रहा हैं, समिति के प्रयास द्वारा प्रशासनिक व जन सहयोग से यमुना तट पर गए हुए लोगों हेतु यथासंभव सुविधाओं को मुहैया कराया गया। उन्होंने बताया कि यमुना तट पर शहर व ग्रामीण क्षेत्रों की लगभग 10 अंत्येष्टियों में प्रतिदिन हजारों लोगों का आवागमन होता हैं तथा धार्मिक पर्वों पर भी अपनी श्रद्धा के चलते श्रद्धालु यमुना में आस्था की डुबकी लगाने आते हैं। आरती स्थल चबूतरा व यमुना नदी में स्नान के उपरांत महिलाओं को वस्त्र बदलने के लिए कोई सुरक्षित बरामदा आदि की व्यवस्था नहीं है। यमुना तट पर मूलभूत सुविधाओं का अभाव हैं। यमुना तट पर एक नए पुल का निर्माण हो रहा हैं, उसके निर्माण से संबंधित भारी वाहनों का आवागमन होता रहता हैं। गौरतलब है कि स्नान कुंड के सामने मार्ग पर गीली मिट्टी का जमावड़ा है, तथा स्नान कुंड के सामने का प्लेटफार्म अंदरुनी पानी के रिसाव से काफी क्षतिग्रस्त हो गया हैं, जिससे अंत्येष्टि में आए लोगों को स्नान आदि प्रक्रिया करने में काफी परेशानी हो रही हैं, ऐसी स्थिति में दुर्घटना का भी आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता हैं। समिति के सदस्यों ने जनहित को दृष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन व नगर पालिका प्रशासन के अधिकारियों से यमुना तट स्थल का निरीक्षण कर क्षतिग्रस्त स्नान चबूतरे को दुरुस्त कराने व संबंधित मार्ग को जेसीबी मशीन द्वारा साफ सफाई करने की मांग की हैं। बैठक में प्रमुख रूप से राजीव पोरवाल, आनन्द नाथ गुप्ता, समाजसेवी एल.एन. गुप्ता, अजय, सुधीर कुमार, रज्जन वाल्मीकि रहे।

# मालगाड़ी की चपेट में आने से युवक घायल

**दिबियापुर ।** थाना क्षेत्र में डीएफसी रेलवे लाइन पार करते समय एक युवक मालगाड़ी की चपेट में आकर घायल हो गया।

यह हादसा गपकापुर की मंढैया के पास खंभा संख्या 572/27 के निकट हुआ। मालगाड़ी की चपेट में आने से ब्रजेश के सिर में गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद परिजनों ने उसे तत्काल सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए सैफई अस्पताल रेफर कर दिया। ग्रामीणों के अनुसार ब्रजेश अपनी बहन खुशराज के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए फफूंद के पास गांव मुड़ी गए थे। बताया जा रहा है कि वहां किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी, जिसके बाद ब्रजेश गुस्से में वहां से निकल आए और पीछे-पीछे उनके परिजन भी आ रहे थे। इसी दौरान यह हादसा हो गया। उसका इलाज जारी है।

## न्यूज ब्रीफ

### दो अजगर निकलने से किसान परेशान

**पौथिया।** ललपुरा गांव में सत्ती दीन के खेत के बगल में 63 नंबर राजकीय नलकूप की हौद से नीम के पेड़ के आसपास दो विशालकाय अजगर विचरण कर रहे हैं। खेतों में जाने वाली महिलाएं व किसान दहशत में हैं। प्रधान प्रतिनिधि लालदीवान ने बताया धूप खिलने पर दोनों अजगर हौद से बाहर निकल आते हैं। सर्द हवा लगते ही हौद व पाइप के अंदर घुस जाते हैं। किसानों ने वन क्षेत्राधिकारी से अजगर को पकड़ कर जंगल में छोड़ने की मांग की है।

### सवारियां बैठाने को लेकर चले लात-घूंसे

**कुरारा।** थाना क्षेत्र के कुसमरा गांव में सवारियां बैठाने को लेकर दो वाहन चालकों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों के बीच जमकर लात-घूंसे चले। जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना के दौरान आसपास मौजूद लोगों ने मारपीट का वीडियो अपने मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया। जिसे बाद में सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। वायरल वीडियो में दोनों चालक एक-दूसरे पर हमला करते हुए साफ दिखाई दे रहे हैं। जबकि कुछ लोग बीच-बचाव का प्रयास करते नजर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि सवारियां बैठाने को लेकर पहले कहासुनी हुई, जिसके बाद विवाद उग्र हो गया।

### मध्यस्थता अभियान 2.0 को लेकर बैठक

**हमीरपुर।** जनपद न्यायाधीश मनोज कुमार राय की अध्यक्षता में राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान 2.0 को लोकर न्यायिक अधिकारियों की बैठक हुई। न्यायिक अधिकारियों से कहा गया कि अधिक से अधिक मामलों को आपसी सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित कराने का प्रयास करें। बैठक में प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय ज्ञान प्रकाश सिंह, अपर जिला जज प्रथम उदयवीर सिंह, विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट रनवीर सिंह, विशेष न्यायाधीश अनिल कुमार खरवार, कीर्तिमाला सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह, सिविल जज (सीडि) निहारिका जायसवाल, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अभिषेक त्रिपाठी, महेन्द्र कुमार पाण्डेय, सिविल जज वन्दना अग्रवाल, अंकित पाल, अवू कीर्ति मिश्रा, शैली शरण आदि रहे।

### नि:शुल्क बीज किट की ई लॉटरी आज

**हमीरपुर।** उप कृषि निदेशक प्रदीप कुमार ने बताया कि जनपद स्तर पर विभिन्न केन्द्रीय एवं राज्य सेक्टर की योजनाओं के अन्तर्गत दलहन नि:शुल्क मिनीकिट बीज वितरण के लिए ऑनलाइन पोर्टल पर प्राप्त आवेदन के लाभार्थियों का चयन ई-लाटरी के माध्यम से 20 जनवरी को विकास भवन सभागार कुछेछा में प्रातः 10:30 बजे चयन किया जाएगा। उन्होंने समस्त किसानों से अपील है कि उक्त लॉटरी प्रक्रिया में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करें।

### प्रयोगात्मक परीक्षा 24 व 25 जनवरी को

**मौदहा।** गांधी इंटर कॉलेज के रसायन विभाग के हेड ऑफ द डिपार्टमेंट नंदन त्रिपाठी ने इंटरमीडिएट संस्थागत छात्र-छात्राओं को सूचित किया है कि उनकी रसायन विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा 24 व 25 जनवरी को होना सुनिश्चित हुई है। सभी छात्र-छात्राएं विद्यालय में प्रातः 8:30 से अपनी उपस्थिति दर्ज करायें।

### मेरा आंगन मेरे बच्चे कार्यक्रम आयोजित

**हमीरपुर।** कुछेछा बीआरसी में मेरा आंगन मेरे बच्चे कार्यक्रम हुआ। अध्यक्षता बीईओ प्रभाकर सिंह तोमर ने की। शिक्षक अकबर अली ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत कार्यक्रम के उद्देश्य एवं आंगनबाड़ी को पूर्व प्राथमिक विद्यालय से जोड़ने की अवधारणा पर प्रकाश डाला। नोडल शिक्षक, एआरपी, एसआरजी एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ती उपस्थित रहीं। खंड शिक्षा अधिकारी ने 5 से 6 वर्ष के बच्चों तथा कक्षा 1 व 2 के विद्यार्थियों के लिए विशेष शिक्षा का लक्ष्य निर्धारित करते हुए 25 बच्चों को ज्योमेट्री बॉक्स व शैक्षिक सामग्री वितरित की।

### महिला ने पति के खिलाफ दी तहरीर

**बिवांर।** उमरी गांव की मधु पुत्री बिंदा प्रसाद धुरिया ने तहरीर में बताया कि 8 साल पहले महोबा के चरखारी क्षेत्र के बैयहारी निवासी लवकुश से शादी हुई थी। एक पुत्र, पुत्री है। पति के कहने पर 7 लाख रुपये का कर्ज लिया था। पति जमा नहीं कर रहा है। एक साल पहले पति ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया था। वह मायके में है। थानाध्यक्ष ने बताया कि जांच कर कार्रवाई होगी।

# दुराचार के आरोपी को कोर्ट में पेश नहीं कर सकी पुलिस

- लव जिहाद के आरोपी को हैलट अस्पताल से नहीं मिली छुट्टी
- सोमवार को अदालत में हाजिर करने की तैयारी में थी पुलिस

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** लव जिहाद, धर्मांतरण का दबाव बनाने और गैंगरेप के मुख्य आरोपी की हालत में अभी सुधार नहीं हो सका है। मुठभेड़ में पुलिस की गोली लगने की वजह से चलने-फिरने में असमर्थ होने के कारण उसे अभी अस्पताल से छुट्टी नहीं मिल सकी है। इस वजह से पुलिस आरोपी को सोमवार को अदालत में नहीं पेश कर सकी।

सुमेरपुर कस्बे की हिंदू किशोरी को प्रेम जाल में फंसाकर गैंगरेप के बाद धर्मांतरण का दबाव बनाने और अश्लील वीडियो सोशल मीडिया में वायरल करने के मुख्य आरोपी अफान खान को पुलिस सोमवार को अदालत नहीं ला सकी। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि उसका कानपुर के हैलट अस्पताल में पुलिस कस्टडी में उपचार चल रहा है। उसकी हालत में सुधार नहीं होने के कारण डॉक्टरों ने अभी छुट्टी देने से मना कर दिया है।


पुलिस ने मुठभेड़ में आरोपी को गिरफ्तार किया था।

पुलिस की मुठभेड़ के दौरान दाहिने पैर में गोली लगने की वजह से वह अभी भी चलने-फिरने में असमर्थ है। हैलट अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद ही उसे अदालत में पेश किया जाएगा। उधर, पूछताछ के आधार पर इस मुकदमे में बढ़ाए गए आरोपी भी पुलिस की पकड़ से अभी दूर हैं। उन्हें पकड़ने के लिए पुलिस लगातार दबिशें दे रही है, लेकिन अभी तक सफलता नहीं मिली है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस की टीमें गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी हुई है, जल्द ही सभी को गिरफ्तार करके जेल भेजा जाएगा।

**सिंचाई विभाग भी रिपोर्ट बनाने में जुटा:** शासन के निर्देश पर सिंचाई विभाग भी महोबा से जुड़ी सुमेरपुर बंधी की रिपोर्ट तैयार करने में जुट गया है। टीम दो दिन बाद मौके पर पहुंचकर बंधी की नाप-जोख करेगी और रिपोर्ट प्रशासन को देगी। लव जिहाद, धर्मांतरण, गैंगरेप के आरोपी का लॉज बस स्टैंड के पास सिंचाई विभाग की बंधी ध्वस्त कर बनाया गया है। वर्ष 2021 में हाईकोर्ट ने सिंचाई विभाग की रिपोर्ट पर बंधी में बने आवासों को ढहाने के आदेश पारित किए थे। इस आदेश पर प्रशासन ने हाईकोर्ट से छह माह की मोहलत मांगी थी। इसके बाद इस आदेश को प्रशासन दबाकर बैठ गया था। इस घटना के बाद अब प्रशासन फिर सक्रिय हुआ है। चूंकि बंधी सिंचाई विभाग महोबा के अधीन है, लिहाजा सिंचाई विभाग की रिपोर्ट पर ही कार्रवाई हो सकती है। नगर पंचायत बस स्टैंड में बने लॉज पर नोटिस चस्पा कर अवैध बता चुका है।

सिंचाई विभाग महोबा के एसडीओ रवि गुप्ता ने बताया कि सोमवार को ऑफिस खुलने पर अभिलेख तैयार किया जा रहे हैं। बुधवार को मौके पर पहुंचकर नाप-जोख की जाएगी और रिपोर्ट बनाकर प्रशासन को सौंपी जाएगी। उन्होंने बताया कि सुमेरपुर की यह बंधी 40 फीट चौड़ी है।

### पिता और छोटी बहू के लाइसेंस निलंबित

- सुमेरपुर कस्बे में लव जिहाद, धर्मांतरण, गैंगरेप के मामले में प्रशासन की कार्रवाई लगातार जारी है। वन विभाग की ओर से आरोपियों की आरा मशीन को पहले ही सीज कर दिया था। अब मंडी परिषद की ओर से जारी लाइसेंस को भी मंडी सचिव ने निलंबित कर दिया है। मंडी सचिव ब्रजेश कुमार निगम ने बताया कि मौलाना खान के पिता लल्लू भाईजान और उनकी छोटी बहू बुलबुल के नाम पर मंडी समिति की ओर से लकड़ी कारोबार के लाइसेंस दिए गए थे। मंडी के सभापति एसडीएम सदर के निर्देश पर दोनों के लाइसेंस निलंबित कर दिए गए हैं।

### बाइक की चेन टूटने से युवक घायल

**बिवांर (हमीरपुर)।** घर वापस आ रहे बाइक सवार की बाइक की चैन के टूटकर उलझने से सड़क पर गिर कर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

थानाक्षेत्र के उमरी निवासी दिलीप सिंह 25 पुत्र रामशरण सिंह किसी कार्य से इमिलिया गांव गया था। शाम करीब छह बजे अपनी बाइक से वापस घर लौट रहा था। युवक जैसे ही शाश्वत शांति इंटर कॉलेज के पहले गौशाला के पास पहुंचा। अचानक उसकी बाइक की चैन टूटकर पहिये में उलझ गई। जिससे बाइक सवार युवक झटके के साथ घायल होकर जमीन में अचेत होकर गिर गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी नंदराम प्रजापति ने घायल को एंबुलेंस में ले जाकर छानी सीएचसी में भर्ती कराया है। जहां प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

# कानपुर-सागर हाईवे पर जाम

## बेतवा पुल पर डंपर खराब होने से 5 किलोमीटर लंबा जाम लगा, स्कूली बच्चे फंसे रहे


जाम के चलते पैदल बेतवा नदी पुल पार करते यात्री। अमृत विचार


जाम के चलते हाईवे पर लगी वाहनों की लंबी कतार। अमृत विचार

- दो घंटे के जाम में वाहनों की लंबी कतार लगी रही
- क्रेन से डंपर को हटाने के बाद चालू हुआ आवागमन

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** कानपुर-सागर हाईवे पर बेतवा पुल में खाली डंपर खराब होने से सोमवार की सुबह भीषण जाम लग गया, जिससे स्कूली बच्चों सहित यात्री घंटों जाम में फंसे रहे। बस में सवार यात्रियों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जाम की सूचना पर पहुंची यातायात पुलिस ने क्रेन की मदद से डपर को हटवाया। इसके बाद वाहनों का आवागमन शुरू हो सका। करीब दो घंटे के इस जाम में पांच किलोमीटर तक सैकड़ों वाहन फंसे रहे और लोग परेशान दिखे।

सोमवार की सुबह करीब नौ बजे कानपुर-सागर हाईवे स्थित बेतवा पुल पर सुमेरपुर की ओर जा रहा खाली डंपर खराब हो गया। डंपर के स्टार्ट न होने से कुछ ही देर में हाईवे पर वाहनों की कतारें लगना शुरू हो गई और देखते ही देखते सैकड़ों वाहन जाम में फंस गए। धीरे-धीरे जाम बेतवा पुल से यमुना पुल और दुर्गा मोड तक पहुंच गया। वहीं सुमेरपुर की ओर यह जाम कुछेछा तक पहुंच गया। जाम के कारण स्कूली बसें आदि फंस गई। जिससे स्कूल जाने वाले छात्रों को देर हुई।

इतना ही नहीं, रोडवेज बसें, कार और बाइक सवार भी इस जाम में फंस गए। जाम में फंसे लोगों ने बताया कि हाईवे पर लगने वाले जाम के कारण आए दिन लोगों को परेशानी होती है, लेकिन इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। करीब दो घंटे तक पांच किमी से अधिक दूरी तक हाईवे पर जाम लगा रहा। सूचना पर यातायात प्रभारी हरवेंद्र सिंह और सदर कोतवाल पवन पटेल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जाम खुलवाते रहे। तब कहीं जाकर यातायात बहाल हो सका। यातायात प्रभारी हरवेंद्र सिंह ने बताया कि बेतवा पुल पर खाली डंपर खराब होने से जाम लगा था। क्रेन से डंपर को हटवा दिया गया है और अब वाहनों का संचालन सुचारू रूप से हो रहा है।

### कब्जा दिलाने की उठाई गई आवाज

**हमीरपुर।** बंडा गांव निवासी सीलिंग पट्टे धारकों को कब्जा दखल दिलाने की मांग को लेकर सोमवार को एएसडीएम को ज्ञापन सौंपा है।

सुमेरपुर विकासखंड के बंडा निवासी नंदू, मूलचंद्र, विजय पाल आदि ने दिए ज्ञापन में आरोप लगाते हुए बताया कि वह अतिरिक्त घोषित सीलिंग भूमि के आवंटी है। उनको सीलिंग भूमि का पट्टा वर्ष 1977 में प्राप्त हुआ था तथा वर्ष 1980 में कब्जा दखल भी दिला दिया गया था। परंतु सीलिंग भूमि के खातेदार स्व.रघुराज सिंह तथा उनके मृत्यु के पश्चात् उनके पुत्र स्व.शिवशंकर सिंहू तथा शिवशंकर सिंह की मृत्यु के बाद पुत्र संजय सिंह पट्टे धारकों को परेशान कर रहे है। आवंटित भूमि पर कब्जा करने व खेती करने में व्यवधान उत्पन्न कर रहें है। बताया कि मूल खातेदार रघुराज सिंह के पुत्र स्व.शिवशंकर सिंह के द्वारा उच्च न्यायालय के समक्ष रिट याचिका दाखिल की गई थी, जिसे हाईकोर्ट ने निरस्त करते हुए सीलिंग अधिनियम में नियत प्राधिकारी सीलिंग व अपीलीय अधिकारी के आदेश को अन्तिम माना है। उन्होंने सीलिंग पत्रावली तलब कर कब्जा दिलाने की मांग की है।

# अखंड भारत को संगठित करने के लिए एकजुटता

- सरस्वती बाल मंदिर में हिंदू सम्मेलन के साथ ही मलिन बस्ती में किया गया संवाद

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे के सरस्वती बाल मंदिर इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान शीतला देवी मंदिर के पास की मलिन बस्ती में रहने वाले हिंदू समुदाय के लोगों से संवाद स्थापित किया गया।

सम्मेलन में दाता गढ़ी के महंत, रामलीला सांस्कृतिक समिति के मंत्री सुरेश खेवरिया, पतंजलि योगपीठ के सह मंत्री मूलचंद सैनी, कैलाश पासवान, संजय महावर, मोहन बाबूजी, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. महेश कुमार और सभासद नारायण यादव सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता के रूप में विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री अवधेश भारद्वाज ने कहाकि अब समय आ गया है कि समस्त हिंदू समाज अखंड भारत को संगठित करने के लिए एकजुट हो जाए। उन्होंने इस एकीकरण की शुरुआत पाक अधिकृत कश्मीर पीओके को भारत में मिलाकर करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सह वक्ता सहजिला व्यवस्था प्रमुख संजय महावर ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना 1925 में हुई थी। संघ के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में पूरे देश में बस्ती और मंडल स्तर पर हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है।

संघ ने अपने शताब्दी वर्ष पर विश्व के प्रत्येक हिंदू परिवार के घर-घर जाकर हिंदू राष्ट्र की सर्वांगीण उन्नति के लिए जन चेतना का अभियान चलाया है। इस मौके पर प्रमोद सिंह गौर, प्रधानाचार्य अखिलेश तिवारी, प्रबंधक श्याम सुंदर मुखिया, सोमेंद्र सिंह परिहार, शीतला माता बस्ती के बस्ती प्रमुख सरनाम सिंह, सह नगर संघचालक हरिनारायण नगायच, विभाग सेवा प्रमुख मातादीन द्विवेदी, जिला संपर्क प्रमुख राज किशोर, विष्णु गुप्त सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# वाराणसी में तोड़-फोड़ पर प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** वाराणसी में विकास के नाम पर ऐतिहासिक मणिकर्णिका घाट पर हुई तोड़-फोड़ के विरोध में सोमवार को कांग्रेस पार्टी की जिला इकाई ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न मांगों को लेकर राज्यपाल से संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है।

जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष गोविंद अहिरवार के नेतृत्व में दिए ज्ञापन में बताया कि वाराणसी में विकास के नाम पर ऐतिहासिक मणिकर्णिका घाट को अचानक ध्वस्त कर दिया गया है।कहा कि भाजपा सरकार बनारस की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत का विनाश कर रही है। घाट पर परंपरागत महत्व की मूर्तियों और संरचनाओं को तोड़ा गया है। वर्ष 1971 में अहिल्याबाई होल्कर ने इसका जीर्णोद्धार कराया था।


कांग्रेसियों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम ज्ञापन भेजा। अमृत विचार

जिलाध्यक्ष ने कहा कि वाराणसी में ऐतिहासिक इमारत को तोड़ कर भाजपा सरकार ने हिन्दुओं की आस्था के साथ खिलवाड़ किया है। पूर्व में किसी सरकार में किसी भी आस्था के केंद्र को नहीं तोड़ा गया है। जबकि वर्तमान सरकार में सबसे ज्यादा आस्था के केंद्रों को तोड़ने का काम किया जा रहा है। उन्होंने प्रकरण की जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही करने सहित ऐतिहासिक धरोहर का पुनर्निर्माण, माता अहिल्याबाई होलकर की मूर्ति की स्थापना, धार्मिक स्थलों का निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कराए जाने की मांग की है। इस मौके पर बालजी पांडे, उज्जवल पाठक, जयकरण, सूर्य किशोर तिवारी, हिमांशु सैनी, राहुल यादव, लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, देवेंद्र मोहन चौबे, दुष्यंत राजपूत, धर्मेंद्र गुप्ता, नीलम, कौशल किशोर द्विवेदी आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।

### सनातन का संदेश देने निकले संत

**मौदहा (हमीरपुर)।** भारत वर्ष के समस्त उदासीन अखाड़ों में हर 12 वर्ष में एक बार पहुंच सनातन का प्रचार प्रसार करती है। इसी श्रृंखला में उदासीन अखाड़े के संतों व नगर वासियों की मौजूदगी में यह यात्रा नगर मौदहा में निकाली गई।

यात्रा विद्या देवी पालीवाल कालेज से निकलकर मुख्य मार्ग से होती हुई उदासीन अखाड़ा के लक्ष्मी नारायण मंदिर पहुंच कर समाप्त हुई। इस यात्रा के दौरान जगह जगह भक्तों ने संतो पर फूल वर्षा कर उनका स्वागत किया। यात्रा में भ्रमणशील मंडल प्रयागराज से श्रीमन महंत अद्वेतानंद, सिंह महेश्वर मंदिर हमीरपुर महंत त्रिभुवनदास, श्रीचंद तपोभूमिनानक चक पंजाब से हरिकुम्भदास, लक्ष्मी नारायण मंदिर मौदहा उदासीन अखाड़ा के मुकामी महंत बलभद्रदास, व हरिद्वार से आये महंत बलवंतदास सहित आधा सैकड़ा संत मौजूद रहे।

# राशन की दुकान खोलने की मांग

- उमन्नियां गांव के लोगों ने ज्ञापन सौंपकर उठाई अपनी आवाज
- चिरवा गांव सरकारी राशन की दुकान के निर्माण का विरोध

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के उमन्निया गांव में राशन की दुकान के निर्माण को लेकर विवाद सामने आया है। सोमवार को दिव्यांग महिला कोटेदार जुलेखा खातून सहित ग्रामीणों ने एसडीएम अभिमन्यु कुमार को एक प्रार्थना पत्र सौंपा। उन्होंने उमन्निया गांव में ही सरकारी राशन की दुकान बनाए जाने की मांग की है।

जुलेखा खातून पत्नी एहसान खान के साथ नसीब अहमद, रईस खान, हसीम खान, निजाम और शमीम फौजी सहित कई ग्रामीण तहसील पहुंचे। ग्रामीणों ने उमन्निया के गाटा संख्या 200 में राशन की दुकान के निर्माण की मांग की। कोटेदार जुलेखा खातून ने बताया कि वह दिव्यांग है। उमन्निया तथा चिरवा गांव एक ही ग्राम पंचायत में आते हैं। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी हमीरपुर ने पहले ग्राम उमन्निया के गाटा संख्या 200 में सरकारी राशन की दुकान बनाने का आदेश दिया था। इसके बावजूद, ग्राम चिरवा में सरकारी राशन की दुकान का निर्माण किया जा रहा है। जुलेखा खातून के अनुसार, पहले उमन्निया गांव से ही राशन वितरण होता था और चिरवा में दुकान बनने से उन्हें दिव्यांग होने के कारण काफी असुविधा होगी। इस मामले में एसडीएम अभिमन्यु कुमार ने बताया कि प्रकरण की जानकारी ली जाएगी और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।


एसडीएम को ज्ञापन देने जाते उमन्नियां गांव के ग्रामीण। अमृत विचार


# ब्रह्मानंद महाविद्यालय के अध्यक्ष बने इंद्रपाल

- सिर्फ एक नामांकन होने से निर्विरोध चुनाव हुआ

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे के ब्रह्मानंद महाविद्यालय प्रबंध तंत्र समिति के अध्यक्ष पद के चुनाव में सोमवार को नामांकन पत्रों की जांच प्रक्रिया पूरी हुई। निर्वाचन अधिकारी महेंद्र पाल सिंह एडवोकेट ने बताया कि रविवार को नामांकन की प्रक्रिया हुई थी।

नामांकन के दौरान महाविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष डा.इंद्रपाल सिंह ने सादगी के साथ अपना नामांकन किया था। चुनाव में समिति के किसी अन्य सदस्य द्वारा अध्यक्ष पद के लिए नामांकन न करने पर डा. इंद्रपाल सिंह का निर्विरोध रूप से अध्यक्ष तय माने जाने लगा है। डा.इंद्रपाल सिंह लोधी के अध्यक्ष बनने पर सोमवार को एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष से मिलकर उन्हें बधाई दी। इस दौरान एमएलसी ने अध्यक्ष को अपना पूरा सहयोग देने का वादा किया।


बधाई देते एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर।

प्रतिभा का सम्मान

छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय टीम का हिस्सा बनने के बाद बनाई पहचान

# अंतर्राज्यीय कबड्डी खिलाड़ी अंशुल का हुआ सम्मान

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** प्रतिभा किसी परिचय की मोहताज नहीं होती है। यह बात सुमेरपुर कस्बे निवासी अंतर्राज्यीय कबड्डी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी अंशुल को वर्णिता संस्था ने प्रतीक चिह्न एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित करते हुए संस्था के अध्यक्ष डॉ.भवानीदीन ने कही।

कस्बा निवासी राजन प्रसाद उर्फ़ पप्पू बैंड वाले के पुत्र अंशुल एक होनहार खिलाड़ी हैं। यह प्रारम्भ से कबड्डी के क्षेत्र में आगे रहे हैं। अंशुल का कानपुर विश्वविद्यालय की टीम में भी चयन हुआ। यहां उन्होंने पहचान बनाई। इस पर विश्वविद्यालय ने उन्हें खेल क्षेत्र में सारी सुविधाएं उपलब्ध कराईं। उनकी मेहनत रंग लाई और उप्र की कबड्डी टीम में चयन हो गया। इन्हें इनके बड़े भाई अनीस ने सदैव प्रोत्साहित कर आगे बढ़ाया।


कबड्डी खिलाड़ी अंशुल को सम्मानित करते डॉ.भवानीदीन। अमृत विचार

पिछले पांच से 11 जनवरी तक अंशुल ने अंतर्राज्यीय कबड्डी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर कुछ राज्यों को हराया भी। इस होनहार खिलाड़ी अंशुल को वर्णिता संस्था के अध्यक्ष डॉ.भवानीदीन ने प्रतीक चिह्न एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित कर उज्जवल भविष्य की कामना की। सम्मान समारोह में अशोक अवस्थी, सिद्धा, महावीर, रामनारायण, रामबाबू, सतेंद्र और राहुल आदि शामिल रहे।

### महाराणा प्रताप सिंह की पुण्यतिथि पर गोष्ठी

- **सुमेरपुर।** वर्णिता संस्था के तत्वावधान में शौर्य और साहस के साक्षी महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए अध्यक्ष डॉ.भवानीदीन कहा कि वह सच्चे अर्थों में मां भारती के एक बेजोड़ सूरमा थे। मुगलकाल में देश के प्रति इनके योगदान को विस्मृत नहीं किया जा सकता है। कहा कि उनका 09 मई 1540 को उदय सिंह और जयवंता बाई के घर जन्म हुआ था। उन्होंने जीवनान्त मुगलों से लोहा लिया। उन्होंने जीवन भर मुगल शासक अकबर से जंग लड़ी, कभी हार स्वीकार नहीं की और न अकबर से पराजित हुए। राजस्थान में ही एक युद्ध में घायल हो गये थे। कालांतर में इनका 19 जनवरी 1597 को इनका निधन हो गया था। उनके महत्व को नकारा नहीं जा सकता है। कार्यक्रम में अशोक अवस्थी, सिद्धा, प्रेम, सागर, प्रिन्स, रिचा, महावीर प्रजापति, रामनारायण सोनकर, विकास, भोलू सिंह, रामबाबू, सतेन्द्र और राहुल प्रजापति आदि शामिल रहे।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

## न्यूज ब्रीफ

### दो बाइकों की टक्कर में दो गंभीर घायल

**महोबा।** चरखारी तहसील क्षेत्र के बारी गांव का रहने वाला संतोष कुमार (35) बाइक पर सवार होकर किसी काम से चरखारी जा रहा था। जैसे ही वह पुल के समीप पहुंचा, तभी सामने से आई तेज रफ्तार बाइक से आमने-सामने भिड़ंत हो गई। दोनों बाइकों में सीधी टक्कर हो जाने के कारण संतोष और दूसरी बाइक में सवार गांव के प्रधान कृष्णगोपाल मिश्रा घायल हो गए। दोनों को ग्रामीणों ने एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर संतोष की हालत नाजुक होने पर मेडिकल कालेज झांसी के लिए रेफर कर दिया गया।

### आज खोली जाएगी बीज क ई-लाटरी

**महोबा।** कृषि निदेशालय (बीजएवं प्रक्षेत्र अनुभाग) उत्तर प्रदेश के नि:शुल्क जायद-2026 बीज मिनीकिट वितरण एवं प्रसार कार्यक्रम के अन्तर्गत जायद 2026 में किसानों ने ऑनलाइन दर्शन 2.0 पोर्टल के माध्यम से 20 दिसम्बर 2025 से 15 जनवरी 2026 तक बुकिंग की गई थी, जिसमें उर्द, मूंग मिनीकिट में लक्ष्य से अधिक बुकिंग की गई है। बुकिंग के बाद ई-लाटरी जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति के समक्ष 20 जनवरी को दोपहर 12 बजे एनआईसी सभागार, कलैक्ट्रेट में खोली जायेगी। विभाग के अधिकारी ने आनलाइन करने वाले किसान भाइयों से निर्धारित तिथि पर समय से पहुंचकर कार्यक्रम में प्रतिभाग करने की बात कही।

### बुजुर्गों का शाल ओढ़ा कर किया सम्मान

**बेलाताल।** शीतला प्रसाद राजपूत की पुन्यतिथि पर बछेछरकला गांव में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जहां पर वयोवृद्ध नागरिकों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। ग्राम प्रधान रणविजय सिंह राजपूत की अगुवाई में 400 ग्रामीणों को कंबल वितरित किए गए। वृद्धजनों को फूलमाला पहनाकर, शाल ओढ़ाकर और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर धीरेंद्र सिंह यादव, प्रधान संगठन ब्लाक अध्यक्ष अभिषेक रावत, देवेंद्र अरजरिया, संदीप पांडेय, सुभाष राजपूत, चरन सिंह यादव आदि लोग मौजूद रहे।

### विस्फोटक की जद में आया किशोर घायल

**महोबा।** चरखारी तहसील के सालट गांव में जंगली जानवरों का शिकार किए जाने को लेकर रखे विस्फोटक की जद में आकर एक चौदह वर्षीय किशोर घायल हो गया। सालट निवासी सचिन (14) बकरियां चराने के लिए जंगल गया था, तभी उसकी नजर जमीन पर पड़ी एक संदिग्ध वस्तु पर पड़ी थी। सचिन ने जैसे ही उसे को छुआ, तेज धमाके के साथ उसके दोनों हाथ जख्मी हो गए। आवास सुनकर परिजन जिला अस्पताल लाए, जहां पर डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद झांसी मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। कोतवाली प्रभारी प्रवीण कुमार ने बताया कि किसान अपने खेतों में लगी फसल को नीलगाय या अन्य जानवरों को बचाने और उन्हें भगाने के लिए पटाखा आदि का प्रयोग करते हैं। ऐसी ही कोई विस्फोटक सामग्री पड़ी थी। पुलिस घटना की जांच करने में जुटी हुई है।

# सड़क खोदाई के विरोध में बंद रहे चरखारी के बाजार

संवाददाता, चरखारी (महोबा)

- जगह-जगह सड़कें खोदे जाने के विरोध में दिया गया धरना
- व्यापार मंडल ने बाजार बंद कर एडीएम को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार।** हर घर जल योजना के लिए कस्बे भर मे बिछाई जा रही पाइप लाइनों से लोगों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। सुचारू रूप से मरम्मत के कार्य में तेजी लाने की तमाम शिकायतों के बाद भी प्रशासन के कार्रवाई न किए जाने पर सोमवार को उद्योग व्यापार मंडल ने बाजार बंद करके विरोध जताते हुए धरना प्रशर्दन किया और एडीएम को ज्ञापन सौंपा। प्रशासन के आश्वासन पर व्यापार मंडल ने दुकानें खोलीं।

हर घर जल योजना के तहत पूरे कस्बा में पाइप लाइन बिछाए जाने का कार्य प्रगति पर है, लेकिन कार्यदायी संस्था तथा जिम्मेदार



एडीएम को ज्ञापन देते व्यापार मंडल के पदाधिकारी। अमृत विचार

विभाग की लापरवाही से व्यापार मंडल, अधिवक्ता संघ व आम लोगों में आक्रोश दिखा। जगह-जगह खुदाई किए जाने से नाराज नगर उद्योग व्यापार मण्डल के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बाजार बन्दी की गयी। शत प्रतिशत बाजार बंदी की खबर पाते ही जिला प्रशासन हरकत में आया। एडीएम नमामि गंगा मुईनुल इस्लाम, एसडीएम धीरेन्द्र कुमार, अधिशाषी अभियन्ता जल निगम धरना स्थल पर पहुंचे, जहां व्यापारियों ने अपनी बात रखते हुए एमझौता कर बाजार बन्दी व धरना वापस लिया।

### एमएलसी के नाराजगी जताने के बाद हरकत में आया जिला प्रशासन

- व्यापार मंडल की ओर से ज्ञापन दिए जाने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों ने समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दिया, जिस पर विधान परिषद सदस्य जितेंद्र सिंह सेंगर ने कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने एसडीएम और जल निगम के अधीशाषी अभियंता से सख्त लहजे में बात की। एमएलसी ने फोन करने के बाद प्रशासन हरकत में आया और चार घंटे के अंदर आश्वासन देकर धरना समाप्त कराया।

धरना स्थल पर पहुंचे एडीएम नमामि गंगे ने कार्य में देरी और प्रशासन के समक्ष गुमराह करनी वाली रिपोर्ट रखने पर जिम्मेदारों को मौके पर ही आड़े हांथो लिया। स्थानीय व्यापारियों जनमानस के साथ सामंजस्य स्थापित करते हुए एक निर्धारित समय पर कार्य पूर्ण किए जाने, गुणवत्तापूर्ण मरम्मत कार्य किए जाने के सख्त निर्देश दिए। इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष आनन्द स्वरूप दमेले ने करीब तीन माह पूर्व जिलाधिकारी को सौंपे 10 सूत्रीय ज्ञापन को भी रखा और पुनः ज्ञापन सौंपते हुए विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए जिले के अधिकारियों के साथ बैठक करने का प्रस्ताव रखा।

उधर व्यापार मण्डल के प्रदर्शन के साथ ही बार एसोएशिन ने भी व्यापारियों के साथ कंधा से कंधा मिलाते हुए एडीएम को ज्ञापन सौंपा। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष कालीचरण दीक्षित के नेतृत्व में अधिवक्ता भाष्कर तिवारी, प्रदीप खरे, अश्वनी द्विवेदी, कपिल उदैनिया, प्रमोद चौबे, यूनुस खां, वीरेन्द्र पाल सिंह राजपूत केदारनाथ तिवारी, भक्तराम शर्मा सहित दर्जनों अधिवक्ताओं ने भी एडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए गुणवत्तापूर्वक कार्य कराए जाने की मांग की।

## कांग्रेस ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

**महोबा।** वाराणसी के ऐतिहासिक मणिकर्णिका घाट को ध्वस्त करने के विरोध में कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष कुमार धुरिया के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने राज्यपाल के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में घाट का दोबारा निर्माण कराते हुए अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा स्थापित कराए जाने की मांग की है।

ज्ञापन में बताया गया कि इस घाट का 1791 में माता अहिल्याबाई होलकर ने जीर्णोद्धार कराया था। उनकी प्रतिमा मलबे में दबी है, जिस पर जांच कराकर कार्रवाई की जाए। यहां वृंदावन कुशवाहा मुकेश सक्सेना, संतोष चौरसिया, मासूक, सुनील कुमार, हरगोविंद, अच्छेलाल, हीरालाल पाल, शंभू दयाल, विक्रम सिंह राजावत, रोहित सिंह व शंकर लाल आदि रहे।

# जानलेवा हमला में मुख्य आरोपी को 10 साल सजा

## हमले में शामिल बाकी अभियुक्तों को पांच-पांच साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** जनपद न्यायाधीश राम नगीना यादव ने जानलेवा हमला करने के मामले में एक अभियुक्त को 10 साल का सश्रम कारावास और दस हजार रुपये का जुर्माना लगाया, जबकि अन्य हमलावरों को पांच-पांच साल की सजा सुनाई और पांच-पांच हजार रुपये अर्थदंड लगाया। अदालत ने अभियुक्तों को जेल भेज दिया है। जुर्माना अदा न करने पर छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी।

कबरई थाना क्षेत्र के गहरा गांव निवासी सज्जन सिंह अपने बड़े भाई राजेंद्र सिंह के साथ 30 अक्टूबर 2018 को खेत में पलेवा करने के लिए जा रहा था, तभी प्रधानी चुनावी रंजिश के चलते वीर सिंह, केदार सिंह, राकेश सिंह सहित परविर के करीब आधा दर्जन लोगों ने रास्ते में कुल्हाड़ी, लाठी-डंडों



- अदालत ने दोषियों पर 5-5 हजार रुपये जुर्माना लगाया
- कबरई थाना क्षेत्र के गहरा गांव में 2018 में हुई थी घटना

और फायरिंग कर राजेंद्र सिंह और उसके भाई को बुरी तरह घायल कर दिया था। ग्रामीणों के ललकारने के बाद हमलावर मौके से भाग गए थे। घटना की रिपोर्ट सज्जन सिंह ने वीर सिंह सहित करीब आधा दर्जन लोगों के खिलाफ जानलेवा हमला करने, जान से मारने की धमकी देने और गाली गलौज करने सहित विभिन्न धाराओं में थाना कबरई में 30 अक्टूबर 2018 को मुकदमा दर्ज कराया था।

सोमवार को न्यायाधीश ने दोनो पक्षों के गवाह, बहस और दलीलें सुनने के बाद वीर सिंह को जानलेवा हमला करने का दोषी ठहराते हुए उसे दस साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई, साथ ही दस हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया, जबकि केदार सिंह, राकेश सिंह, कमल किशोर सहित प्रत्येक अभियुक्त को पांच वर्ष के सश्रम कारावास और पांच पांच हजार रुपये का अर्थदंड लगाया।

जान से मारने की धमकी देने के मामले में अभियुक्तों को तीन वर्ष की सश्रम कारावास और तीन हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। इस मुकदमे की पैरवी करते हुए प्रभारी जिला शासकीय अधिवक्ता दिनेश सिंह ने बताया कि सभी सजाएं साथ साथ चलेगी। सभी अभियुक्तों को अदालत ने जेल भेज दिया है।

## जी राम जी योजना से ग्रामीण भारत की बदलेगी तस्वीर

**महोबा।** विकसित भारत जी राम जी जन जागरण अभियान के तहत चरखारी के सूपा एवं छिकारा गांव में चौपाल लगीं, जहां राज्यसभा सदस्य बाबूराम निषाद, एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर ने ग्रामीणों को जानकारी देकर जागरूक किया।

राज्यसभा सदस्य ने कह कि जी राम जी योजना में रोजगार की गारंटी 100 दिन से बढ़ाकर 125 दिन किए जाने का प्रस्ताव है, जिससे ग्रामीण श्रमिकों की आय में वृद्धि होगी। कहा कि यदि श्रमिकों को 7 दिन के भीतर मजदूरी का भुगतान नहीं होता है तो सरकार ब्याज सहित मजदूरों का भुगतान किया जाएगा। एमएलसी ने कहा कि विकसित भारत रोजगार व आजीविका गारंटी मिशन ग्रामीण (वीबी जी राम जी) जिले में प्रभावी रूप से लागू कर दिया गया है। इस योजना से ग्रामीण भारत की तस्वीर बदलेगी। चौपाल में जिलाध्यक्ष मोहनलाल कुशवाहा, जिला संयोजक योगेश मिश्रा ने कहा कि योजना मील का पत्थर साबित होगी। जिला महामंत्री अमित शर्मा, प्रधान कौशल अहिरवार आदि मौजूद रहे।

# भाषण में नंदनी को प्रथम स्थान

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा अभियान के तहत साईं कालेज आफ एजुकेशन में सोमवार को छात्र छात्राओं ने जागरूकता रैली निकालकर लोगों को यातायात नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाए जाने के प्रति लोगों को प्रेरित किया। रैली समाप्ति के बाद कालेज में सड़क सुरक्षा पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में नंदनी के भाषण को खूब सराहा गया और निर्णायक मंडल ने प्रथम स्थान देते हुए सम्मानित किया।

रैली से पूर्व कालेज के प्रबंधक संजय कुमार साहू, प्राचाय डॉ. एलसी अनुरागी व प्रशासनिक अधिकारी बीके साहू ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जलित किया। रैली में सुरक्षित रफ्तार, हेलमेट लगाओ, जान बचाओ, ट्रैफिक नियमों का करें सम्मान, सुरक्षित रखें अपना जीवन जैसे नारे लगे। इसके बाद सड़क सुरक्षा विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजित हुई, जिसे प्रतिभागियों ने बढ़चढ़ प्रतिभाग किया। भाषण प्रतियोगिता में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा नंदनी देवी ने प्रथम स्थान



जागरूकता रैली निकालते छात्र छात्राएं। अमृत विचार

- सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा अभियान के तहत विद्यार्थियों ने निकाली जागरुकता रैली

हासिल किया, जबकि आशी त्रिवेदी ने दूसरा तथा रिशिका ने तीसरा स्थान हासिल किया।

प्राचार्य ने कहा कि यातायात के कारण होने वाली दुर्घटनाओं और आकाल मृत्यु को रोकने के लिए कुछ महत्वपूर्ण सावधनियां बरतनी चाहिए, जैसे बाइक चलाते समय चालक व पीछे बैठा साथी हेलमेट का अनिवार्य रुप प्रयोग करे, यातायात नियमों व संकेतों को ध्यान में रखकर वाहन चलाएं। प्रवक्ता शशिकांत अग्रवाल ने राहवीर एवं कैशलैस उपचार योजना की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति अब किसी भी घायल को अस्पताल पहुंचाने एवं सहयोग करने पर 25 हजार रुपये का पुरस्कार व प्रमाणपत्र दिया जाता है। इस मौके पर मैराज खान, आदर्श कुमार, प्रदीप सिंह, रविंद्र कुमार, आशीष चौरसिया, लोकेश चौरसिया, भाना साहू, रामाना खान, अर्चना श्रीवास्तव, शहनावज खान आदि माजूद रहे।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# मनरेगा पर कांग्रेसियों ने भारत सरकार को घेरा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष कुमार धुरिया के नेतृत्व में श्रीनगर व तिंदौली गांव में मनरेगा बचाओ संग्राम के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कांग्रेसियों ने केंद्र सरकार पर मनरेगा समाप्त करने का आरोप लगाते हुए घेरा। कार्यक्रम दौरान मनरेगा बचाओ के ग्रामीणों को पंपलेट वितरण कर उन्हें संग्राम से जुड़ने का आहवान किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि मनरेगा की जगह नए कानून विकसित भारत जी राम जी के अंतर्गत अब आपके पास कोई कानूनी गारंटी नहीं रहेगी, काम केवल सरकार के चुने गए गांव में ही मिलेगा, फसल कटाई के मौसम में आपको काम नहीं मिलेगा, सरकार आपकी मजदूरी अपनी मर्जी से मनमानी ढंग से तय करते हुए अब आप कहां और क्या काम करेंगे यह सरकार अपने पसंदीदा ठेकेदारों के माध्यम से मनमाने ढंग से तय करेगी। कहा कि अब राज्य सरकारों को आपकी मजदूरी का 40 प्रतिशत हिस्सा खुद देना होगा और हो सकता है सरकार खर्च बचाने के लिए काम ही उपलब्ध न कराएं।ब्लॉक अध्यक्ष प्रमोद सोनी, जिला सचिव रामकिशोर सोनी, देव सिंह राजपूत, राजा भैया गुप्ता, मदन राजपूत, मनोज अहिरवार, रामजीवन अहिरवार, तुलसी अनुरागी, देवी दीन अहिरवार, दीपक राजपूत, बृजेंद्र सिंह, हीरालाल अहिरवार, हल्के राजपूत आदि कांग्रेसी रहे।

# सूर्य महोत्सव की तैयारियों पर मंथन

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सूर्य महोत्सव की तैयारियों को लेकर व्यापारियों, संस्थाओं के साथ बैठक हुई। डीएम ने बुद्धजीवियों से मशविरा कर सूर्य महोत्सव पर विचार-विमर्श किया।

जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने बताया कि सूर्य महोसव का शुभारंभ रहेलिया के सूर्य मंदिर पर सूर्य भगवान को अर्ध्य देकर किया जाएगा। कार्यक्रम में स्थानीय एवं बुंदेली कलाकारों को प्राथमिकता दी जायेगी। स्कूली बच्चों एवं युवाओं के लिए रोज विविध प्रतियोगिताएं होगीं। महोत्सव का मुख्य आकर्षण पुस्तक मेला होगा। इसके अतिरिक्त विविध साहित्यक संगोष्ठियों का आयोजन भी किया जायेगा। महोत्सव की एक


बैठक में मौजूद अधिकारी व बुद्धिजीवी। अमृत विचार

स्मारिका का प्रकाशन भी किया जायेगा, जिसके लिए एक समिति के गठन के किए जाने डीएम ने निर्देश गये। बैठक में चरखारी के मंगलगढ़ किले पर भी आयोजन किये जाने का प्रस्ताव रखा। नेहा चंसौरिया ने लाइव प्रसारण की बात रखी। सुमित तिवारी ने स्कूली बच्चों की प्रतियोगिता में रील्स प्रतियोगिताएं कराये जाने का प्रस्ताव रखा। इसके अतिरिक्त माधव खरे, शिवकुमार गोस्वामी, दाऊ तिवारी, जग प्रसाद तिवारी, रामजी गुप्ता, भागीरथ नागायच, महंत देवीचरण दास, वी. के. तिवारी आदि ने भी अपने विचार रखे। मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुखबीर सिंह, उप जिलाधिकारी सदर शिवध्यान पांडेय आदि मौजूद रहे।

# ओशो के परिनिर्वाण दिवस पर हुई गोष्ठी

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** महान क्रांतिकारी संत ओशो के 36वें परिनिर्वाण दिवस पर गोरखगिरि में श्रद्धांजलि सभा हुई। सभा में प्रधानमंत्री से ओशो की मृत्यु की अनसुलझी गुत्थी को सुलझाने के लिए हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में जांच कमेटी बनाने की मांग हुई।

स्वामी अंतर्यात्री ने कहा कि इससे ज्यादा दुर्भाग्यपूर्ण बात क्या होगी कि 35 साल बाद भी ओशो की विवादास्पद मृत्यु का रहस्य नहीं सुलझा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पांच वर्ष से खत लिख रहे हैं। भारत के जिस आध्यात्मिक गुरु ने ध्यान की 113 विधियां खोजकर पूरे पश्चिम जगत को हिला दिया, उसकी मृत्यु पर सरकारें खामोश क्यों हैं। बताया कि ओशो के शिष्य शुरू से मांग उठा रहे हैं लेकिन महाराष्ट्र की सरकारों ने अब तक ओशो की मृत्यु की जांच के लिए कमेटी तक नहीं बनायी, इससे ओशो के करोड़ों अनुयायी आहत है। कहा कि ओशो के शिष्य योगेश ठक्कर ने मुंबई हाईकोर्ट में ओशो की वसीयत विवाद पर जनहित याचिका दायर की लेकिन अब तक कुछ नहीं हुआ। कार्यक्रम में अन्य लोगों ने अपने विचार रखे। श्रद्धांजलि सभा में डॉ. देवेन्द्र, प्रहलाद, अन्नू पुरवार, अवधेश गुप्ता, प्रेम, प्रवीण चौरसिया, गया प्रसाद, विपिन भाखरी, कुक्कू शिवहरे, विकास, मुन्ना, मंटू सोनी व राजेश शुक्ला आदि मौजूद रहे।

**पीएम आवास योजना** | जिला नगरीय विकास अभिकरण एवं नगर पालिका की ओर से आयोजित किया गया कार्यक्रम

# जनपद में 660 लाभार्थियों को मिली पहली किशत

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** शहर के कम्युनिटी गार्डन में जिला नगरीय विकास अभिकरण एवं नगर पालिका के तत्वावधान में प्रधानमंत्री आवास योजना पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किया गया। पीएम आवास योजना 2.0 के अन्तर्गत जिले के शहरी क्षेत्रों के 660 लाभार्थियों को प्रथम किशत के रूप में एक लाख रुपये मंत्रालय से खातों में स्थानान्तरित किए गए। इस मौके पर मुख्यमंत्री कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया, जिसमें लाभार्थियों से सीधी वार्ता करते हुए मुख्यमंत्री के विचारों को सुना।

कार्यक्रम में विधान परिषद सदस्य जितेन्द्र सिंह सेंगर ने कहा कि डबल इंजन की सरकार समाज के दलित, गरीब, असहाय लोगों का जीवन स्तर ऊंचा उठाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है, जिसके अन्तर्गत हर व्यक्ति को मकान,



सोमवार को आयोजित हुए कार्यक्रम में मौजूद जनप्रतिनिधि। अमृत विचार

किसानों को किसान सम्मान निधि, स्ट्रीट बेंडरों के लिए पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत ऋण, मुद्रा योजना, पीएम जन आरोग्य योजना, आयुष्मान योजना आदि अनेकों योजनाएं संचालित है, जिसका पात्र लाभार्थियों को पूरा लाभ मिल रहा है।

सदर विधायक राकेश कुमार गोस्वामी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास शहरी योजना 2.0 के अन्तर्गत आज पूरे प्रदेश में दो लाख लाभार्थियों को योजना का लाभ प्रदान कर रही। बताया कि जब से केन्द्र और प्रदेश सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना का शुभारम्भ किया गया है तब से गरीब, असहाय और निर्बल वर्ग के लोगों को पक्की छत उपलब्ध कराकर परिवारों को खुशियां बांटी हैं।

अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मुईनुल इस्लाम ने बताया कि नगर पालिका परिषद महोबा के 104, नगर पालिका परिषद के 208, नगर पंचायत कुलपहाड़ के 100, नगर पंचायत कबरई के 155 तथा नगर पंचायत खरेला के 93 लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत एक एक लाख रुपये की प्रथम किशत के रूप में स्थानान्तरित किये जा रहे हैं।

कार्यक्रम में व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष भागीरथ नगायच, अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष मोहनलाल कुशवाहा, हमीरपुर डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक अध्यक्ष चक्रपाणि त्रिपाठी, नगर पालिका अध्यक्ष सन्तोष चौरसिया, वैभव अरजरिया, संतोष सिंह, दीपक कुशवाहा, भाजपा मंडल महोबा अध्यक्ष पुष्पेन्द्र गुप्ता के अलावा नगर पालिका व नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी सहित तमाम लाभार्थियों की भारी भीड़ मौजूद रही। कार्यक्रम का संचालन अपर्णा नायक ने किया।

**कार्यालय ग्राम पंचायत टड़ारायपुर विकास खण्ड– सौरिख (कन्नौज)**

पत्रांक मीमो/सचिव ग्राम पंचायत–मनरेगा/राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/टेण्डर प्रकाशन/2025–2026 दिनांक 19.01.2026

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत **टड़ारायपुर** विकास खण्ड सौरिख जनपद–कन्नौज के कार्यो हेतु आयकर एवं बिक्रीकृत पंजीकृत(जीएसटी नम्बर सहित) सामग्री आपूर्तिकर्ता फर्मो से लाल ईट,ईट की रोड़ी,सीमेण्ट,बालू,मौरम,गिटटी,हयूम पाइप,टायल्स,इंटरलॉकिंग टीन सेड पाइप रिवर्ट वोल्ट हुक हैण्डपम्प रिवोर सामग्री सफाई किट हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार कुटेशन/निविदा आमन्त्रित किये जाते है। इच्छुक फर्म नियमानुसार सभी कागजों सहित विज्ञप्ति प्रकाशन के सात दिन तक अपने कुटेशन/निविदा कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है प्राप्त निविदाएं दिनांक **27.01.2026** को अपरान्ह को 2:00 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत **टड़ारायपुर** में सामग्री आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में ग्राम पंचायत द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जायेगी। ग्राम पंचायत को यह अधिकार होगा कि किसी भी निविदा या सभी निविदाओं को बिना कारण बताए निरस्त किया जा सकता है।

| क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | योजना का नाम | कार्य पूर्ण होने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचमलाल शाक्य के घर से के0एन0 नागर के घर तक इंटरलॉकिंग /सी0सी0 रोड निर्माण | 9.97 लाख | मनरेगा/केन्द्रीयवित्त | **03 माह** |
| 2 | डामररोड बृजपाल बाथम के घर सेलालाराम बाथम के घर तक इंटरलॉकिंग /सी0सी0 रोड निर्माण | 7.81 लाख | मनरेगा/केन्द्रीयवित्त | **03 माह** |
| 3 | रायपुर में डामररोड से हाकिम बंजारा के घर से राजकिशोर के घर डामररोड तक इंटरलॉकिंग /सी0सी0 रोड निर्माण | 9.98 लाख | मनरेगा/केन्द्रीयवित्त | **03 माह** |
| 4 | लालसिंह के घर से पातीराम वर्मा के घर तक इंटरलॉकिंग /सी0सी0 रोड निर्माण | 9.98 लाख | मनरेगा/केन्द्रीयवित्त | **03 माह** |
| 5 | खरगपुर वीरान राजकुमार के घर से अवधेश कुमार जाटव के घर तक इंटरलॉकिंग /सी0सी0 रोड निर्माण | 9.99 लाख | मनरेगा/केन्द्रीयवित्त | **03 माह** |

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत टड़ारायपुर**
**वि0खण्ड सौरिख जन0 कन्नौज**

**ग्राम सचिव**
**ग्राम पंचायत टड़ारायपुर**
**वि0खण्ड सौरिख जन0 कन्नौज**

## न्यूज ब्रीफ


शिल्पी को प्रभु राम का चित्र भेंट करते युवा समाजसेवी अनुज हनुमत।

### शिल्पी का सीआरपीएफ में हुआ चयन, हर्ष

**बरगढ़ (चित्रकूट)।** कस्बा निवासी किसान ओपी पांडेय की बेटी शिल्पी का सीआरपीएफ में चयन हुआ है। इससे उसके परिजनों समेत आस पास के लोगों में हर्ष की लहर है। परहित सेवा संस्थान के प्रबंधक अनुज हनुमत ने शिल्पी के घर पहुंचकर बधाई दी। शिल्पी ने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता को दिया। अनुज ने कहा कि शिल्पी की सफलता ने पाठा इलाक़े की सभी बेटियों के लिए उम्मीद की एक नई किरण दिखाई है। बरगढ़ प्रधान शैलेश शुक्ला, वरिष्ठ समाजसेवी श्यामनारायण शुक्ला ने भी होनहार बिटिया को बधाई दी।

### सप्लायर ने लगाया ग्राम पंचायत पर आरोप

**रामनगर (चित्रकूट)।** ब्लाक रामनगर में एक सप्लायर ने ग्राम पंचायत को दी गई अपनी सामग्री के भुगतान नहीं होने से एवं दूसरे की फर्म पर भुगतान कर देने से परेशान हो बीडीओ को पत्र लिख न्याय की मांग की है। ग्राम पंचायत रेरुवा निवासी सप्लायर कौशल किशोर पांडेय ने शिकायत की कि उसने मजरा शिरोमन के डेरा में खड़ंजा निर्माण के लिए सामग्री की आपूर्ति की, जिसकी कीमत 18 लाख रुपये है। अभी तक कोई भुगतान नहीं किया गया। आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत ने लगभग साढ़े तीन लाख रुपये का भुगतान दूसरी फर्म में कर दिया है। उधर, इस संबंध में बीडीओ से बात नहीं हो सकी।

### दुराचार की रिपोर्ट दर्ज

**मऊ।** थाना मऊ अंतर्गत एक गांव में एक युवक ने महिला से दुष्कर्म किया। घटना को लेकर इलाके में आक्रोश है। एसपी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि महिला अपने मायके में रह रही है। उसने गांव के ही एक युवक पर उसके साथ दुराचार का आरोप लगाया है। उसके दादा की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पीड़िता के बयान के आधार पर आरोपी की गिरफ्तारी की जाएगी।

### फाइलेरिया अभियान के संबंध में बैठक

**चित्रकूट।** 10 फरवरी से चलाए जाने वाले फाइलेरिया अभियान के तहत पहाड़ी, शिवरामपुर, मानिकपुर ब्लाक में एसडीएम की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में अभियान की सफलता के लिए रणनीति बनाई गयी। एसडीएम ने एएनएम, आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया कि वे घर-घर जाकर अपनी मौजूदगी में ही लोगों को दवा का सेवन कराएं, दो वर्ष से कम के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और अति गंभीर बीमारों को यह दवा नहीं दी जाएगी।

### हादसे में वृद्ध किसान की मौत, साढ़ू घायल

**पहाड़ी (चित्रकूट)।** ई-रिक्शा पलटने से एक वृद्ध किसान की मौत हो गई। उसका रिश्तेदार घायल हो गया। जानकारी के अनुसार सोमवार दोपहर रगौली निवासी रामाश्रय (70) अपने साढ़ू माताबदल (60) के साथ रिबोर से संबंधित काम के लिए ई रिक्शा से कर्वी जा रहा था। पहाड़ी थानांतर्गत प्रसिद्धपुर गांव के पास अचानक ई-रिक्शा पलट गया। इससे दोनों लोग घायल हो गए। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां डॉ. वसुदेव सिंह ने रामाश्रय को मृत घोषित कर दिया। माताबदल को भी चोटें आईं। मृतक की पत्नी संपतिया देवी का रो रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### निजी बैंक करें योजना में सहयोग अन्यथा हटेंगे शासकीय खाते

**चित्रकूट।** प्राइवेट बैंकों द्वारा सरकार की सीएम युवा जैसी महत्वाकांक्षी योजना में सहयोग के संबंध में मंगलवार को जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने अधिकारियों के साथ बैठक की। डीएम ने इस योजना में प्राइवेट बैंकों द्वारा सहयोग न किए जाने पर रोष प्रकट किया और बैंकों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी 31 जनवरी तक वार्षिक लक्ष्य का 50 फीसदी हर हाल में पूरा करें अन्यथा प्राइवेट बैंकों में संचालित सभी शासकीय खातों को हटा दिया जाएगा।

# फर्जी फर्मों के जरिए 18.68 करोड़ की फर्जी खरीद

## सहायक आयुक्त राज्य कर की शिकायत पर एफआईआर दर्ज

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** सहायक आयुक्त राज्य कर कर्वी निखिल कुमार ने कोतवाली में जीएसटी घोटाले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। नौ फर्मों पर करीब 18.68 करोड़ रुपये की फर्जी खरीद और 3.26 करोड़ रुपये की इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) के अवैध पास-ऑन के मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

पुलिस और कर विभाग के अनुसार, आरोपी कुरेशी नईमभाई हनीफभाई ने मेसर्स रायल इंटरप्राइजेज नामक फर्म को जीएसटी में पंजीकृत कराया था। आरोप है कि इस फर्म ने बिना किसी वास्तविक माल की खरीद-बिक्री किए, केवल कागजी बिलों (फर्जी इनवॉइस) के माध्यम से बड़े पैमाने पर लेनदेन दिखाया। शिकायत के अनुसार, दिसंबर 2024 की जीएसटी रिटर्न में फर्म ने 18,68,02,390.45 रुपये की आउटवर्ड सप्लाई दर्शाई तथा इसके आधार पर 3,26,57,251 रुपये की फर्जी आईटी पास-ऑन की गई।

### पुलिस ने निम्न धाराओं में मामला दर्ज किया है

- धारा 319(2)-धोखाधड़ी का मामला
- धारा 318(4)-जालसाजी
- धारा 338-कूटरचना
- धारा 336(3)-धोखाधड़ी से संपत्ति प्राप्त करना
- धारा 340(2) – कूटरचित दस्तावेजों का उपयोग

### पहले भी दी गई थी सूचना

- राज्य कर विभाग के अनुसार, इस संबंध में पूर्व में भी 15 अक्टूबर 2025 को पत्र के माध्यम से सूचना दी गई थी, लेकिन उस समय FIR दर्ज नहीं हो सकी। बाद में तथ्यों के विस्तृत सत्यापन के बाद पुन: सूचना भेजी गई, जिसके आधार पर अब मामला दर्ज किया गया है। साथ ही कहाकि आगे सघन जांच होगी।

### कई फर्में जांच के दायरे में

- रिपोर्ट के अनुसार, जांच में यह भी सामने आया है कि रायल इंटरप्राइजेज ने अन्य कई फर्मों से कथित रूप से फर्जी खरीद दिखाई, जिनमें पीवीजे इंटरप्राइजेज मार्क्स क्लाथिंग प्राइवेट लिमिटेड, श्री राम इंटरप्राइजेज, श्रीजी इंटरप्राइजेज, नीवा इंटरप्राइजेज, टीए इंटरप्राइजेज, शिव इंटर प्राइजेज, राजेश इंटरप्राइजेज फर्मों के माध्यम से इनवॉइस जारी की। इन पर भी फर्जी एंट्री दिखाए जाने का आरोप है।

### जांच अधिकारी नियुक्त

- कोतवाली प्रभारी श्यामप्रताप पटेल ने बताया कि मामले की विवेचना निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि दस्तावेजों की गहन जांच, बैंक खातों का विश्लेषण और संबंधित फर्मों के वास्तविक अस्तित्व की जांच की जा रही है। बताया कि आरोप सही पाए जाते हैं तो यह संगठित आर्थिक अपराध की श्रेणी में आएगा। मामले में गिरफ्तारियां तथा फर्मों की संख्या बढ़ने की संभावना से भी इनकार नहीं किया गया।

### बाल विवाह मुक्त जिला बनाने को करें जागरूक

**चित्रकूट।** मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल की अध्यक्षता में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की संचालन समिति की बैठक हुई। सीडीओ ने कहा कि जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा, चौकीदारों को अपने क्षेत्र स्तर पर बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी बनना होगा।

इस कुरीति को जड़ से समाप्त करने के लिए माता पिता को बच्चों की पढ़ाई को प्राथमिकता देनी चाहिए। जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रगति गुप्ता ने बाल विवाह होने की सूचना पुलिस 112, 1098 चाइल्ड लाइन में देने की अपील की। बताया कि अब तक विभिन्न विभागों के सहयोग से छह हजार लोगों को महिला कल्याण विभाग ने प्रशंसा पत्र दिया है।

इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी महेंद्र सिंह, बाल संरक्षण अधिकारी डा. सौरभ सिंह, बीईओ अतुल दत्त तिवारी, विवेक सिंह, डा. अजय सिंह, कमलेश शंकर, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति राकेश माथुर, राजेश दुबे, प्रिया माथुर, मीनू सिंह, ममता वर्मा, आशीष कुमार, गौरीशंकर, शंकर दयाल, शिवकुमार, विशेष त्रिपाठी, योगेंद्र प्रताप सिंह आदि ने जानकारी दीं।


विकास कार्यों का मुआयना करते मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल। अमृत विचार

# मानकों के अनुरूप हों विकास कार्य, अनदेखी बर्दाश्त नहीं

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

- सीडीओ ने सिद्धपुर में देखे विकास कार्य

**अमृत विचार।** मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल ने सोमवार को कर्वी विकासखंड के सिद्धपुर गांव में विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था के जिम्मेदारों को निर्देश दिए कि काम गुणवत्तापूर्ण करें, लापरवाही और मानकों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सीडीओ ने अन्नपूर्णा भवन, पंचायत भवन, पूर्व माध्यमिक विद्यालय में एमडीएम शेड, बाउंड्रीवाल, दिव्यांग शौचालय, इंटरलॉकिंग सड़क, एवं अंत्येष्टि स्थल का निरीक्षण किया। निर्माण कार्यों की समयबद्धता, उपयोग में लाई जा रही सामग्री की गुणवत्ता तथा कार्यस्थल पर सफाई का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप पूरे किए जाएं कि ग्रामीणों को योजनाओं का वास्तविक लाभ मिल सके। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो और निर्माण कार्य तय समय सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का विकास प्रशासन की प्राथमिकता है और ऐसे निरीक्षण आगे भी नियमित रूप से किए जाते रहेंगे। इस दौरान खंड विकास अधिकारी महिमा विद्यार्थी, सहायक विकास अधिकारी धर्मेंद्र यादव आदि अधिकारी, कर्मचारी, ग्राम प्रधान रामकिंकर सिंह आदि मौजूद रहे।

### प्रेमिका के फांसी लगाने के बाद युवक ने भी दे दी जान

**चित्रकूट।** प्रेमी प्रेमिका में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। वीडियो कालिंग करने के बाद युवती ने फांसी लगाकर जान दे दी। उधर, जब इसकी जानकारी युवक को हुई तो उसने भी आत्महत्या कर ली।

मामला बरगढ़ थानांतर्गत एक गांव है। जानकारी के अनुसार, यहां के निवासी 24 वर्षीय युवक का पास के गांव की 22 वर्षीया युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों सजातीय थे और दूर की रिश्तेदारी भी थी। लगभग छह महीने पहले एक गांव में शादी समारोह के दौरान दोनों के बीच परिचय हुआ था और दोस्ती प्रेम में बदल गई थी। बताया जाता है कि सजातीय होने की वजह से दोनों के परिवार भी इस संबंध के लिए तैयार थे। युवक दूसरे प्रदेश में नौकरी करता था। बताया जाता है कि रविवार रात दोनों में देर तक वीडियो कालिंग हुई और इसी दौरान किसी बात पर दोनों में विवाद हो गया। इसके बाद युवती गुमसुम हो गई और उसने कमरा बंद कर फांसी लगा ली। उधर, जैसे ही इसकी सूचना युवक को हुई तो उसने भी वहीं दूसरे प्रदेश में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक के परिजन उसका शव लेने रवाना हो गए। उधर, थाना प्रभारी बरगढ़ शिवआसरे ने बताया कि किसी तरह की कोई तहरीर नहीं मिली है। दोनों पक्षों से जानकारी करने की कोशिश की जा रही है।

# जिले में ही हो स्कूली वाहनों की जांच की सुविधा

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

- बूसा की जिला इकाई ने जिलाधिकारी को बताईं समस्याएं

**अमृत विचार।** बुंदेलखंड प्राइवेट अनएडेड स्कूल एसोसिएशन (बूसा) की जिला इकाई के पदाधिकारियों ने सोमवार को जिलाधिकारी पुलकित गर्ग से मिलकर निजी विद्यालयों से जुड़े स्कूली वाहनों की वार्षिक फिटनेस जांच में आने वाली समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। इनका कहना था कि फिटनेस जांच की व्यवस्था जिले में ही कराई जाए।

इनका कहना था कि वर्तमान व्यवस्था के तहत जनपद चित्रकूट के स्कूली वाहनों को फिटनेस जांच के लिए अन्य जिलों में भेजना पड़ता है, जिससे विद्यालय प्रबंधन को अनेक व्यावहारिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। लंबी दूरी की वजह से वाहनों की सुरक्षा प्रभावित हो रही है। साथ ही अनावश्यक आर्थिक व्यय, वाहनों की टूटफूट तथा विद्यालयों की दैनिक शैक्षणिक एवं परिवहन व्यवस्था भी बाधित हो रही है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि सीमित संख्या में वाहन होने से बाहर भेजे जाने पर विद्यार्थियों के आवागमन में गंभीर समस्या होती है। अभिभावकों को भी असुविधा का सामना करना पड़ता है। इसके अतिरिक्त विद्यालयों पर आर्थिक एवं प्रशासनिक दबाव बढ़ रहा है। इन लोगों ने डीएम से मांग की कि छात्रहित एवं विद्यालयों के सुचारु संचालन को ध्यान में रखते हुए जिले में ही स्कूली वाहनों की फिटनेस जांच की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। समय-समय पर विशेष फिटनेस शिविर आयोजित किए जाएं। इस दौरान संगठन के पैटर्न मेंबर स्वप्निल अग्रवाल, अध्यक्ष मिन्हाज आलम, सचिव सुनील सिंह, कोषाध्यक्ष रचित अग्रवाल, मिहिर आनंद, संतोष तैलंग, फादर बास्टिन आदि मौजूद रहे। पदाधिकारियों ने बताया कि जिलाधिकारी ने ज्ञापन को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र आवश्यक कार्यवाही किए जाने का आश्वासन दिया।


जिलाधिकारी को ज्ञापन देते बुंदेलखंड प्राइवेट अनएडेड स्कूल एसोसिएशन (बूसा) की जिला इकाई के पदाधिकारी। अमृत विचार

### डीएम ने भूमि का किया मुआयना

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने सोमवार को यूपीडा प्रतिनिधि सियाराम मौर्य की मौजूदगी में डिफेंस कॉरिडोर, इंडस्ट्रियल कॉरिडोर परियोजना में ग्राम बक्टा बुजुर्ग, कोडर में आपसी सहमति से किसानों से खरीदी गई भूमि का मौका मुआयना किया। डीएम ने प्रस्तावित औद्योगिक इकाइयों के लिए जमीन उपलब्ध कराए जाने संबंधी कार्यवाही में तेजी लाने के निर्देश दिए। बताया गया कि डिफेंस कॉरिडोर में 220.3 हेक्टेयर निजी भूमि खरीदी जानी थी, जिसमें से 32.2 हेक्टेयर रकबा शेष है।

### जुआ खेलने के आरोप में तीन लोग गिरफ्तार

**मानिकपुर।** एसआई शंभूशरण सिंह ने जुआ खेलने के आरोप में चंद्रबली, सचिन और मनोज को गिरफ्तार किया। मालफड़ से 900 रुपये और जामा तलाशी से 680 रुपये बरामद किए गए। आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई। पुलिस टीम में मुख्य आरक्षी अशोक कुमार शर्मा, आरक्षी अजरुद्दीन और संतोष सिंह शामिल रहे।


दिव्यांग को ट्राईसाइकिल देते जिलाधिकारी पुलकित गर्ग। अमृत विचार

### डीएम के हस्तक्षेप पर मिली ट्राईसाइकिल

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के हस्तक्षेप पर एक दिव्यांग को ट्राईसाइकिल मिल सकी। गौरतलब है कि सुमन बाई पत्नी हीरा निवासी मणिकुंज तरौंहा ने डीएम को बताया था कि आय प्रमाणपत्र में आय अधिक होने से उसे दिव्यांग पेंशन एवं उपकरण प्राप्त नहीं हो सका। इस पर डीएम ने जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रियंका यादव को दिव्यांग को उपकरण देने के लिए निर्देशित किया। सोमवार को जनता दर्शन के समय जिलाधिकारी ने सुमन को ट्राई साइकिल प्रदान की। इतनी जल्दी उपकरण प्राप्त होने पर सुमन ने जिलाधिकारी का आभार जताया। जिलाधिकारी ने लाभार्थी को दिव्यांग विभाग द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित किए जाने के लिए भी निर्देश दिए।

# मणिकर्णिका घाट को लेकर आक्रोश

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** वाराणसी के मणिकर्णिका घाट के मामले पर जिला कांग्रेस कमेटी ने विरोध प्रदर्शन किया।

जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने आरोप लगाया कि जिस घाट को उजाड़ा गया, उसका माता अहिल्याबाई होल्कर ने जीर्णोद्धार कराया था। भाजपा सरकार विकास के नाम पर बनारस की आस्था, इतिहास और सनातन वरिष्ठ कांग्रेस नेता पुष्पेंद्र सिंह ने कहा कि मणिकर्णिका घाट की घटना केवल एक निर्माण ध्वस्तीकरण नहीं बल्कि सनातन संस्कृति पर सीधा हमला है। उन्होंने बताया कि इसी के खिलाफ कांग्रेस पार्टी मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान के तहत जनचौपाल लगाकर जनता को जागरूक कर रही है। सोमवार को रसिन मंडल के कोलउहा गांव और नादिन मंडल के खरसेड़ा ग्राम सभा में जनचौपाल आयोजित की गई। कांग्रेस नेता रंजना बरातीलाल पांडेय ने प्रयागराज धाम में साधु-संतों को स्नान से रोके जाने की घटना को शर्मनाक बताया। इस दौरान बुआराम शुक्ला, गज्जू प्रसाद फौजी, अनिल गुप्ता, शिव गुलाम वर्मा, कालीचरण राजपूत, चुनबाद प्रसाद प्रजापति, रावेंद्र सिंह, जगजाहिर पटेल, राजेश सिंह, कामता प्रसाद द्विवेदी, रामकृपाल वर्मा, ओमप्रकाश गुप्ता, चंद्रशेखर सिंह आदि रहे।


बैठक कर आक्रोश जताते कांग्रेसी। अमृत विचार

लापरवाही | सुरक्षा और चौकसी रही है सवालों के घेरे में

# बाल संप्रेक्षण गृह में पहले भी हो चुकी हैं कई घटनाएं

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** राजकीय बाल संप्रेक्षण गृह पहले भी चर्चा में रहा है। यहां की सुरक्षा व्यवस्था और चौकसी पहले भी सवालों के घेरे में रही है।

गौरतलब है कि राजकीय बाल संप्रेक्षण गृह में रविवार को बाल अपचारियों के अचानक उग्र होने से स्थिति तनावपूर्ण हो गई थी। सुरक्षाकर्मियों ने संप्रेक्षण गृह को चारों ओर से घेर लिया था। बताया जाता है कि बिजली आपूर्ति बंद करनी पड़ी और दमकल विभाग तक को अलर्ट पर बुला लिया गया था। सूत्रों के मुताबिक, चार बाल अपचारियों के जेल ट्रांसफर की आशंका को लेकर अन्य अपचारी भी आक्रोशित थे। रविवार को नाराजगी ने उग्र रूप ले लिया था। हालांकि अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह ने बताया कि चार लड़कों के साथ अन्य लड़कों ने गेट बंद कर अपने आपको कमरे में बंद कर लिया था। अधिकारी मौके पर पहुंचे और इनको समझाया। बताया कि किसी तरह की तोड़फोड़ की जानकारी नहीं है। संप्रेक्षण गृह की यह पहली घटना नहीं है। इसके पूर्व, जब संप्रेक्षण गृह माधवगंज शंकर बाजार में था तो चार अपचारी फरार हो गए थे। इस दौरान इन्होंने केयरटेकर को घायल भी किया था। तत्कालीन डीएम ने इसे गंभीरता से लेते हुए केयरटेकर, गणना मुंशी, सिपाही को जेल भेजा था। इसके बाद इस संप्रेक्षण गृह को एसडीएम कालोनी में एक किराये के भवन में स्थानांतरित कर दिया गया था। बताया जाता है कि यहां से भी पहले एक बाल अपचारी ने छत की लोहे की जाली काटकर फरार होने का दुस्साहस किया था। अब रविवार को बाल अपचारियों का हंगामा इस बात को साबित करता है कि संप्रेक्षण गृह में सुरक्षा और चौकसी को लेकर कई चूकें हैं। अगर जल्द ही अधिकारियों ने पुख्ता बंदोबस्त न किए तो कोई बड़ी घटना हो सकती है।


रविवार को घटना के बाद तैनात पुलिस बल। अमृत विचार

### पहले भाग चुके हैं गंभीर मामलों के आरोपी

- शंकर बाजार में जब बाल संप्रेक्षण गृह था तो वहां से जो बाल अपचारी भागे थे, उनमें से दो दस्यु बलखड़िया के रिश्तेदार थे। इसके अलावा एसडीएम कालोनी स्थित बाल संप्रेक्षण गृह से फरार हुआ बाल अपचारी पॉक्सो एक्ट का आरोपी था और हमीरपुर निवासी था।

### मां आनंदी माता मंदिर का किया जाएगा सुंदरीकरण

**मऊ।** नगर पंचायत क्षेत्र स्थित मां आनंदी नगर वार्ड में सोमवार को मां आनंदी माता मंदिर के सुंदरीकरण के लिए भूमि पूजन किया गया। उप जिलाधिकारी राम ऋषि रमन ने भूमि पूजन किया। यह कार्य मऊ नगर पंचायत द्वारा कराया जाएगा। भूमि पूजन के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष अमित द्विवेदी, सभासद राजीव कुमार शुक्ला, विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता आदि मौजूद रहे। बताया गया कि बाजार रोड के चौड़ीकरण के दौरान नीम का पेड़ कटने के बाद वहां स्थापित को इस मंदिर में स्थानांतरित किया गया था। अब इस मूर्ति स्थल का भी अलग से सुंदरीकरण किया जाएगा, जिससे मंदिर की भव्यता बढ़ेगी। एसडीएम ने बताया कि नगर पंचायत अध्यक्ष अमित द्विवेदी का विकास कार्यों में बड़ा सहयोग मिल रहा है।


## अमृत विचार क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मेरा हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2023 अनुक्रमांक 1231412917 का प्रमाण पत्र सह अंक पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। सूर्यम पुत्र विनोद पाल निवासी– अम्बेडकर नगर बिधूना, जनपद औरैया

**सूचना**
मैंने अपना नाम ASHISH S/O OM KANT से बदल कर अपना नाम ASHISH RAWAT S/O OM KANT RAWAT कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **आशीष रावत पुत्र ओम कांत रावत निवासी म0नं0– 317/3 बी ब्लॉक विष्णु नगर पनकी, पंकबहादुर नगर, पनकी, गंगा गंज, कानपुर नगर उ0प्र0**

**सूचना**
मैंने अपना नाम MOHD SHARIQ RAZA से बदल कर MOHD SHARIQ रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O: MOHD SHAFEEQ R/O: 543, CHINHAT, MALLOR STATION ROAD, LUCKNOW

**सूचना**
मेरे आधार कार्ड नंबर 546210395761 में मेरा नाम शिवानी देवी है जबकि हाईस्कूल के अंकपत्र व प्रमाण पत्र में केएम शिवानी लिखा है। उपरोक्त दोनों नाम मेरे ही हैं। अतः मुझे शिवानी देवी के स्थान पर केएम (KM) शिवानी के नाम से जाना जाए और यही नाम सही है। **शिवानी पुत्री मलिखान सिंह, निवासी डाकबंगला रोड, सरायमीरा– कन्नौज।**

**NOTICE**
I NITIN SAXENA (F/O OJAS), R/O.D-1/37, SEC-F, JANKIPURAM, LUCKNOW, U.P CHANGE MY MINOR SON NAME AS OJAS TO OJAS SAXENA, FOR ALL FUTURE PURPOSE.

**सूचना**
मैंने अपना नाम MIRZA FAARHAN AUZIL BASH से बदलकर MOHAMMAD FARHAN HUSAIN रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O-MIRZA JAYER HUSAIN ADD-450/128 QAISER COTTAGE MUFTIGANJ POST-CHOWK DIST-LUCKNOW-226003(U.P.)

**सूचना**
मै **आमीन पुत्र श्री नन्हे नि0-ग्राम-रहुला, पो0 तह0-बिलग्राम हरदोई,** मेरे पुत्र मो0 आमिल के विद्यालयी अभिलेखों में मेरे पुत्र का नाम मो0 आमिल अंकित हो गया है जो कि गलत है जबकि उसका सही नाम आमिल मंसूरी है जो आधार कार्ड में भी संशोधन उपरांत सही दर्शाया गया है। अतः पुत्र के विद्यालय अभिलेखों में उसका सही नाम मो0 आमिल के स्थान पर वास्तविक नाम आमिल मंसूरी दर्ज किया जाये।

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मैं RAMESH YADAV से RAMESH KUMAR रख लिया है अब भविष्य में मुझे मेरे बदले हुए नाम से जाना व पहचाना जाए। पुत्र JAGESHWAR YADAV निवासी 826 धनुवा सांड भदेसर लखनऊ का रहने वाला हूं।

**सार्वजनिक घोषणा**
यह सार्वजनिक रूप से घोषित किया जाता है कि श्री सत्येन्द्र पाण्डेय (वर्तमान स्वामी) की संपत्ति की चेन से संबंधित बिक्री विलेख दिनांक 06/08/2013 (लवकेश → शषि श्रीवास्तव), उप–निबंधक–III, लखनऊ, बुक 1, जिल्द 10020, पृष्ठ 89–108, क्रमांक 6084, प्लॉट 9 व 10 (आंशिक), खसरा 554, ग्राम सुगामऊ, लखनऊ से संबंधित, गुम हो गई है। ई–एफआईआर संदर्भ सं.– 20260000075752
आपत्ति हो तो 15 दिवस में सूचित करें।

**सूचना**
मेरा नाम पहले जमाल अहमद था जबकि मेरा वास्तविक नाम जमाल अहमद सिद्दीकी है जो कि मेरे आधारकार्ड में भी अंकित है। मुझे जमाल अहमद सिद्दीकी के नाम से ही जाना पहचाना जाये। **जमाल अहमद सिद्दीकी पुत्र मुशीर अहमद सिद्दीकी, 1/7-के, मतीन पुरवा खुर्रम नगर लखनऊ (उ0प्र0)**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल का अंकपत्र और प्रमाणपत्र जिसका अनुक्रमांक 5235727 वर्ष 2014 और इंटरमीडिएट का अंकपत्र और प्रमाणपत्र जिसका अनुक्रमांक 5667592 वर्ष 2016 है। वास्तव में कही खो गई है। **सुमित कुमार पुत्र दिनेश कुमार प्लाट नं. 1 सी शालीमार गार्डन 1 आई आई एम रोड, भिठौली खुर्द नियर आई आई एम तिराहा लखनऊ।**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पुत्र रिंकू कश्यप व उनकी पत्नी चांदनी का चाल चलन सही नहीं है। दोनों लोग आये दिन मेरे साथ परिवार के अन्य सदस्यों को गाली देते हुए मार पीट कर प्रताड़ित कर रहे हैं। जिससे तंग आकर मै अपनी चल अंचल सम्पति से रिंकू व चांदनी को बेदखल करता हूं। आज के बाद दोनों लोग अपने कृत्य के स्वयं जिम्मेदार होंगे। **बनारसी पुत्र नकछेद ग्राम बबुरास थाना व वि.खं. करनैलगंज गोंडा।**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेसर्स, शुभ शक्ति फूड इण्डस्ट्रीज प्रा0लि0, ग्राम–अलीनगर, करौंदा, कुर्सी, तहसील–फतेहपुर, जनपद–बाराबंकी (उ0प्र0) की शीतगृह मूल लाइसेंस पुस्तिका कहीं खो गयी है। यदि भविष्य में कोई भी मूल लाइसेंस पुस्तिका का प्रयोग करता है, तो अवैध होगा। भवदीय –**(अनिल कुमार शर्मा) शीतगृह स्वामी, शुभ शक्ति फूड इण्डस्ट्रीज प्रा0लि0, ग्राम–अलीनगर, करौंदा, कुर्सी, तहसील– फतेहपुर, बाराबंकी। मोबाइल नं0– 9451368525**

**सूचना**
मै **ज्योति वर्मा पुत्री राजेन्द्र प्रसाद निवासिनी नौबस्ता, ज्योरी जनपद बाराबंकी उ0प्र0,** मेरी लाइफ इन्श्योरेन्स पालिसी पर मेरा नाम त्रुटिवश (ARADHANA VERMA) अंकित हो गया है। जबकि मेरा सही नाम ज्योति वर्मा (JYOTI VERMA) है जो मेरे आधार कार्ड सं0–8873 4607 3763 व अन्य अभिलेखो मे दर्ज है। उपरोक्त (ARADHANA VERMA) व ज्योति वर्मा (JYOTI VERMA) दोनो नाम मेरे ही है। अतः मुझे ज्योति वर्मा के नाम से जाना व पहचाना जाये।

अमृत विचार
मंगलवार, 20 जनवरी 2026



प्रेम का मार्ग कोई उम्मीद न रखने का मार्ग है। प्यार तभी मौजूद होता है, जब पूर्ण स्वीकृति हो और कुछ भी बदलने की कोई इच्छा ना हो।
–ओशो, विचारक

# महत्वाकांक्षा और चुनौतियां

उत्तर प्रदेश हेल्थ केयर और मेडिकल टेक्नोलॉजी का हब बनने की ओर है, मुख्यमंत्री का दावा पिछले एक दशक में इस क्षेत्र में किए गए ठोस प्रयासों और ठोस नीतिगत पहलों पर आधारित है। हालांकि देश के सर्वाधिक आबादी वाले राज्य के लिए यह लक्ष्य महत्वाकांक्षी होने के साथ चुनौतीपूर्ण भी है। पिछले दस वर्षों में उत्तर प्रदेश ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में कई उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से करोड़ों परिवारों को सार्वभौमिक स्वास्थ्य बीमा का लाभ मिला। एम्स और तमाम नए अस्पताल शुरू हुए, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार, टीकाकरण कवरेज का विस्तार और स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण ने मृत्यु दर घटाने में मदद की है। आज नीति आयोग के स्वास्थ्य सूचकांक में राज्य का सातवें स्थान पर पहुंचना इन्हीं सुधारों को दर्शाता है। हालांकि आगे चुनौतियां भी कम नहीं हैं। जनसंख्या का दबाव, डॉक्टरों व नर्सों की कमी, क्षेत्रीय असंतुलन व ग्रामीण गरीबी। इनसे निपटने के लिए मेडिकल व पैरामेडिकल शिक्षा का विस्तार, ग्रामीण सेवा को प्रोत्साहन, दवा व उपकरणों की सस्ती उपलब्धता और समुदाय आधारित स्वास्थ्य जागरूकता अभियानों को अभी और मजबूत करना होगा। संक्रामक और गैर-संक्रामक रोगों के दोहरे बोझ से निपटने के लिए एक उत्तरदायी, डेटा-आधारित और समावेशी स्वास्थ्य प्रणाली अभी निर्माणाधीन अवस्था में ही है। ऐसे में भविष्य की ओर देखें तो सरकार की योजनाएं स्वास्थ्य सेवाओं, मेडिकल रिसर्च और तकनीक को एक साथ आगे बढ़ाने पर केंद्रित होनी चाहिए। मेडिकल डिवाइस पार्क और बल्क ड्रग फार्मा पार्क की स्थापना से दवाइयों और मेडिकल उपकरणों के घरेलू उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा, आयात पर निर्भरता घटेगी, रोजगार और निवेश के अवसर भी सृजित होंगे।

मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़ाना, पीपीपी मॉडल पर सुपर स्पेशिएलिटी अस्पतालों को प्रोत्साहन देना और हेल्थ स्टार्टअप्स के लिए अनुकूल वातावरण बनाना भी इसी रणनीति का हिस्सा है। यूपी-आईएमआरएएस जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म से क्लीनिकल ट्रायल व मेडिकल रिसर्च से जुड़े अनुमोदनों को सरल, पारदर्शी और तेज बना है और शोधकर्ताओं और डॉक्टरों को नौकरशाही बाधाओं से राहत मिली तथा निवेशकों को समयबद्ध और भरोसेमंद प्रक्रियाएं भी। यह प्लेटफॉर्म उत्तर प्रदेश को रिसर्च-फ्रेंडली राज्य बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। डिजिटल हेल्थ के क्षेत्र में भी प्रगति उल्लेखनीय है। हालांकि इनसे जुड़ी पहलों का लाभ दूरदराज ग्रामीण क्षेत्रों तक समान रूप से पहुंचना अभी बाकी है। सूबा अपने सकल घरेलू उत्पाद का लगभग डेढ़ प्रतिशत स्वास्थ्य पर व्यय करता है, यह कम है। इसे कम से कम 2.5 प्रतिशत तक बढ़ाना आवश्यक है। प्रति व्यक्ति स्वास्थ्य व्यय भी अभी अपेक्षाकृत कम है, बुनियादी ढांचे, मानव संसाधन और प्राथमिक स्वास्थ्य पर निवेश बढ़ाकर इसे सुधारा जा सकता है। यदि प्रदेश को अपने प्रतिद्वंद्वी राज्यों से प्रतिस्पर्धा करनी है, तो गुणवत्ता और समानता विशेष ध्यान देना होगा। हेल्थ केयर और मेडिकल टेक्नोलॉजी का हब बनने से आम जनता को बेहतर, सस्ती और सुलभ सेवाएं मिलेंगी और यही किसी भी स्वास्थ्य नीति की अंतिम कसौटी है। फिलहाल रणनीतिक योजनाओं और मुख्यमंत्री की राजनीतिक इच्छाशक्ति से सूबा इस लक्ष्य के करीब पहुंचता दिखता है।

# बैंकों में एफडीआई की नीति: अवसर और आशंकाएं





रजत मेहरोत्रा
वित्तीय एवं आर्थिक विशेषज्ञ

भारत सरकार एक बड़ा और रणनीतिक कदम उठाने की तैयारी में है, जिसके तहत वह सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (Public Sector Banks-PSBs) में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (FDI) की सीमा 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 49 प्रतिशत करने पर विचार कर रही है। यह प्रस्ताव न केवल बैंकिंग सेक्टर, बल्कि संपूर्ण भारतीय वित्तीय प्रणाली के लिए परिवर्तनकारी साबित हो सकता है।

कोविड-19 के बाद भारतीय बैंकिंग सेक्टर ने तेजी से सुधार दिखाया है। सरकारी बैंकों का NPA स्तर ऐतिहासिक न्यूनतम पर है, क्रेडिट ग्रोथ 15 प्रतिशत से ऊपर जा चुकी है और मुनाफा पिछले कई वर्षों के मुकाबले बेहतर है, लेकिन इसके बावजूद PSBs को पूंजी की कमी, कम रिटर्न ऑन इक्विटी और तकनीकी प्रतिस्पर्धा की चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। निजी क्षेत्र के बैंक तेजी से आगे बढ़ रहे हैं, जबकि सरकारी बैंक पूंजी जुटाने में पिछड़ जाते हैं। ऐसे में सरकार का यह फैसला विदेशी निवेश को आकर्षित करने और PSBs को मजबूत पूंजी ढांचा देने की दिशा में एक स्वाभाविक कदम माना जा रहा है।

सरकार के प्रस्ताव के तहत FDI सीमा को 49 प्रतिशत तक बढ़ाने की योजना है, लेकिन सरकार अपनी 51 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी बनाए रखेगी ताकि बैंकों पर नियंत्रण उसके पास ही रहे। यानी यह पूर्ण निजीकरण नहीं, बल्कि आंशिक उदारीकरण है। इस कदम से विदेशी निवेशक सीधे PSBs में हिस्सेदारी ले सकेंगे, जिससे बैंक की पूंजी पर्याप्तता (Capital Adequacy Ratio) में सुधार होगा और वे बड़े ऋण देने में सक्षम बन सकेंगे। सरकार का मानना है कि विदेशी निवेश से न केवल पूंजी आएगी, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय अनुभव, बेहतर प्रबंधन प्रथाएं और नई तकनीकें भी आएंगी, जो सरकारी बैंकों की कार्यक्षमता को सुधारेंगी। हालांकि इस कदम पर सवाल भी उठ रहे हैं। कई विशेषज्ञों का मानना है कि विदेशी निवेश की सीमा बढ़ाना कहीं न कहीं PSBs के सार्वजनिक स्वरूप को कमजोर कर सकता है। सरकारी बैंक सिर्फ लाभ कमाने के लिए नहीं, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व निभाने के लिए भी जाने जाते हैं, जैसे ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराना, जनधन योजनाएं लागू करना या कृषि ऋण देना।

सरकार के प्रस्ताव के तहत FDI सीमा को 49 प्रतिशत तक बढ़ाने की योजना है, लेकिन सरकार अपनी 51 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी बनाए रखेगी ताकि बैंकों पर नियंत्रण उसके पास ही रहे। यानी यह पूर्ण निजीकरण नहीं, बल्कि आंशिक उदारीकरण है।


यदि विदेशी निवेशक बड़ी हिस्सेदारी रखते हैं, तो वे लाभ केंद्रित दृष्टिकोण अपनाएंगे, जिससे सामाजिक बैंकिंग की भावना प्रभावित हो सकती है। इससे विदेशी मुद्रा का प्रवाह बढ़ेगा, भारत के बैंकिंग सेक्टर पर वैश्विक भरोसा मजबूत होगा और भारतीय अर्थव्यवस्था को दीर्घकालिक रूप से पूंजी स्थिरता मिलेगी। विदेशी निवेशकों के लिए भी यह अवसर है, क्योंकि भारतीय बैंकिंग सेक्टर उभरती अर्थव्यवस्था में सबसे तेजी से बढ़ने वाला क्षेत्र है। वर्तमान में भारतीय बैंकिंग प्रणाली का बाजार मूल्य 700 अरब डॉलर से अधिक है और इसमें सरकारी बैंकों की हिस्सेदारी लगभग 60 प्रतिशत है। यदि इन बैंकों में विदेशी निवेशकों को 49 प्रतिशत हिस्सेदारी की अनुमति मिलती है, तो यह अरबों डॉलर के निवेश का रास्ता खोल सकता है।

निवेशकों के लिए यह कदम कई मायनों में महत्वपूर्ण है। पहला, इससे बैंकों के शेयरों में दीर्घकालिक स्थिरता और वृद्धि की संभावना बनेगी। दूसरा, विदेशी निवेश आने से इन बैंकों की कॉर्पोरेट गवर्नेंस में सुधार होगा, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ेगी। तीसरा, यह निर्णय भारत के वित्तीय बाजारों में वैश्विक निवेशकों के भरोसे को और मजबूत करेगा। विदेशी निवेशकों की बढ़ती मांग से इन शेयरों के मूल्य में और वृद्धि हो सकती है। हालांकि कुछ जोखिम भी हैं। यदि सरकार नियंत्रण बनाए रखती है, तो विदेशी निवेशक निर्णय प्रक्रिया में सीमित भूमिका पा सकते हैं, जिससे वे उतनी उत्सुकता नहीं दिखाएंगे। वहीं, यदि नियंत्रण धीरे-धीरे कमजोर होता है, तो नीति निर्माण और बैंकिंग प्राथमिकताएं विदेशी हितों की ओर झुक सकती हैं। इसलिए सरकार को एक संतुलित नीति बनानी होगी, जहां विदेशी निवेश को आकर्षित किया जाए, पर नियंत्रण और सामाजिक बैंकिंग की भावना भी बनी रहे।

इस नीति के बाद पूंजी जुटाना आसान होगा, बैंकों की ऋण देने की क्षमता बढ़ेगी और तकनीकी नवाचार जैसे डिजिटल बैंकिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित जोखिम प्रबंधन आदि में तेजी आएगी। भारत सरकार की "विकसित भारत 2047" की दृष्टि में यह कदम एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हो सकता है, क्योंकि इसका उद्देश्य कम से कम दो भारतीय बैंकों को दुनिया के शीर्ष 20 बैंकों की सूची में लाना है। आम उपभोक्ताओं के लिए भी यह कदम लाभकारी सिद्ध हो सकता है, क्योंकि विदेशी पूंजी के साथ बैंकिंग सेवाओं में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी, ब्याज दरें अधिक पारदर्शी होंगी और डिजिटल सेवाएं सस्ती और तेज मिलेंगी। हालांकि सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि ग्रामीण और निम्न आय वर्ग के ग्राहकों की पहुंच और सेवा गुणवत्ता पर कोई नकारात्मक असर न पड़े।

कहा जा सकता है कि सरकार का यह कदम 'PSBs को बेचने' की दिशा में नहीं, बल्कि 'उन्हें वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी और पूंजी सशक्त बनाने' की दिशा में है। भारत की वित्तीय प्रणाली को अधिक आधुनिक व वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाएगी। परंतु इसकी सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि सरकार पारदर्शिता, नियामक संतुलन और सार्वजनिक हित के बीच सही संतुलन कैसे बनाए रखती है।

## आमने सामने



फूल सिंह बरैया ने जो बात कही, वह उनकी निजी सोच या विचार नहीं हैं। उन्होंने तो बिहार के एक विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग के अध्यक्ष रहे हरि मोहन झा, जो कि ब्राह्मण हैं, उनकी पुस्तक का उल्लेख किया था। यदि कार्रवाई करनी ही है, तो पुस्तक लिखने वाले पर करनी चाहिए। प्रकाशक पर कार्रवाई करिए।
– **दिग्विजय सिंह**, वरिष्ठ नेता

यदि बरैया के शब्द उनके निजी विचार नहीं थे, तो ऐसी घृणित और महिला-विरोधी बयान देने की आवश्यकता ही क्या थी? क्या किसी पुस्तक का हवाला देकर महिलाओं की गरिमा पर प्रहार उचित हो जाता है? क्या सार्वजनिक रूप से दिए गए बयान की जिम्मेदारी वक्ता की नहीं होती? यदि वे शब्द गलत थे, तो कांग्रेस ने उसी समय सार्वजनिक खंडन क्यों नहीं किया?
– **आशीष अग्रवाल**, भाजपा मीडिया प्रभारी, मप्र



# ग्रीनलैंड विवाद और बदलती वैश्विक धुरी



प्रो. आरके जैन
बड़वानी (मप्र)

डोनाल्ड ट्रंप की ग्रीनलैंड को लेकर अपनाई गई आक्रामक नीति अब न सनक भर रह गई है और न ही चुनावी बयानबाजी तक सीमित है। यह 2026 की वैश्विक राजनीति का एक गंभीर और निर्णायक संकट बन चुकी है। जनवरी 2026 में ट्रंप के ऐलान किया कि 1 फरवरी 2026 से डेनमार्क, नॉर्वे, स्वीडन, फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन, नीदरलैंड्स और फिनलैंड (आठ नाटो देशों) के आयात पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगेगा, जो 1 जून 2026 से 25 प्रतिशत तक बढ़ जाएगा, जब तक ग्रीनलैंड की 'पूर्ण और संपूर्ण खरीद' पर डील नहीं हो जाती। यह बयान उस सोच को उजागर करता है, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय राजनीति को कूटनीति नहीं, बल्कि दबाव और सौदेबाजी का खेल माना जा रहा है।

ग्रीनलैंड को लेकर ट्रंप का यह रवैया नया नहीं है। 2019 में भी उन्होंने इसे एक "रियल एस्टेट डील" बताया था, जिसे उस समय मजाक या कूटनीतिक अपरिपक्वता कहकर टाल दिया गया, लेकिन सात साल बाद वही विचार एक अलग, अधिक संगठित और खतरनाक रूप में सामने आया है। अब इसे राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्कटिक क्षेत्र में चीन और रूस की बढ़ती मौजूदगी और दुर्लभ खनिजों पर नियंत्रण जैसे तर्कों से जोड़ा जा रहा है। यही कारण है कि यह मुद्दा अब केवल अमेरिका और डेनमार्क के बीच सीमित नहीं रहा, बल्कि पूरे नाटो और वैश्विक व्यवस्था के लिए चुनौती बन गया है। यूरोप की प्रतिक्रिया इस संकट की गंभीरता को रेखांकित करती है। डेनमार्क ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि ग्रीनलैंड बिक्री के लिए नहीं है, जबकि ग्रीनलैंड के लोग भी सड़कों पर उतरकर अपनी स्वायत्तता और पहचान की रक्षा कर रहे हैं। "कोई दबाव नहीं, कोई संकेत नहीं" जैसे बयान यह दर्शाते हैं कि स्थानीय नेतृत्व किसी भी सूरत में बाहरी दबाव स्वीकार करने को तैयार नहीं है। फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन और अन्य यूरोपीय देशों ने भी एकजुट होकर ट्रंप की धमकी को अंतर्राष्ट्रीय कानून और संप्रभुता के खिलाफ बताया है। यूरोप की सड़कों पर गूंजते "यांकी गो होम" जैसे नारे इस असंतोष की तीव्रता को उजागर करते हैं।

भारत के लिए यह पूरा घटनाक्रम अप्रत्यक्ष होते हुए भी दूरगामी असर रखने वाला है। भारत आर्कटिक काउंसिल का ऑब्जर्वर है और जलवायु परिवर्तन के कारण इस क्षेत्र में उभरते संसाधनों और नए समुद्री मार्गों में उसकी दिलचस्पी स्वाभाविक है।

ट्रंप के तर्क अपनी जगह साफ हैं। आर्कटिक क्षेत्र में बर्फ पिघलने से नए समुद्री मार्ग खुल रहे हैं, जो वैश्विक व्यापार और सैन्य रणनीति दोनों के लिए अहम हैं। इसके अलावा, ग्रीनलैंड में लिथियम, कोबाल्ट और अन्य रेयर अर्थ एलिमेंट्स की भरपूर उपलब्धता है, जो भविष्य की तकनीक इलेक्ट्रिक वाहन, बैटरी और नवीकरणीय ऊर्जा के लिए अनिवार्य मानी जाती है। ट्रंप का दावा है कि ग्रीनलैंड 'गोल्डन डोम' मिसाइल रक्षा प्रणाली के लिए रणनीतिक रूप से आवश्यक है, हालांकि विशेषज्ञों का मत है कि वर्तमान पिटुफिक अंतरिक्ष आधार और डेनमार्क के साथ हुए समझौतों के कारण अमेरिका को पहले से ही पर्याप्त पहुंच है तथा पूर्ण क्रय की जरूरत विवादित है। इन दलीलों के पीछे संसाधनों और प्रभुत्व की पुरानी लालसा ही काम कर रही है।

आर्थिक दृष्टि से यह प्रस्ताव कई गहरे सवाल खड़े करता है। ट्रंप की टीम ने ग्रीनलैंड की संभावित खरीद कीमत 700 बिलियन डॉलर तक बताई है, जिसमें खरीद के अलावा माइंस, इंफ्रास्ट्रक्चर और सब्सिडी के लिए सैकड़ों बिलियन अतिरिक्त खर्च शामिल हैं और लाभ 10-20 साल बाद दिख सकता है। जबकि विशेषज्ञों का आकलन है कि इससे किसी ठोस आर्थिक लाभ के संकेत कम से कम दो दशक बाद ही सामने आ सकते हैं। इसके बावजूद, टैरिफ जैसे आर्थिक हथियारों के जरिए सहयोगी देशों पर दबाव बनाना नाटो की मूल भावना और आपसी भरोसे के खिलाफ जाता है। यही कारण है कि इस कदम को केवल एक आक्रामक नीति नहीं, बल्कि गठबंधन की विश्वसनीयता पर सीधा खतरा माना जा रहा है। इस टकराव का प्रभाव यूरोप की सीमाओं तक सीमित नहीं रहने वाला है। वैश्विक सप्लाई चेन पहले ही दबाव में है और यदि ट्रंप की टैरिफ नीति से ट्रेड वॉर तेज होता है, तो इसके झटके पूरी दुनिया में महसूस किए जाएंगे। इसी बीच रूस और चीन आर्कटिक क्षेत्र में अपनी मौजूदगी लगातार बढ़ा रहे हैं और विशेषज्ञों का मानना है कि ट्रंप की आक्रामक रणनीति अनजाने में उन्हें और रणनीतिक अवसर प्रदान कर सकती है। यह 'पावर पॉलिटिक्स' का नया चरण है, जहां आर्थिक दबाव को भू-राजनीतिक लक्ष्य हासिल करने के औजार के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है।

भारत के लिए यह पूरा घटनाक्रम अप्रत्यक्ष होते हुए भी दूरगामी असर रखने वाला है। भारत आर्कटिक काउंसिल का ऑब्जर्वर है और जलवायु परिवर्तन के कारण इस क्षेत्र में उभरते संसाधनों और नए समुद्री मार्गों में उसकी दिलचस्पी स्वाभाविक है। ग्रीनलैंड के रेयर अर्थ मिनरल्स भारत की इलेक्ट्रिक वाहन नीति, बैटरी निर्माण और नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों के लिए बेहद अहम हैं। यदि अमेरिका इन संसाधनों पर नियंत्रण स्थापित करता है, तो भारत के लिए अमेरिका के साथ रणनीतिक सहयोग के नए रास्ते खुल सकते हैं, विशेषकर क्वाड और इंडो-पैसिफिक ढांचे के अंतर्गत।

फिर भी, जोखिम को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। ट्रंप की टैरिफ नीति का असर भारत पहले भी महसूस कर चुका है। भारत के लिए यह दौर सतर्कता, दूरदर्शिता और स्मार्ट डिप्लोमेसी की मांग करता है। 2026 में दुनिया एक नाजुक मोड़ पर खड़ी है, जहां लिया गया एक फैसला पूरी वैश्विक राजनीति की दिशा बदल सकता है। यदि भारत इस परिवर्तन को समझदारी से संभालता है, तो वह न केवल चुनौतियों से उबर पाएगा, बल्कि एक सशक्त वैश्विक शक्ति के रूप में और मजबूती से उभरेगा।

## प्रसंगवश

# बेघरपन: विकास की छाया में छिपा संकट

दुनिया में बेघर लोगों की स्थिति पर रिपोर्ट जारी करने वाली ओईसीडी के अनुसार, सबसे अधिक बेघर लोगों वाला देश पाकिस्तान है, जहां लगभग 80 लाख से अधिक लोग बिना किसी स्थाई आश्रय के जीवन जी रहे हैं। इस सूची में सीरिया 53 लाख बेघर लोगों के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि बांग्लादेश 50 लाख बेघर लोगों के साथ तीसरे स्थान पर है। चीन 25.79 लाख बेघर लोगों के साथ नौवें स्थान पर है और नेपाल 25 लाख बेघर लोगों के साथ दसवें स्थान पर। अमेरिका और ब्रिटेन जैसे विकसित देशों का भी इस सूची में शामिल होना यह दर्शाता है कि आवास की समस्या केवल विकासशील देशों तक सीमित नहीं, बल्कि एक वैश्विक चुनौती बन चुकी है। भारत की आबादी 140 करोड़ से अधिक होने के बावजूद बेघर लोगों की संख्या लगभग 17.70 लाख बताई गई है।

भारत की स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर मानी जा रही है। रिपोर्ट के अनुसार भारत 17.70 लाख बेघर लोगों के साथ दुनिया में 13 वें स्थान पर हैं। इसका एक बड़ा कारण प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) है, जिसके तहत करोड़ों परिवारों को पक्का घर उपलब्ध कराया गया है। इस योजना ने बेघरपन को कम करने में अहम भूमिका निभाई है। इसके अलावा स्थिर आर्थिक वृद्धि ने लोगों की क्रय-शक्ति बढ़ाई है, जिससे वे छोटे घर खरीदने या किराए पर लेने में सक्षम हुए हैं। ग्रामीण रोजगार गारंटी जैसी योजनाओं ने ग्रामीण क्षेत्रों से पलायन को भी काफी हद तक रोका है। साथ ही भारत की पारंपरिक संयुक्त परिवार व्यवस्था भी आर्थिक संकट के समय लोगों को सहारा देती रही है। केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी द्वारा राज्यसभा में दिए गए आंकड़ों के अनुसार, भारत में कुल 17.73 लाख बेघर लोग हैं, जिनमें 9.38 लाख शहरी और 8.34 लाख ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं। शहरी क्षेत्रों में उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक 1.80 लाख बेघर लोग हैं, इसके बाद महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल और गुजरात का स्थान आता है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी उत्तर प्रदेश, राजस्थान और महाराष्ट्र में बेघर लोगों की संख्या अधिक है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की बात करें तो 2001 की जनगणना में यहां 24,966 बेघर लोग दर्ज किए गए थे, जो 2011 में बढ़कर 46,724 हो गए। गैर सरकारी संगठनों का दावा है कि वर्तमान में दिल्ली में 1.50 लाख से अधिक बेघर लोग रह रहे हैं, जिनकी पूरी गिनती अब तक संभव नहीं हो पाई है।



अमित बैजनाथ गर्ग
वरिष्ठ पत्रकार

बेघर लोगों की स्थिति अत्यंत दयनीय और असुरक्षित होती है। उन्हें भोजन, आश्रय, स्वच्छ पानी, स्वास्थ्य सेवाओं और सुरक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष करना पड़ता है। महिलाओं और बच्चों के लिए यह स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है। पहचान पत्रों के अभाव में वे सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं उठा पाते और गरीबी के दुष्चक्र में फंसे रहते हैं। बेघर होना मूल रूप से पर्याप्त आवास के मानवाधिकार का उल्लंघन है। इस समस्या से निपटने के लिए सरकारों को निर्णायक भूमिका निभानी होगी। किफायती आवास का निर्माण, रैन बसेरों की संख्या बढ़ाना और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को प्रभावी बनाना आवश्यक है। साथ ही आम नागरिक भी बेघर लोगों की मदद कर सकते हैं। भोजन, कपड़े, स्वच्छता सामग्री देना, आश्रयों में सेवा करना और जागरूकता फैलाना इसमें शामिल है। स्थानीय प्रशासन और सहायता समूहों से जुड़कर सहयोग करना भी उपयोगी साबित हो सकता है। छोटे-छोटे प्रयास मिलकर बड़ा बदलाव ला सकते हैं। सम्मान और संवेदना के साथ की गई सहायता बेघर लोगों को गरिमापूर्ण जीवन की ओर ले जा सकती है। हमारा थोड़ा सा सहयोग उनकी सबसे बड़ी जरूरत बन सकता है और यही एक संवेदनशील समाज की पहचान है।

## सोशल फोरम

# आनंद भवन: जहां सुरक्षित है नेहरू की मूल वंशावली

पिछले 10-12 सालों से वास्तविकता के नाम पर आधुनिक इतिहास की भांति-भांति की शिक्षा हमें दी जा रही है। भ्रमित समाज के लिए इनमें सबसे रोचक जवाहर लाल नेहरू की 'आधुनिक वंशावली' लगती है, जिसे देखकर चौंकते तो सभी हैं, परंतु ऐसे बहुत सारे लोग हैं, जिन्हें उसकी सच्चाई को लेकर रत्ती भर भी संदेह नही। फिर भी छद्म इतिहासकार, शंका का बीजारोपण करने में सफल होते दिखाई देते हैं। इस आधुनिक वंशावली में पंडित नेहरू को 'मुस्लिम' सिद्ध करने का प्रयास किया गया है। यद्यपि 'फैक्ट-चेक' करने वालों ने इस आधुनिक वंशावली को सिरे से नकार दिया है, परंतु वो दुष्प्रचार की ताकत ही क्या, जो शंका के बीज ना बो सके। ये है आज की सोशल मीडिया का करिश्मा। इस यूनिवर्सिटी से ज्ञान अर्जित करके लोग महाज्ञानी बन गए हैं और समाज में धड़ल्ले से ज्ञान बांटते दिख जाते हैं।



विजय सिंह
रुद्रपुर, उत्तराखंड

नेहरू परिवार की सच्चाई यह है कि जवाहर लाल नेहरू के पिता मोतीलाल नेहरू जी के दादा जी 'राजनरायन कौल' को 1713 में एक 'संस्था' ने कश्मीर से उत्तर प्रदेश बुलाया था। कश्मीरी पंडित राजनरायन कौल फारसी व संस्कृत के विद्वान थे, जिसकी वजह से संस्था को उनकी जरूरत महसूस हुई थी। राजनरायन कौल के तीन पुत्र थे, साहिब राम, टीका राम और मानिस राम। मानिस राम के पुत्र गंगाधर नेहरू (जवाहर लाल के दादा)। गंगाधर नेहरू के पुत्र मोतीलाल नेहरू (जवाहर लाल के पिता)। मोती लाल नेहरू के दो और भाई थे, नंदलाल और वंशीधर। जवाहर लाल नेहरू की दो बहनें भी थीं, विजयलक्ष्मी और कृष्णा कुमारी। उसके बाद की वंशावली तो सभी लोग के स्मरण में ताजी ही होगी। इंदिरा गांधी से होते हुए, राजीव गांधी व संजय गांधी और फिर राहुल गांधी व प्रियंका गांधी तक। इससे पहले कि आनंद भवन की दीवार पर लटके, मूल वंशावली को हटाकर कहीं आधुनिक वंशावली न लटका दिया जाए, यदि किसी को प्रयागराज जाने का अवसर मिलता है, उन्हें जवाहर लाल नेहरू के पैतृक निवास स्थल 'आनंद भवन' जाकर, जो वर्तमान में नेहरु जी व गांधीजी की स्मृतियों को संजोए, एक भव्य संग्रहालय में तब्दील हो चुका है, नेहरू परिवार की मूल वंशावली का भी अवलोकन जरूर करना चाहिए। प्रसंगवश याद दिला दें कि जवाहरलाल नेहरू का पैतृक निवास 'आनंद भवन' को उनके परिवार ने सरकार को दान कर दिया था। उस समय इस ऐतिहासिक भवन की कीमत लगभग 200 करोड़ आंकी गई थी और आज जिसकी कीमत लगभग 49,000 करोड़ बताई जाती है।
–फेसबुक वॉल से

## सामयिकी

# अर्थव्यवस्था को जाली करेंसी से पहुंचती चोट

देश में जाली नोटों का कारोबार कई राज्यों में फैला हुआ है। इनमें कुछ नकली करेंसी विदेशों से आ रही है, तो कुछ भारत में ही तैयार की जा रही है। पहले तक पांच सौ, हजार और सौ रुपये के नकली नोट ही बड़ी समस्या बने हुए थे, लेकिन अब पचास, बीस और दस रुपये के नकली नोटों का भी धड़ल्ले से चलन हो रहा है। कारोबारी, पुलिस और सौदागर इन छोटे मूल्यवर्ग के नकली नोटों को ग्रामीण बाजारों में आसानी से खपा देते हैं, जिससे आम लोगों को नुकसान उठाना पड़ता है। बीते कुछ समय में देश के अलग-अलग हिस्सों से नकली नोटों के कई मामले सामने आए हैं। 18 जनवरी को उत्तर प्रदेश के सीतापुर में पुलिस ने एक महिला सहित दो आरोपियों को लगभग एक लाख रुपये के नकली नोटों के साथ गिरफ्तार किया। 1 जनवरी को हरियाणा के फरीदाबाद में नकली नोट बनाकर बाजार में चलाने के आरोप में दो युवक पकड़े गए। 17 जनवरी को महाराष्ट्र के यवतमाल जिले में एक बड़े जाली नोट नेटवर्क का भंडाफोड़ हुआ। इसी तरह बांदा, सूरत और भोपाल जैसे शहरों में भी नकली नोटों के रैकेट सामने आए हैं, जो इस समस्या की गंभीरता को दर्शाते हैं। हालांकि भारत डिजिटल लेनदेन के मामले में अग्रणी देशों में शामिल है और दुनिया के लगभग आधे रियल टाइम डिजिटल भुगतान भारत में होते हैं, फिर भी नकली करेंसी की मौजूदगी चिंता का विषय बनी हुई है। नकली नोटों का बढ़ता नेटवर्क देश की बैंकिंग सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बनता जा रहा है। हाल ही में दिल्ली पुलिस ने 18 सरकारी और निजी बैंकों की शिकायत पर मामला दर्ज किया, जिसमें करीब 11 हजार नकली नोट जमा होने की बात सामने आई। यह स्थिति देश की वित्तीय व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है।




रोहित माहेश्वरी
स्वतंत्र पत्रकार

सरकारी आंकड़े बताते हैं कि पिछले कुछ वर्षों में नकली नोट पकड़े जाने के मामलों में तेजी आई है। वित्त मंत्रालय के अनुसार, 500 रुपये के नकली नोटों की संख्या में 2019 से 2023 के बीच 317 प्रतिशत की वृद्धि हुई। आरबीआई के मुताबिक, वित्त वर्ष 2024-25 में 500 रुपये के 1.18 लाख नकली नोट पाए गए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 37 प्रतिशत अधिक हैं। यह संकेत देता है कि असामाजिक और राष्ट्रविरोधी तत्व लगातार नए तरीके अपनाकर इस चुनौती को जटिल बना रहे हैं। नोटबंदी का उद्देश्य नकली नोटों और काले धन पर रोक लगाना था, लेकिन मौजूदा आंकड़े इसकी सीमित प्रभावशीलता की ओर इशारा करते हैं। हालांकि डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देकर सरकार ने नकदी पर निर्भरता कम करने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। यूपीआई जैसे प्लेटफॉर्म ने लेनदेन को सरल और पारदर्शी बनाया है, फिर भी डिजिटल साक्षरता की कमी और नकदी पर निर्भरता इस समस्या को बढ़ावा देती है। नकली नोटों के प्रसार में जागरूकता की कमी सबसे बड़ी बाधा है, खासकर ग्रामीण इलाकों में। तकनीक की मदद से जालसाज हूबहू असली जैसे नोट तैयार कर रहे हैं, जिससे पहचान करना मुश्किल हो गया है। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि नकली नोट न केवल अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाते हैं, बल्कि आम जनता के विश्वास को भी कमजोर करते हैं। इससे निपटने के लिए तकनीकी सशक्तिकरण, कड़ी निगरानी और व्यापक जागरूकता अभियान बेहद जरूरी हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

व संत पंचमी भारतीय संस्कृति में बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाने वाला त्योहार है, जिसमें हमारी परंपरा, भौगोलिक परिवर्तन, सामाजिक कार्य तथा आध्यात्मिक पक्ष सभी का सम्मिश्रण है। हिन्दू पंचांग के अनुसार माघ मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को वसंत पंचमी का त्योहार मनाया जाता है। वास्तव में भारतीय गणना के अनुसार वर्ष भर में पड़ने वाली छह ऋतुओं में वसंत को ऋतुराज अर्थात सभी ऋतुओं का राजा माना गया है और वसंत पंचमी के दिन को वसंत ऋतु का आगमन माना जाता है, इसलिए वसंत पंचमी ऋतु परिवर्तन का दिन भी है, जिस दिन से प्राकृतिक सौंदर्य निखारना शुरू हो जाता है। पेड़ों पर नई पत्तिया कोपले और कालिया खिलना शुरू हो जाती हैं, पूरी प्रकृति एक नवीन ऊर्जा से भर उठती है। साथ ही यह त्योहार मां सरस्वती की पूजा और ज्ञान, संगीत, कला एवं विद्या के प्रति समर्पण का प्रतीक है।



## वसंत पंचमी
# प्रकृति के नवोन्मेष और ज्ञान की आराधना का पर्व



डॉ. विपिन शर्मा
ज्योतिषाचार्य



वसंत पंचमी को विशेष रूप से सरस्वती जयंती के रूप में मनाया जाता है। यह माता सरस्वती का प्राकट्योत्सव है, इसलिए इस दिन विशेष रूप से माता सरस्वती की पूजा उपासना कर उनसे विद्या बुद्धि प्राप्ति की कामना की जाती है। विद्यार्थियों के लिए वसंत पंचमी का त्योहार बहुत विशेष होता है। इस दिन पीले वस्त्र पहनने और खिचड़ी बनाने और बांटने की प्रथा भी प्रचलित है, तो इस दिन वसंत ऋतु के आगमन होने से कई स्थानों में आकाश में पतंगें उड़ाने की परंपरा भी दीर्घकाल से प्रचलन में है। वसंत पंचमी के दिन का एक और विशेष महत्व भी है। वसंत पंचमी को मुहूर्त शास्त्र के अनुसार एक स्वयं सिद्ध मुहूर्त और अनसूझ साया भी माना गया है अर्थात इस दिन कोई भी शुभ मंगल कार्य करने के लिए पंचांग शुद्धि की आवश्यकता नहीं होती। इस दिन नींव पूजन, गृह प्रवेश, वाहन खरीदना, व्यापार आरंभ करना, सगाई और विवाह आदि मंगल कार्य किए जा सकते हैं।

### ज्ञान की देवी सरस्वती

माता सरस्वती को ज्ञान, संगीत, कला, विज्ञान और शिल्प-कला की देवी माना जाता है। भक्त लोग, ज्ञान प्राप्ति और सुस्ती, आलस्य एवं अज्ञानता से छुटकारा पाने के लिए, आज के दिन देवी सरस्वती की उपासना करते हैं। आज के दिन शिशुओं को पहला अक्षर लिखना सिखाने का भी विधान है। दूसरे शब्दों में वसंत पंचमी का दिन विद्या आरंभ करने के लिए काफी शुभ माना जाता है, इसीलिए माता-पिता आज के दिन शिशु को माता सरस्वती के आशीर्वाद के साथ विद्या आरंभ कराते हैं। सभी विद्यालयों में वसंत के दिन सुबह के समय माता सरस्वती की पूजा की जाती है।

### शुभ कार्यों के लिए उपयुक्त दिन


वसंत पंचमी का दिन सनातन कैलेंडर में पंचमी तिथि को मनाया जाता है। जिस दिन पंचमी तिथि सूर्योदय और दोपहर के बीच में व्याप्त रहती है, उस दिन को सरस्वती पूजा के लिए उपयुक्त माना जाता है। सनातन कैलेंडर में सूर्योदय और दोपहर के मध्य के समय को पूर्वाह्न के नाम से जाना जाता है। ज्योतिष विद्या में पारंगत व्यक्तियों के अनुसार वसंत पंचमी का दिन सभी शुभ कार्यों के लिए उपयुक्त माना जाता है। इसी कारण से वसंत पंचमी का दिन अबूझ मुहूर्त के नाम से प्रसिद्ध है और नवीन कार्यों की शुरुआत के लिए उत्तम माना जाता है। वसंत पंचमी के दिन किसी भी समय सरस्वती पूजा की जा सकती है, परंतु पूर्वाह्न का समय पूजा के लिए श्रेष्ठ माना जाता है। सभी विद्यालयों और शिक्षा केन्द्रों में पूर्वाह्न के समय ही सरस्वती पूजा कर माता सरस्वती का आशीर्वाद ग्रहण किया जाता है।

### वसंत पंचमी कथा

सृष्टि के प्रारंभिक काल में भगवान विष्णु की आज्ञा से ब्रह्मा ने जीवों, खासतौर पर मनुष्य योनि की रचना की। अपनी सर्जना से वे संतुष्ट नहीं थे। उन्हें लगता था कि कुछ कमी रह गई है, जिसके कारण चारों ओर मौन छाया रहता है। विष्णु से अनुमति लेकर ब्रह्मा ने अपने कमंडल से जल छिड़का, पृथ्वी पर जलकण बिखरते ही उसमें कंपन होने लगा। इसके बाद वृक्षों के बीच से एक अद्भुत शक्ति का प्राकट्य हुआ। यह प्राकट्य एक चतुर्भुजी सुंदर स्त्री का था, जिसके एक हाथ में वीणा तथा दूसरा हाथ वर मुद्रा में था। अन्य दोनों हाथों में पुस्तक एवं माला थी। ब्रह्मा ने देवी से वीणा बजाने का अनुरोध किया। जैसे ही देवी ने वीणा का मधुरनाद किया, संसार के समस्त जीव-जंतुओं को वाणी प्राप्त हो गई। जलधारा में कोलाहल व्याप्त हो गया। पवन चलने से सरसराहट होने लगी। तब ब्रह्मा ने उस देवी को वाणी की देवी सरस्वती कहा। सरस्वती को वागीश्वरी, भगवती, शारदा, वीणावादनी और वाग्देवी सहित अनेक नामों से पूजा जाता है। ये विद्या और बुद्धि प्रदाता हैं। संगीत की उत्पत्ति करने के कारण ये संगीत की देवी भी हैं। वसंत पंचमी के दिन को इनके जन्मोत्सव के रूप में भी मनाते हैं। ऋग्वेद में भगवती सरस्वती का वर्णन करते हुए कहा गया है- प्रणो देवी सरस्वती वाजेभिर्वजिनीवती धीनामणित्रयवतु। अर्थात ये परम चेतना हैं। सरस्वती के रूप में ये हमारी बुद्धि, प्रज्ञा तथा मनोवृत्तियों की संरक्षिका हैं। हम में जो आचार और मेधा है, उसका आधार भगवती सरस्वती ही हैं। इनकी समृद्धि और स्वरूप का वैभव अद्भुत है। पुराणों के अनुसार श्रीकृष्ण ने सरस्वती से खुश होकर, उन्हें वरदान दिया था कि वसंत पंचमी के दिन तुम्हारी भी आराधना की जाएगी और यूं भारत के कई हिस्सों में वसंत पंचमी के दिन विद्या की देवी सरस्वती की भी पूजा होने लगी, जो कि आज तक जारी है।

पौराणिक कथा

## कर्ण और धर्म का मौन उपदेश



महाभारत के विराट चरित्रों में कर्ण एक ऐसा नाम है, जो अपने त्याग और दानशीलता के कारण आज भी स्मरण किया जाता है। उन्हें दानवीर कहा गया, क्योंकि दान उनके लिए कोई विशेष कर्म नहीं, बल्कि जीवन की स्वाभाविक प्रवृत्ति थी। प्रतिदिन प्रातः स्नान कर सूर्यदेव को अर्घ्य देने के पश्चात कर्ण के द्वार पर जो भी याचक आता, वह निराश होकर कभी नहीं लौटता था। उनके लिए दान यश, पुण्य या प्रशंसा का साधन नहीं, बल्कि धर्म का सहज पालन था।

एक दिन देवताओं के राजा इंद्र, ब्राह्मण का वेश धारण कर कर्ण के पास पहुंचे। उन्होंने कर्ण से उनके जन्मजात कवच और कुंडल दान में मांग लिए। ये कवच-कुंडल कर्ण के शरीर का अभिन्न अंग थे और उन्हें युद्ध में अजेय बनाते थे। कर्ण समझ चुके थे कि यह याचना किसी साधारण उद्देश्य से नहीं की गई है। उन्हें यह भी ज्ञात था कि यह दान उन्हें मृत्यु के मार्ग पर ले जाएगा और इसका संबंध अर्जुन की रक्षा से है। फिर भी कर्ण के मन में कोई द्वंद्व नहीं उठा। उन्होंने एक क्षण का भी विलंब नहीं किया। न किसी शर्त की बात की, न किसी प्रतिफल की अपेक्षा रखी। अपने शरीर को चीरकर उन्होंने कवच और कुंडल दान कर दिए।

यह केवल शारीरिक त्याग नहीं था, बल्कि आत्मबल और धर्मनिष्ठा की चरम अभिव्यक्ति थी। कर्ण के लिए धर्म जीवन से बड़ा था। कर्ण के इस असाधारण त्याग से इंद्रदेव भी भावविभोर हो उठे। उन्होंने कर्ण को वरदान स्वरूप शक्ति अस्त्र प्रदान किया, जो एक बार प्रयोग करने पर शत्रु का निश्चित वध कर सकता था। जाते समय इंद्रदेव ने उनसे प्रश्न किया- "कर्ण, तुम जानते थे कि यह दान तुम्हारे प्राण ले सकता है, फिर भी तुमने इसे क्यों दिया?" कर्ण का उत्तर सरल, किंतु अत्यंत गहन था- "यदि धर्म किसी लाभ या भय से बंधा हो, तो वह धर्म नहीं रहता।"

यह प्रसंग हमें सिखाता है कि महाभारत में धर्म किसी पक्ष, विजय या पराजय से नहीं जुड़ा है। वह मनुष्य के आचरण, कर्तव्य और त्याग से प्रकट होता है। कर्ण का जीवन इस सत्य का मौन उपदेश है कि परिस्थितियां चाहे जैसी हों, धर्म का मार्ग आत्मा की आवाज से तय होता है।

बोधकथा


## सेवा बिना साधना अधूरी

एक बार संत ज्ञानेश्वर महाराज प्रातः काल नदी तट पर भ्रमण के लिए निकले। नदी के पास उन्होंने देखा कि एक बालक पानी में गोते लगा रहा है। कुछ दूरी पर एक संन्यासी आंखें मूंदे ध्यानमग्न बैठा था। तभी अचानक वह बालक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए ज्ञानेश्वर महाराज तुरंत नदी में कूद पड़े और बालक को सुरक्षित बाहर निकाल लाए।

इसके पश्चात उन्होंने संन्यासी को पुकारा। संन्यासी ने आंखें खोलीं तो ज्ञानेश्वर महाराज ने उससे पूछा- "क्या तुम्हारा ध्यान लगता है?"

संन्यासी ने उत्तर दिया- "नहीं महाराज, मन बार-बार भटक जाता है।" ज्ञानेश्वर महाराज ने पुनः प्रश्न किया- "जब बालक डूब रहा था, तब क्या तुमने उसे देखा नहीं?" संन्यासी बोला- "देखा तो था, पर मैं ध्यान में बैठा था।" यह सुनकर ज्ञानेश्वर महाराज ने करुण भाव से कहा- "ऐसे ध्यान से सिद्धि कैसे मिलेगी? प्रभु ने तुम्हें सेवा का अवसर दिया था और सेवा ही तुम्हारा प्रथम कर्तव्य था। यदि तुम उस कर्तव्य का पालन करते, तो तुम्हारा ध्यान स्वतः स्थिर हो जाता। प्रभु की सृष्टि उनका बगीचा है। यदि बगीचा उजड़ रहा हो और हम केवल उसकी सुंदरता का ध्यान करें, तो यह भक्ति नहीं, उपेक्षा है। बगीचे का आनंद लेना है, तो उसे संवारना भी सीखना होगा।"


यह प्रसंग आज के समय में और अधिक प्रासंगिक हो उठता है। यदि हमारा पड़ोसी भूखा सो रहा है और हम पूजा-पाठ में लीन हैं, तो यह मान लेना कि हम कोई पुण्य कार्य कर रहे हैं, आत्मवंचना है। वह भूखा व्यक्ति भी उसी ईश्वर की प्रतिछवि है, जिसे हम मंदिरों में खोजते हैं। भूखे को अन्न, दुखी को सहारा और असहाय को सहायता देना भी उतना ही बड़ा धर्म है, जितना मंत्र-जप या आरती। ईश्वर ने केवल पूजा के लिए नहीं, बल्कि सेवा के लिए भी मनुष्य को संवेदना दी है। किसी भी जीव, प्रकृति या समाज की उपेक्षा कर की गई भक्ति प्रभु को प्रसन्न नहीं कर सकती। सच्ची साधना वही है, जिसमें मनुष्य अपने कर्म से ईश्वर की सृष्टि को संवारने का प्रयास करे। सेवा से जुड़ी साधना ही आत्मिक शांति का मार्ग प्रशस्त करती है।



महत्वपूर्ण व्रत

### रथ सप्तमी

- 25 जनवरी, रविवार 2026
- स्नान मुहूर्त – सुबह 05:26 से 07:13
- अवधि – 01 घंटा 47 मिनट
- अरुणोदय – 06:48
- अवलोकनीय सूर्योदय – 07:13



सप्तमी तिथि भगवान सूर्य को समर्पित है। मान्यताओं के अनुसार, भगवान सूर्य देव ने रथ सप्तमी के दिन से समस्त संसार को प्रकाशित करना प्रारंभ किया था, जिसे भगवान सूर्य का जन्म दिवस माना जाता था।

**पूजा विधि** : सुबह स्नान करें और साफ वस्त्र धारण करें। तांबे के पात्र में जल, रोली, अक्षत और लाल फूल लें। इसके बाद सूर्य देव के मंत्रों का जप करते हुए जल उनको अर्घ्य दें, तत्पश्चात आदित्य हृदय स्तोत्र का पाठ करें। सूर्य चालीसा पढ़ें। पूजा संपन्न करने के बाद अंत में गरीबों को दान दें।

# पुरुषार्थ : मानव जीवन का मूल्याधारित लक्ष्य-संधान

यह धरा कर्मभूमि के नाम से जानी जाती है, जहां मनुष्य और पशु दोनों साथ-साथ विचरण करते हुए अपने-अपने प्रयोजनों की पूर्ति के लिए कर्म करते हैं, परंतु इन दोनों के कर्म में एक मौलिक अंतर है। पशु का कर्म स्वाभाविक, प्रवृत्तिजन्य और विवेकहीन होता है, जो जीवन-रक्षा और क्षुधा-पूर्ति तक सीमित रहता है, जबकि मनुष्य का कर्म विवेकयुक्त, मूल्याधारित और लक्ष्यपरक होता है। यही विवेकसम्मत कर्म पुरुषार्थ कहलाता है।



डॉ. रज्जन कुमार
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

पुरुषार्थ का सामान्य अर्थ है, अपने उद्देश्य या अपेक्षा की पूर्ति हेतु किया गया सचेत प्रयास। पशु भी कर्म करता है, परंतु उसका कर्म जैविक आवश्यकताओं से आगे नहीं बढ़ता। इसके विपरीत मनुष्य का पुरुषार्थ उसकी जिजीविषा, चेतना और आत्मिक उत्कर्ष का प्रतीक है। मानव द्वारा किया गया पुरुषार्थ लौकिक और अलौकिक, भौतिक और आध्यात्मिक, नैतिक और धार्मिक सभी आयामों को समाहित करता है। इसी कारण उसका मूल्यांकन भी नैतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक स्तर पर किया जा सकता है।

भारतीय दर्शन में पुरुषार्थ को मानव जीवन का मूल लक्ष्य माना गया है। 'पुरुषार्थ' शब्द का अर्थ है- "पुरुष का उद्देश्य" अथवा "मानव का लक्ष्य"। शास्त्रों में मानव जीवन के चार प्रमुख पुरुषार्थ बताए गए हैं-धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष, जिन्हें 'चतुर्वर्ग' भी कहा जाता है। ये चारों मिलकर मानव जीवन को संतुलित, मर्यादित और सार्थक बनाने का मार्ग प्रशस्त करते हैं। मानव पुरुषार्थ विवेकहीन या लक्ष्यविहीन प्रयास नहीं, बल्कि जीवन को श्रेष्ठ दिशा देने वाला सचेत उपक्रम है।



मनुष्य शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा चारों की संतुष्टि के लिए जो प्रयास करता है, वही पुरुषार्थ है। इन चार पुरुषार्थों में मोक्ष को अंतिम लक्ष्य माना गया है, जबकि धर्म, अर्थ और काम उसके साधन हैं। इनका संतुलित समन्वय ही पूर्ण मानव जीवन का आदर्श प्रस्तुत करता है।

धर्म चारों पुरुषार्थों का नियामक सिद्धांत है। धर्म वह मूल्य-सिद्धांत है, जो जीवन, समाज और सृष्टि के संतुलन को बनाए रखता है। इसका आशय नैतिक कर्तव्य, सदाचार, पवित्रता, स्वभाव और उचित आचरण से है। मनुस्मृति में धर्म के दस लक्षण बताए गए हैं-क्षमा, दम, अस्तेय, शौच, इंद्रिय-निग्रह, विद्या, ज्ञान, सत्य और क्रोध पर नियंत्रण। धर्म मनुष्य में अच्छे-बुरे का विवेक जगाता है और कर्मफल के सिद्धांत को स्वीकार करता है। लोकमान्यता है कि पुण्य कर्म मृत्यु के बाद भी मनुष्य का साथ देते हैं।

अर्थ दूसरा प्रमुख पुरुषार्थ है, जिसका संबंध भौतिक साधनों और आवश्यकताओं की पूर्ति से है। अर्थ का अर्थ केवल धन या संपत्ति नहीं, बल्कि वे सभी साधन हैं, जो जीवन-निर्वाह और सामाजिक दायित्वों की पूर्ति में सहायक हों। पंचमहायज्ञ, दान, अतिथि-सत्कार, संतान-पालन और समाज-कल्याण जैसे कार्यों के लिए अर्थ आवश्यक है। गृहस्थ आश्रम में अर्थ अर्जन पर विशेष बल दिया गया है, परंतु शास्त्र यह भी कहते हैं कि धन का अर्जन नैतिक और धार्मिक मर्यादाओं के भीतर होना चाहिए। आवश्यकता से अधिक धन को व्यक्ति अपना निजी स्वामित्व न मानकर समाज की अमानत समझे, यही अर्थ का आदर्श स्वरूप है।

काम तीसरा पुरुषार्थ है, जिसे प्रायः केवल भोग या यौन-इच्छा से जोड़ दिया जाता है, जबकि इसका अर्थ कहीं व्यापक है। काम मनुष्य की सभी इच्छाओं, अभिलाषाओं, भावनाओं और सौंदर्यबोध का प्रतिनिधित्व करता है। यह जीवन के आनंद का प्रतीक है- शारीरिक, मानसिक और रचनात्मक सभी स्तरों पर। साहित्य, संगीत, कला, नृत्य और प्रेम ये सभी काम के ही विस्तार हैं। काम व्यक्ति को मानसिक संतुलन प्रदान करता है और गृहस्थ जीवन में समाज की निरंतरता बनाए रखने में सहायक होता है। इच्छाओं की संतुष्टि के बाद ही व्यक्ति उनमें विरक्ति प्राप्त कर मोक्ष की ओर अग्रसर होता है। मोक्ष चौथा और अंतिम पुरुषार्थ है। धर्म, अर्थ और काम के समन्वय से जब व्यक्ति आत्म-ज्ञान प्राप्त करता है और अज्ञान के बंधनों से मुक्त हो जाता है, तब मोक्ष की अवस्था आती है। मोक्ष का अर्थ जन्म-मृत्यु के चक्र से मुक्ति और आत्मा का परम सत्य से एकाकार होना है। यह अवस्था स्थायी आनंद, शांति और पूर्णता की अनुभूति कराती है।

शास्त्रों के अनुसार मोक्ष की प्राप्ति के तीन मार्ग हैं- कर्मयोग, ज्ञानयोग और भक्तियोग। कर्मयोग निष्काम कर्म पर बल देता है, ज्ञानयोग आत्म-बोध और विवेक पर आधारित है और भक्तियोग प्रेम, श्रद्धा और समर्पण के माध्यम से ईश्वर की प्राप्ति का मार्ग दिखाता है। इनमें भक्तियोग को सर्वसुलभ और सरल माना गया है, जबकि ज्ञानयोग कठिन और कर्मयोग जीवन को परिष्कृत करते हुए भक्ति की ओर ले जाता है। पुरुषार्थ का महत्व इस बात में निहित है कि यह स्वार्थ और परमार्थ के बीच संतुलन स्थापित करता है। यह मनुष्य को न केवल व्यक्तिगत विकास की ओर ले जाता है, बल्कि सामाजिक और नैतिक उत्तरदायित्वों का बोध भी कराता है। धर्म जीवन को अनुशासित करता है, अर्थ आवश्यकताओं की पूर्ति करता है, काम जीवन में आनंद भरता है और मोक्ष जीवन को परम लक्ष्य प्रदान करता है। इस प्रकार पुरुषार्थ मानव जीवन की वह सार्थक शक्ति है, जो सांसारिक सुखों के बीच भी धर्म के पालन द्वारा मोक्ष प्राप्ति का मार्ग दिखाती है। धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष का संतुलित समन्वय ही मानव जीवन को पूर्ण, मूल्ययुक्त और अर्थवान बनाता है।

| बाजार | सेंसेक्स ↓ | निफ्टी ↓ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 83,246.18 | 25,585.50 |
| गिरावट | 324.17 | 108.85 |
| प्रतिशत में | 0.39 | 0.42 |

सोना 1,48,100 प्रति 10 ग्राम

चांदी 3,02,600 प्रति किलो

अमृत विचार
कानपुर, मंगलवार, 20 जनवरी 2026
www.amritvichar.com



न्यूज ब्रीफ

## चीन की आर्थिक वृद्धि दर 2025 में 5% पर

**बीजिंग।** चीन की अर्थव्यवस्था अमेरिकी शुल्क के बावजूद मजबूत निर्यात के दम पर 2025 में 5% बढ़कर 2001 अरब डॉलर पहुंच गई। वहीं इसकी सबसे बड़ी कमजोरी घरेलू खपत सुस्त बनी रही। चीन के राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो (एनबीएस) द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 2025 में चीन के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में वार्षिक आधार पर 5% की वृद्धि दर्ज की गई। यह देश के 5% के वार्षिक लक्ष्य के अनुरूप है। एनबीएस के अनुसार, जीडीपी 2001 अरब डॉलर (140,187.9 अरब युआन) के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। घरेलू चुनौतियों की श्रृंखला से अंतिम तिमाही में वृद्धि दर तीन साल के निचले स्तर 4.5% पर आ गई।

## डीजीसीए ने इंडिगो पर की मामूली कार्रवाई

**मुंबई।** पायलट संगठन एफआईपी ने बड़े पैमाने पर उड़ानें बाधित होने के मामले में इंडिगो पर विमानन नियामक डीजीसीए द्वारा लगाए 22.20 करोड़ जुर्माने को मामूली करार देते हुए सोमवार को इसकी कड़ी आलोचना की। भारतीय पायलट महासंघ (एफपीआई) ने कहा कि यात्रियों और विमानों की सुरक्षा से किसी भी सूरत में समझौता नहीं किया जा सकता है। उसने उड़ानों को रद्द करने की अवधि पर डीजीसीए की जांच को लेकर भी सवाल उठाए। डीजीसीए ने शनिवार को विस्तृत जांच के बाद दिसंबर के शुरुआती दिनों में हजारों उड़ानें रद्द करने के लिए इंडिगो पर कुल 22.20 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया था।

## बीसीसीएल 96.5% चढ़कर हुआ सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** कोल इंडिया की इकाई भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) का शेयर अपने निर्गम मूल्य 23 रुपये से 96.5 प्रतिशत की बढ़त के साथ सोमवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर 45.21 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ जो निर्गम मूल्य से 96.56% अधिक था। एनएसई पर शेयर ने निर्गम मूल्य से 95.65% की बढ़त के साथ 45 रुपये पर शुरुआत की। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 19,456.95 करोड़ रहा।

# मुद्राकोष ने भारतीय वृद्धि दर किया 7.3%

## तीसरी तिमाही में बेहतर आर्थिक प्रदर्शन और चौथी तिमाही में मजबूत रफ्तार होगा आधार

नई दिल्ली, एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) ने सोमवार को भारतीय अर्थव्यवस्था के बेहतर प्रदर्शन को देखते हुए वित्त वर्ष 2025-26 के लिए आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 7.3% कर दिया जो अक्टूबर में जारी अनुमान से 0.7% अंक अधिक है। वाशिंगटन स्थित बहुपक्षीय वित्तीय संस्था ने अपनी विश्व आर्थिक परिदृश्य रिपोर्ट में कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भी भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 6.4% कर दिया गया है, जो पहले 6.2% था।

आईएमएफ ने कहा कि भारत में 2025 (वित्त वर्ष 2025-26) के लिए वृद्धि अनुमान को 0.7% अंक बढ़ाकर 7.3% कर दिया गया है। इसका कारण तीसरी तिमाही में अपेक्षा से बेहतर आर्थिक प्रदर्शन और चौथी तिमाही में मजबूत रफ्तार है। मुद्राकोष ने कहा कि आने वाले समय में भारत की वृद्धि दर में कुछ नरमी आ सकती है। वित्त वर्ष 2026-27 और 2027-28 में भारत की वृद्धि दर 6.4% रहने का अनुमान



• विश्व आर्थिक परिदृश्य रिपोर्ट के अनुसार, 2026-27 में जीडीपी 6.4% रहने का लगाया अनुमान

है, क्योंकि चक्रीय एवं अस्थायी कारकों का प्रभाव धीरे-धीरे कम होगा। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 8% रही। जुलाई-सितंबर तिमाही में यह वृद्धि 8.2% दर्ज की गई थी। सांख्यिकी मंत्रालय के पहले अग्रिम अनुमान के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था के 7.4% की दर से बढ़ने की संभावना है। 2024-25 में वृद्धि दर 6.5% थी। मुद्रास्फीति के मोर्चे पर आईएमएफ ने कहा कि 2025 में खाद्य कीमतों में नरमी आने से महंगाई में उल्लेखनीय गिरावट आई है और आगे चलकर इसके निर्धारित लक्ष्य के करीब लौटने की उम्मीद है। भारतीय रिजर्व बैंक को खुदरा मुद्रास्फीति 2% घट-बढ़ के साथ 4% पर सीमित रखने का लक्ष्य मिला हुआ है।

### वैश्विक अर्थव्यवस्था के वृद्धि को किया 3.3%

**वाशिंगटन।** अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने सोमवार को कहा कि अप्रत्याशित रूप से मजबूत वैश्विक अर्थव्यवस्था इस साल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की संरक्षणवादी व्यापार नीतियों के असर से बाहर निकल सकती है। आईएमएफ ने एक रिपोर्ट में कहा कि ऐसा कुछ हद तक उत्तरी अमेरिका और एशिया में कृत्रिम मेधा (एआई) में निवेश बढ़ाने से संभव होगा। इस बहुपक्षीय निकाय को उम्मीद है कि इस साल वैश्विक वृद्धि दर 3.3% रहेगी। यह आंकड़ा 2025 के समान ही है, लेकिन पिछले अक्टूबर में जारी 2026 के लिए 3.1% के अनुमान से अधिक है। आईएमएफ के मुख्य अर्थशास्त्री पियरे-ओलिवियर गौरींचास और उनके सहयोगी टोबियास एड्रियन ने मुद्राकोष के ' 'विश्व आर्थिक परिदृश्य' ' पर रिपोर्ट के साथ जारी ब्लॉग पोस्ट में लिखा, अमेरिका के नेतृत्व वाले महत्वपूर्ण व्यापारिक व्यवधानों और बढ़ी हुई अनिश्चितता के बावजूद वैश्विक अर्थव्यवस्था उल्लेखनीय मजबूती दिखाना जारी रखे हुए है। अमेरिकी अर्थव्यवस्था को 2001 के बाद से तकनीकी निवेश की सबसे तेज रफ्तार का लाभ मिल रहा है। इसके इस साल 2.4% की दर से बढ़ने का अनुमान है, जो मुद्रा कोष के अक्टूबर के पूर्वानुमान और 2025 की अनुमानित वृद्धि दर (दोनों 2.1%) से अधिक है। इसमें अनुमान जताया गया है कि चीन की वृद्धि दर 4.5% रहेगी।



• रिपोर्ट अनुसार, उत्तरी अमेरिका और एशिया में एआई में निवेश बढ़ाने से ऐसा होना संभव

## विप्रो ने 250 चयनित युवाओं को काम पर नहीं रखा : एनआईटीईएस

**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों की संस्था एनआईटीईएस ने सोमवार को श्रम मंत्री मनसुख मांडविया को लिखित शिकायत दर्ज कर विप्रो लिमिटेड पर 250 से अधिक नव-चयनित कर्मचारियों को कई महीने बाद भी काम पर नहीं रखने का आरोप लगाया। इस संबंध में विप्रो से फिलहाल जवाब नहीं मिला है।

आईटी कर्मचारियों के निकाय ने कहा कि केंद्र सरकार से हस्तक्षेप करने और विप्रो से जवाब मांगने का आग्रह किया गया है। कंपनी को सभी प्रभावित उम्मीदवारों को स्पष्ट लिखित जानकारी देनी चाहिए, चाहे वह नियुक्ति की तय तारीख की पुष्टि हो या कारण सहित समापन। एनआईटीईएस की शिकायत में कहा गया है कि प्रभावित उम्मीदवार विभिन्न राज्यों में विप्रो की तरफ से संचालित टर्बो और नेक्स्टजेन टैलेंट हायरिंग कार्यक्रम के तहत चयनित किए गए थे। इन उम्मीदवारों को मई, 2025 में चयन की पुष्टि करने वाले आशय पत्र जारी किए गए थे जिनमें पद, वेतन और नौकरी शुरू करने से संबंधित प्रक्रिया का विवरण था।

# पांच लाख टन गेहूं के आटे का निर्यात करेगी सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने पांच लाख टन गेहूं के आटे और उससे संबंधित उत्पादों के निर्यात की अनुमति दे दी है। निर्यात पर लगे प्रतिबंध में ये आंशिक ढील तीन साल के बाद दी गई है। केंद्र सरकार ने साल 2022 में गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। भारत इस जिंस का प्रमुख उत्पादक देश है।

विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने अधिसूचना में कहा कि गेहूं के आटे और संबंधित उत्पादों का निर्यात प्रतिबंधित रहेगा। मौजूदा नीतिगत शर्तों के अतिरिक्त, पांच लाख टन तक गेहूं के आटे और संबंधित उत्पादों के निर्यात की अनुमति दी गई है। डीजीएफटी ने कहा कि जो आवेदक इस उत्पाद का निर्यात करना चाहते हैं, उन्हें महानिदेशालय से अनुमति लेनी होगी और इसके लिए आवेदन करना होगा। पहले चरण के तहत आवेदन 21 से 31 जनवरी, 2026 तक दिए जा सकते हैं। इसके बाद जब तक निर्यात की निर्धारित मात्रा उपलब्ध रहेगी, तब तक हर महीने के अंतिम दस दिनों के दौरान आवेदन आमंत्रित



• तीन साल के बाद निर्यात पर लगे प्रतिबंध में दी गई आंशिक ढील

किए जाएंगे। निर्यात का यह अधिकार जारी होने की तारीख से छह महीने के लिए वैध होगा। निर्यातक, आटा मिलें या प्रसंस्करण इकाइयां इसके लिए आवेदन कर सकती हैं, हालांकि उनके पास वैध आईईसी (आयात निर्यात कोड) और एफएसएसएआई (एफएसएसएआई) लाइसेंस होना चाहिए। निर्यात प्रसंस्करण इकाइयों और विशेष आर्थिक क्षेत्रों के अलावा, ऐसे व्यापारी निर्यातक भी आवेदन कर सकते हैं जिनके पास वैध आईईसी और एफएसएसएआई लाइसेंस है, साथ ही उनका सहायक विनिर्माताओं के रूप में काम करने वाली आटा मिलों के साथ वैध अनुबंध या आपूर्ति समझौता है।

# आईएफएससीए ने भारत को बनाया पुनर्बीमा का केंद्र

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू ने सोमवार को कहा कि अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (आईएफएससीए) भारत को वैश्विक पुनर्बीमा केंद्र बनाने की दिशा में अहम भूमिका निभा रहा है और भारतीय बीमाकर्ताओं एवं पुनर्बीमाकर्ताओं को गिफ्ट सिटी के जरिये वैश्विक अवसरों का लाभ उठाना चाहिए। नागराजू ने मुंबई में आयोजित आईएफएससी–आईआरडीएआई–गिफ्ट सिटी वैश्विक पुनर्बीमा शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही।

वित्त मंत्रालय के मुताबिक नागराजू ने कहा कि भारत का पुनर्बीमा क्षेत्र रूपांतरकारी वृद्धि के दौर में है और यह देश की समग्र आर्थिक आकांक्षाओं को मजबूती प्रदान करेगा। बीमा एवं पुनर्बीमा क्षेत्र भारत को वैश्विक अर्थव्यवस्था में मजबूत भूमिका निभाने में मददगार हैं क्योंकि ये जोखिम प्रबंधन के साथ दीर्घकालिक पूंजी भी उपलब्ध कराते हैं। वित्तीय सेवा सचिव ने स्विस री की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि वर्ष 2024 में भारत कुल प्रीमियम मात्रा के आधार पर दुनिया का 10वां सबसे बड़ा बीमा बाजार बना रहा और उसकी वैश्विक हिस्सेदारी 1.8 प्रतिशत रही। देश की 3.7 प्रतिशत जनसंख्या ही बीमा दायरे में है जिसमें जीवन बीमा 2.7 प्रतिशत और गैर-जीवन बीमा एक प्रतिशत है। बीमा घनत्व बढ़कर 97 डॉलर हो गया जो यह दर्शाता है कि बाजार में अभी भी व्यापक अवसर मौजूद हैं।

• वित्तीय सेवा सचिव नागराजू ने वैश्विक पुनर्बीमा शिखर सम्मेलन को किया संबोधित

• स्विस री की रिपोर्ट पर बोले- दुनिया का 10वां बीमा बाजार भारत, वैश्विक हिस्सेदारी 1.8%



सचिव ने कहा कि सरकार और बीमा नियामक ने क्षेत्र के विस्तार और बीमा की पहुंच बढ़ाने के लिए कई नीतिगत सुधार किए हैं। बीमा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की सीमा बढ़ाकर 100 प्रतिशत कर दी गई है और पिछले वर्ष एक नया पुनर्बीमाकर्ता भी पंजीकृत किया गया। उन्होंने कहा कि सभी हितधारकों के सहयोग से 2047 तक बीमा का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

# डिजिटल ऋण मॉडल के तहत 52,300 करोड़ रुपये के एमएसएमई ऋण मंजूर

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि डिजिटल ऋण मूल्यांकन कार्यक्रमों के तहत सार्वजनिक बैंकों ने 1 अप्रैल से 31 दिसंबर, 2025 के बीच 52,300 करोड़ से अधिक के 3.96 लाख से ज्यादा एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम) ऋण आवेदनों को मंजूरी दी है। सार्वजनिक बैंकों (पीएसबी) ने 2025 में एमएसएमई के लिए डिजिटल गतिविधियों के रिकॉर्ड पर आधारित ऋण मूल्यांकन मॉडल (सीएएम) की शुरुआत की थी।

वित्त मंत्रालय ने कहा कि यह ऋण मूल्यांकन मॉडल उपलब्ध डिजिटल और सत्यापन योग्य डेटा का लाभ उठाता है। यह ऋण आवेदनों के लिए निष्पक्ष निर्णय प्रक्रिया से एमएसएमई ऋण मूल्यांकन को स्वचालित मार्ग तैयार करता है। यह मॉडल बैंक के मौजूदा ग्राहकों (ईटीबी) के साथ ही नए एमएसएमई उधारकर्ताओं (एनटीबी) दोनों के लिए मॉडल आधारित ऋण सीमा का आकलन करता है। मंत्रालय ने कहा कि 1 अप्रैल से 31 दिसंबर, 2025 के बीच सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा डिजिटल ऋण मूल्यांकन कार्यक्रमों के तहत 52,300 करोड़ की राशि के 3.96 लाख से अधिक एमएसएमई ऋण आवेदनों को स्वीकृति दी गई है। इस मॉडल द्वारा केवाईसी प्रमाणीकरण, मोबाइल और ईमेल सत्यापन, जीएसटी डेटा विश्लेषण, बैंक स्टेटमेंट विश्लेषण, आयकर रिटर्न (आईटीआर) सत्यापन और क्रेडिट सूचना कंपनियों (सीआईसी) के डेटा का उपयोग करके जांच, धोखाधड़ी की पहचान आदि के लिए डिजिटल फुटप्रिंट्स का उपयोग किया जाता है।

राष्ट्रीय

# न्यायिक सुधारों से जुड़ी याचिका से कोर्ट नाराज

## सीजेआई सूर्यकांत बोले - कैमरों को संबोधित करने के मंच के रूप में अदालत का इस्तेमाल नहीं होना चाहिए

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने व्यापक न्यायिक सुधारों के अनुरोध वाली जनहित याचिका पर नाराजगी जताते हुए सोमवार को इसे प्रचार याचिका करार देते हुए असंतोष व्यक्त किया और याचिका खारिज कर दी। उच्चतम न्यायालय ने साथ ही यह भी कहा कि इस अदालत को बाहर कैमरों को संबोधित करने के मंच के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए।

याचिकाकर्ता ने यह निर्देश देने का अनुरोध किया था कि भारत की हर अदालत में किसी भी मामले का निपटारा एक वर्ष की समय-सीमा



में किया जाए। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने सवाल उठाया कि वह ऐसा निर्देश कैसे जारी कर सकती है, जिसमें सभी मामलों का एक वर्ष में निपटारा अनिवार्य किया जाए। यह जनहित याचिका कमलेश त्रिपाठी ने दायर की थी, जो स्वयं पेश होकर मामले की पैरवी कर रहे थे। सुनवाई के दौरान त्रिपाठी ने दलीलें हिंदी में रखने की अनुमति मांगी। देश में बदलाव लाने के लिए उनकी अर्जी पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि ऐसी आकांक्षाओं के लिए औपचारिक याचिका उपयुक्त माध्यम नहीं है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि आप देश में बदलाव चाहते हैं न? इसके लिए ऐसी याचिका दायर करने की जरूरत नहीं है। आप मुझे एक पत्र लिखकर भेज दीजिए। पीठ ने प्रचार याचिका दायर करने के मकसद की विशेष रूप से आलोचना की।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि आप लोग बाहर खड़े कैमरामैनों के सामने बोलने के लिए याचिका मत डालिये। याचिकाकर्ता के अनुरोध की व्यवहारिकता पर सवाल उठाते हुए प्रधान न्यायाधीश ने सवाल किया कि आप कह रहे हैं कि एक साल में हर कोर्ट फैसला करे? ऐसी कितनी कोर्ट चाहिए आपको? पीठ ने आदेश में कहा कि यदि याचिकाकर्ता चाहे तो न्यायिक सुधारों के लिए प्रशासनिक पक्ष से संबंधित पत्र प्रधान न्यायाधीश को प्रस्तुत कर सकता है, जिसमें यदि कोई सुझाव हों तो वे दे सकते हैं। यह स्पष्ट है कि ऐसे सभी सुझावों का हमेशा स्वागत है।

## भाजपा सत्ता के केंद्रीकरण के प्रयास में : राहुल गांधी

**कोच्चि।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा पर सत्ता को केंद्रीकृत करने के प्रयास का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी विकेंद्रीकरण में विश्वास करती है। कांग्रेस नेता ने स्थानीय निकाय चुनाव में निर्वाचित हुए कांग्रेस सदस्यों की महापंचायत में कहा कि कांग्रेस त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने के लिए 73वां और 74वां संवैधानिक संशोधन लेकर आई।

राहुल गांधी ने इस बात पर जोर दिया कि संविधान की रक्षा का मतलब जमीनी स्तर पर विकेंद्रीकृत शासन की रक्षा करना है। प्रसिद्ध मलयालम लेखिका एम लीलावती ने उन्हें देश भर में फैल रही चुप्पी की बढ़ती संस्कृति के बारे में आगाह किया था। भाजपा चाहती है कि लोग चुप रहें ताकि कुछ कॉरपोरेट समूह देश की संपत्ति पर नियंत्रण कर सकें। कांग्रेस नेता ने कहा कि केरल के लोगों को चुप नहीं कराया जा सकता है और वे चुनाव के माध्यम से बात रखेंगे।

# बजट में पेश होगा बिजली संशोधन विधेयक

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल ने सोमवार को कहा कि बिजली संशोधन विधेयक संसद के बजट सत्र में पेश किया जाएगा। इसका उद्देश्य विद्युत क्षेत्र में सुधार और ऋण में डूबी बिजली वितरण कंपनियों की लाभप्रदता दिलाना है। मंत्री ने आईआईटी दिल्ली-सीईआरसी-ग्रिड इंडिया सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के उद्घाटन पर यह बात कही।

विद्युत मंत्रालय ने रविवार को बताया था कि कई वर्षों तक घाटे में रहने के बाद विद्युत वितरण कंपनियों ने 2024-25 में संयुक्त रूप से 2,701 करोड़ का लाभ दर्ज किया है। मंत्रालय ने कहा कि 50 वितरण कंपनियां अब भी घाटे में हैं। सभी वितरण कंपनियों को लाभप्रद बनाने की रणनीतियों पर लाल ने कहा कि अगले बजट सत्र में हम विद्युत अधिनियम में संशोधन करने जा रहे हैं ताकि वितरण कंपनियों को घाटा न हो और उन्हें समय पर भुगतान हो सके।



• विद्युत क्षेत्र में सुधार और ऋण में डूबी बिजली वितरण कंपनियों की लाभप्रदता दिलाना उद्देश्य

• एआईपीईएफ के चेयरमैन ने कहा- विधेयक निजीकरण के उद्देश्यों का समर्थन करता है


मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि विद्युत अधिनियम में प्रस्तावित संशोधनों पर चर्चा करने के लिए राज्य प्रतिनिधियों के साथ परामर्श बैठक भी आयोजित की है। ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन (एआईपीईएफ) ने इसका विरोध करते हुए तर्क दिया कि विधेयक में कई वितरण लाइसेंसधारियों को सरकारी बिजली वितरण कंपनियों के मौजूदा नेटवर्क का उपयोग करने का प्रस्ताव है। एआईपीईएफ के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे ने कहा कि यह विधेयक निजीकरण के उद्देश्यों का समर्थन करता है। केंद्र सरकार विद्युत (संशोधन) नियमों के माध्यम से अपने निजीकरण एजेंडे को आगे बढ़ा रही है।

# प्राथमिकी रद्द करने वाली लालू की याचिका पर फैसला सुरक्षित

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो और पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद की उस याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया, जिसमें उन्होंने सीबीआई की ओर से जमीन के बदले नौकरी घोटाले में दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने का अनुरोध किया है। लालू प्रसाद के अधिवक्ता कपिल सिब्बल और सीबीआई की तरफ से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने न्यायमूर्ति रविंदर डुडेजा के समक्ष दलीलें पूरी कीं।

प्रसाद ने याचिका में प्राथमिकी के साथ 2022-23 और 2024 में दायर तीन आरोपपत्रों और संज्ञान संबंधी आदेशों को भी रद्द करने का अनुरोध किया है। राजद सुप्रीमो ने दलील दी कि इस मामले में जांच, प्राथमिकी, छानबीन और उसके बाद दायर आरोपपत्र कानूनी रूप से टिकने योग्य नहीं हैं, क्योंकि सीबीआई ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा-17ए के तहत अनिवार्य पूर्व स्वीकृति नहीं ली। सिब्बल ने सोमवार को कहा कि सीबीआई का कहना है कि लालू प्रसाद ने रेल मंत्री के रूप में अपनी आधिकारिक क्षमता में काम किया।



अमृत विचार



# पलटवार: अमेरिका पर 93 अरब यूरो का शुल्क लगा सकता है यूरोपीय संघ

**ब्रसेल्स, एजेंसी**

ग्रीनलैंड पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लगातार बयानों और धमकियों के बीच यूरोपीय संघ (ईयू) अमेरिका पर 93 अरब यूरो (107.68 अरब डॉलर) का आयात शुल्क लगाने या अमेरिकी कंपनियों को यूरोपीय ब्लॉक में व्यापार करने से रोकने पर विचार कर रहा है।

सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में आधिकारिक सूत्रों के हवाले से कहा गया कि अगले हफ्ते दावोस में विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) पर होने वाली बैठक से पहले इस शुल्क का मसौदा तैयार किया जा रहा है, ताकि ट्रंप पर यूरोपीय नेताओं को थोड़ी बढ़त मिल सके।

- ग्रीनलैंड पर ट्रंप की धमकियों के बीच तैयार कर रहा मसौदा

रिपोर्ट में कहा गया कि यूरोपीय यूनियन ने पिछले साल ही आयात शुल्क की सूची बना ली थी लेकिन व्यापार युद्ध रोकने के लिए उसे छह फरवरी तक के लिए स्थगित कर दिया था। ग्रीनलैंड पर अमेरिका-यूरोप के बीच बढ़ते तनाव के कारण ईयू नेताओं ने रविवार को इसे दोबारा लागू करने पर विचार किया। इसके अलावा यूरोपीय नेताओं ने दबाव-विरोधी मसौदे पर भी बातचीत की, जिसके लागू होने पर अमेरिकी कंपनियां यूरोप में अपना सामान नहीं बेच पाएंगी।

### ट्रंप ने की है 10 फीसदी टैरिफ लेने की घोषणा

इससे पहले ट्रंप ने कहा था कि जो देश ग्रीनलैंड खरीदने के मुद्दे पर अमेरिका का समर्थन नहीं करेंगे, वह उन पर आयात शुल्क लगा सकते हैं। ट्रंप ने डेनमार्क, फिनलैंड, फ्रांस, जर्मनी, नीदरलैंड्स, नॉर्वे, स्वीडन और ब्रिटेन पर 10 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की घोषणा भी की थी। उन्होंने यह भी कहा था कि अगर हालात नहीं बदलते तो एक जून से यह बढ़कर 25 प्रतिशत हो जाएगा। जिसके बाद आठों देशों ने रविवार को एक संयुक्त बयान जारी कर ग्रीनलैंड और डेनमार्क के लिए पूर्ण समर्थन का एलान किया था।

## मध्य पूर्व के नक्शे को बदलने की कोशिश

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का गाजा शांति प्लान केवल एक युद्धविराम समझौता नहीं है, बल्कि यह पूरे मध्य पूर्व के भू-राजनीतिक मानचित्र को बदलने की एक महत्वाकांक्षी कोशिश है। ट्रंप का मानना है कि जो बाइडन प्रशासन की नीतियां अनिर्णायक थीं, जिससे युद्ध लंबा खिंचा। ट्रंप की रणनीति का मुख्य स्तंभ अब्राहम समझौते का विस्तार है, जिसके तहत वे सऊदी अरब और इजराइल के बीच ऐतिहासिक राजनयिक संबंध स्थापित करना चाहते हैं। ट्रंप का दृष्टिकोण व्यावहारिक और व्यापारिक है। उनका तर्क है कि गाजा में युद्ध इजराइल की अर्थव्यवस्था और वैश्विक छवि को नुकसान पहुंचा रहा है, जबकि अमेरिका पर भी इसका भारी वित्तीय बोझ पड़ रहा है। उनके प्लान का केंद्र एक शांति समिति का गठन है, जो गाजा के पुनर्निर्माण और शासन को नियंत्रित करेगी।

## ट्रंप का गाजा शांति प्लान



### इजराइल के लिए सुरक्षा गारंटी

- अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की इस महत्वाकांक्षी योजना में फलस्तीनी संगठन हमास के लिए कोई जगह नहीं रखी गई है। ट्रंप गाजा को एक विसैन्यीकृत क्षेत्र के रूप में देखते हैं, जिसका प्रबंधन अरब देशों के सहयोग से किया जाएगा। यह योजना इजराइल के लिए एक सुरक्षा गारंटी और अरब देशों के लिए आर्थिक अवसर लेकर आई है। हालांकि, इसमें दो-राष्ट्र समाधान की तुलना में इजराइल की सुरक्षा और क्षेत्रीय एकीकरण पर अधिक जोर दिया गया है। ट्रंप का लक्ष्य 2026 के अंत तक गाजा को एक युद्ध क्षेत्र से निर्माण क्षेत्र में बदलना है, ताकि अमेरिकी संसाधन चीन और रूस जैसी बड़ी चुनौतियों पर केंद्रित किए जा सकें। गाजा के भविष्य के लिए घोषित बहुराष्ट्रीय गाजा पुनर्निर्माण एवं शांति परिषद में कई देशों और उनके नेताओं को शामिल किया जा रहा है। इसके लिए ट्रंप की ओर से तमाम नेताओं से आग्रह भी किया जा रहा है।

### समिति में ये शामिल

- अमेरिका : मुख्य मध्यस्थ और सुरक्षा गारंटर के रूप में।
- इजराइल : सुरक्षा मानकों और सीमा नियंत्रण की निगरानी के लिए।
- सऊदी अरब और यूएई : मुख्य वित्तपोषक और प्रशासनिक सलाहकार।
- मिस्र : गाजा-मिस्र सीमा (फिलाडेल्फी कॉरिडोर) के प्रबंधन के लिए।
- तकनोक्रेट्स : गाजा के नागरिक।

### समिति के कार्य

- पुनर्निर्माण फंड : अरब देशों के निवेश से गाजा में बुनियादी ढांचे का विकास।
- शिक्षा सुधार : गाजा के स्कूलों में शांति और सहिष्णुता को बढ़ावा देने वाला नया शैक्षणिक ढांचा बनाना।
- सुरक्षा प्रबंधन : नई स्थानीय पुलिस बल तैयार करना जिसे अरब देशों की सेनाओं द्वारा प्रशिक्षित किया जाएगा।

### फिर भी इजराइल नाराज

- युद्ध रोकने की समय सीमा : ट्रंप ने स्पष्ट किया है कि वे युद्ध को अनिश्चितकाल तक नहीं खींचने देंगे। इजराइल का कट्टरपंथी खेमा (जैसे बेन-ग्वीर और स्मोट्रिच) पूरी सैन्य जीत तक युद्ध जारी रखना चाहता है।
- सऊदी अरब की शर्तें : ट्रंप ने सऊदी-इजराइल शांति के बदले फिलिस्तीनी राज्य की दिशा में 'अपरिवर्तनीय' कदम उठाने का दबाव डाला है, जो वर्तमान इजराइली सरकार को स्वीकार नहीं है।
- बफर जोन पर नियंत्रण : ट्रंप चाहते हैं कि सुरक्षा की जिम्मेदारी अंतर्राष्ट्रीय समिति की हो, जबकि इजराइल गाजा के भीतर पूर्ण सैन्य नियंत्रण बनाए रखना चाहता है। इसको लेकर इजराइल के राष्ट्रपति बेंजामिन नेतन्याहू अपनी नाराजगी भी जता चुके हैं।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### ग्वाटेमाला हिंसा में 7 पुलिसकर्मियों की मौत

**एस्कुइंटला।** ग्वाटेमाला की राजधानी में रविवार को सुरक्षा बलों और एक गिरोह के सदस्यों के बीच हुई झड़पों में सात पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। इससे पहले देश के दक्षिण-पश्चिमी हिस्से में स्थित तीन उच्च सुरक्षा वाली जेलों में से एक पर पुलिस ने दोबारा नियंत्रण हासिल कर लिया, जहां एक रात पहले कैदियों ने उपद्रव कर सुरक्षाकर्मियों को बंधक बना लिया था। ग्वाटेमाला सिटी और उसके आसपास पुलिस पर हमले उस समय हुए, जब सैकड़ों दंगा-निरोधक पुलिसकर्मियों ने राजधानी से करीब 76 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में एस्कुइंटला स्थित रेनोवेसियोन जेल पर धावा बोला और वहां बंधक बनाए गए नौ जेलकर्मियों को मुक्त कराया।

### पाकिस्तान में लगे भूकंप के तेज झटके

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में सोमवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किये गये। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.9 मापी गयी। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार ग्रीनविच मिड टाइम के मुताबिक सुबह छह बजकर 21 मिनट पर पाकिस्तान के बारिशाल से 50 किलोमीटर उत्तर और उत्तर-पश्चिम में 5.9 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केन्द्र 36.72 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 74.44 डिग्री पूर्वी देशांतर पर जमीन की सतह से 35.0 किलोमीटर की गहराई पर था। भूकंप से किसी तरह की जनहानि का कोई समाचार फिलहाल सामने नहीं आया है।

### चेक गणराज्य में गोली लगने से एक की मौत

**प्राग।** उत्तरी चेक गणराज्य के एक कस्बे के टाउन हॉल में सोमवार को हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक पुलिस अधिकारी सहित चार अन्य घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, संदिग्ध की भी गोली लगने से मौत हो गई है और अब किसी तरह का खतरा नहीं है। उन्होंने बताया कि गोलीबारी क्रिब्स्का कस्बे के टाउन हॉल में हुई। घटना का मकसद तत्काल स्पष्ट नहीं हो सका है।

### नेपाली खेल मंत्री बबलू गुप्ता ने दिया इस्तीफा

**काठमांडू।** नेपाल के खेल मंत्री बबलू गुप्ता ने आगामी पांच मार्च को होने वाला आम चुनाव लड़ने के लिए सोमवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) से जुड़े सूत्रों ने बताया कि युवा एवं खेल मंत्री गुप्ता वर्तमान में धनुषा जिले के जनकपुर में आरएसपी के लिए चुनाव प्रचार में जुटे हैं और पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। गुप्ता ने कहा कि मैं आगामी चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने के उद्देश्य से सिराहा पहुंच गया हूं। मैंने अपना इस्तीफा ईमेल के जरिए प्रधानमंत्री सुशीला कार्की को भेज दिया है। इसके अलावा, फोन करके भी अपने इस्तीफे की जानकारी दे दी है।

# हमारे पड़ोस में आतंकवादी ढांचे को बढ़ावा देने में मदद न करें: जयशंकर

## विदेश मंत्री ने पोलैंड के अपने समकक्षी रादोस्लाव सिकोरस्की को दिया स्पष्ट संदेश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को पोलैंड के विदेश मंत्री रादोस्लाव सिकोरस्की को एक तीखा संदेश देते हुए कहा कि उनके देश को आतंकवाद के प्रति कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति अपनानी चाहिए और भारत के पड़ोस में आतंकवादी ढांचे को बढ़ावा देने में मदद नहीं करनी चाहिए। जयशंकर का यह संदेश स्पष्ट रूप से अक्टूबर में पोलैंड-पाकिस्तान के संयुक्त बयान में कश्मीर के उल्लेख के संदर्भ में था।

सिकोरस्की के साथ एक बैठक में जयशंकर ने यूक्रेन संघर्ष को लेकर भारत को अनुचित और अन्यायपूर्ण तरीके से चयनात्मक रूप से निशाना बनाए जाने पर भी अपनी चिंता व्यक्त की। इसे रूस के साथ ऊर्जा संबंधों को लेकर नई दिल्ली की पश्चिमी देशों द्वारा की गई आलोचना के संदर्भ के रूप में देखा जा रहा है। नई दिल्ली में हुई बैठक में विदेश मंत्री ने ये टिप्पणी की। सिकोरस्की पोलैंड के उपप्रधानमंत्री भी हैं। वहीं, पोलैंड के विदेश मंत्री ने कहा कि वह भारत के रूस के साथ संबंधों को लेकर लगाए गए शुल्क के संदर्भ में अन्याय और चयनात्मक रूप से निशाना बनाए जाने के बारे में जयशंकर से पूरी तरह सहमत हैं।

सिकोरस्की भारत की तीन दिवसीय यात्रा पर हैं। जयशंकर ने कहा कि आप हमारे क्षेत्र से अपरिचित नहीं हैं और सीमा पार आतंकवाद की दीर्घकालिक चुनौती से निश्चित रूप से परिचित हैं। मुझे उम्मीद है कि इस बैठक में हम क्षेत्र की आपकी हालिया यात्राओं पर चर्चा करेंगे। पोलैंड को आतंकवाद के प्रति कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति अपनानी चाहिए और हमारे पड़ोस में आतंकवादी ढांचे को बढ़ावा देने में मदद नहीं करनी चाहिए। अक्टूबर के अंत में, सिकोरस्की ने पाकिस्तान के विदेश मंत्री इसहाक डार के साथ व्यापक वार्ता की थी जिसके बाद जारी किए गए एक संयुक्त बयान में कश्मीर मुद्दे को प्रमुखता दी।



### द्विपक्षीय संबंधों को संभालने की जरूरत

विदेश मंत्री ने कहा, हमारे द्विपक्षीय संबंधों में भी लगातार प्रगति हुई है, लेकिन फिर भी, इसे निरंतर संभालने की आवश्यकता है। वार्ता में दोनों विदेश मंत्रियों ने व्यापार और निवेश, रक्षा और सुरक्षा, स्वच्छ प्रौद्योगिकी और डिजिटल नवाचार के क्षेत्र में जारी सहयोग को आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की।

### भारत को चुनिंदा रूप से निशाना बनाया जाना अनुचित और अन्यायपूर्ण

विदेश मंत्री ने यूक्रेन संघर्ष पर भारत के लगातार रुख का भी उल्लेख किया। जयशंकर ने कहा कि हाल के दिनों में, पिछले सितंबर में न्यूयॉर्क और इस जनवरी में पेरिस में, मैंने यूक्रेन संघर्ष और इसके निहितार्थों पर अपने विचार खुलकर आपके साथ साझा किए हैं। उन्होंने कहा, ऐसा करते हुए मैंने बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि भारत को चुनिंदा रूप से निशाना बनाना अनुचित और अन्यायपूर्ण है। मैं आज फिर से यही बात दोहराता हूं। अपने संबोधन में जयशंकर ने भारत-पोलैंड संबंधों में आए सकारात्मक बदलावों के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि हम ऐसे समय में मिल रहे हैं जब दुनिया में काफी उथल-पुथल मची हुई है। अलग-अलग क्षेत्रों में स्थित दो राष्ट्रों के रूप में, जिनमें से प्रत्येक के समक्ष अपनी चुनौतियां और अवसर हैं, विचारों और दृष्टिकोणों का आदान-प्रदान करना स्पष्ट रूप से उपयोगी है।

# स्पेन में दो रेलगाड़ियों की टक्कर, 39 लोगों की मौत

- दोनों ट्रेनों में 500 यात्री थे सवार बढ़ सकती है मृतकों की संख्या

**आदमुज (स्पेन), एजेंसी**

स्पेन में रविवार शाम को दो हाईस्पीड ट्रेनों की टक्कर में कम से कम 39 यात्रियों की मौत हो गई जबकि कई यात्री गंभीर रूप से घायल हैं जिससे मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। स्पेनिश पुलिस ने सोमवार को बताया कि देश के दक्षिणी हिस्से में गत रात एक उच्च गति वाली ट्रेन की टक्कर में 39 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। मृतकों की संख्या और बढ़ने की आशंका है।

रेल संचालक एडिफ के अनुसार, यह हादसा रविवार शाम करीब 7:45 बजे हुआ, जब मलागा से राजधानी मैड्रिड जा रही लगभग 300 यात्रियों को ले जा रही ट्रेन का पिछला हिस्सा पटरी से उतर गया। जिसके बाद वह मैड्रिड से दक्षिणी स्पेन के एक अन्य शहर हुएल्वा जा रही सामने से आ रही एक अन्य ट्रेन से टकरा गई। स्पेन के परिवहन मंत्री ऑस्कर पुएंते ने कहा कि दूसरी ट्रेन का अगला हिस्सा, जिसमें करीब 200 यात्री सवार थे, टक्कर से सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ। इस टक्कर के कारण ट्रेन की पहली दो बोगियां बेपटरी हो गईं।

यात्रियों ने बताया कि वे टूटी हुई खिड़कियों से बाहर निकले, जबकि कुछ लोगों ने आपातकालीन हथौड़ों से शीशे तोड़कर खुद को स्पेनिश पुलिस के अनुसार, इस हादसे में 159 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से पांच की हालत गंभीर बताई जा रही है। इसके अलावा 24 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हैं। यह टक्कर मैड्रिड से 370 किमी दक्षिण में कॉर्डोबा प्रांत के एक कस्बे आदमुज के पास हुई। परिवहन मंत्री पुएंते ने कहा कि दुर्घटना के कारण का अभी पता नहीं चला है।



रेल हादसे के बाद मैड्रिड रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों की प्रतीक्षा करते यात्री।

### द. अफ्रीका में हादसा, 13 स्कूली बच्चों की मौत

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के गौतेंग प्रांत में एक ट्रक और स्कूल मिनी बस की टक्कर में कम से कम 13 बच्चों की मौत हो गई। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 11 बच्चों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि दो बच्चों ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। अधिकारियों के अनुसार, सोमवार को सुबह करीब सात बजे यह घटना तब हुई जब बस जोहानिसबर्ग में प्राथमिक और उच्च विद्यालयों के छात्रों को ले जा रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बच्चों को ले जा रही मिनी बस अन्य वाहनों से आगे निकलने का प्रयास कर रही थी तभी वह सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गई। पुलिस ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है और ट्रक चालक से पूछताछ की जाएगी। गौतेंग आपातकालीन सेवा ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। घायलों में बस चालक भी शामिल है।

# करूर भगदड़ केस : सीबीआई ने अभिनेता विजय से की पूछताछ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- एसयूवी के काफिले में लोधी रोड में एजेंसी के मुख्यालय पहुंचे विजय

सीबीआई ने करूर भगदड़ मामले के सिलसिले में तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) प्रमुख एवं अभिनेता विजय से सोमवार को यहां एजेंसी मुख्यालय में दूसरे दौर की पूछताछ शुरू की। अधिकारियों ने बताया कि अभिनेता आज सुबह लग्जरी एसयूवी के काफिले में लोधी रोड स्थित एजेंसी के मुख्यालय पहुंचे। उन्होंने बताया कि उनसे एजेंसी की भ्रष्टाचार रोधी इकाई से चुने गए एक उप अधीक्षक रैंक के अधिकारी के नेतृत्व में अधिकारियों की एक टीम द्वारा आज पूछताछ की जा रही है।

विजय से 12 जनवरी को यहां सीबीआई मुख्यालय में छह घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की गई थी। उन्हें पिछले मंगलवार को फिर से आने के लिए कहा गया था, लेकिन अभिनेता ने पोंगल का हवाला देते हुए दूसरी तारीख मांगी।

अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसी ने अभिनेता की मांग स्वीकार करते हुए उन्हें सोमवार की तारीख दी थी। अधिकारियों ने बताया कि विजय से रैली से जुड़े फैसलों, उनके देर से पहुंचने, भाषण जारी रखने के कारणों, मौके पर मची अफरा-तफरी की जानकारी होने, भीड़ की संख्या और भीड़ प्रबंधन में हुई चूक से संबंधित कई सवाल पूछे गए। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद केंद्रीय एजेंसी ने एसआईटी से जांच ली थी।

## चिली में जंगल की आग से 18 की मौत, 50 हजार बेघर

**पेंको।** मध्य और दक्षिणी चिली में जंगलों में लगी भीषण आग में रविवार को कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई, वहीं हजारों एकड़ जंगल जलकर राख हो गए तथा सैकड़ों मकान भी जल गए। दक्षिण अमेरिका का यह देश भीषण गर्मी की चपेट में है। चिली के राष्ट्रपति गैब्रियल बोरिक ने देश के मध्य बायोबियो क्षेत्र और राजधानी सैंटियागो से लगभग 500 किलोमीटर दक्षिण में स्थित नुब्ले क्षेत्र में आपदा की स्थिति घोषित कर दी है। चिली के सुरक्षा मंत्री लुइस कॉर्डेरो के अनुसार, आपातकाल की घोषणा से सेना के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने में मदद मिलेगी ताकि अब तक 8,500 हेक्टेयर में फैली जंगल की आग पर काबू पाया जा सके, जिसके कारण 50,000 लोगों को अपना घर छोड़ना पड़ा है। बोरिक ने एक्स पर पोस्ट किया, सभी संसाधन उपलब्ध हैं। हालांकि, स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि रविवार को हर तरफ तबाही थी और केंद्र सरकार की ओर से कोई मदद नहीं पहुंची। छोटे तटीय कस्बे पेंको के मेयर रोड्रिगो वेरा ने कहा, प्रिय राष्ट्रपति बोरिक, दिल की गहराइयों से कह रहा हूं कि मैं यहां चार घंटे से मौजूद हूं, एक पूरा क्षेत्र जल रहा है।

# ईरान में विरोध प्रदर्शनों के दौरान हिंसा में 3919 मौतें

**दुबई, एजेंसी**

- अमेरिकी मानवाधिकार एजेंसी ने दी जानकारी

अमेरिका की एक मानवाधिकार एजेंसी ने रविवार को कहा कि ईरान में विरोध प्रदर्शनों के दौरान हुई हिंसक कार्रवाई में कम से कम 3,919 लोगों की मौत की पुष्टि की गई है और उसे आशंका है कि वास्तविक संख्या इससे कहीं अधिक हो सकती है।

ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स न्यूज एजेंसी ने मृतकों का संशोधित आंकड़ा जारी किया, जो पहले 3,308 था। यह आंकड़ा दशकों में ईरान में हुए किसी भी अन्य विरोध प्रदर्शन या अशांति के दौरान हुई मौतों से अधिक है और 1979 की क्रांति के समय की अराजकता की याद दिलाता है। बहरहाल, इन आंकड़ों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की जा सकी है। ईरानी अधिकारियों ने अब तक मृतकों की स्पष्ट संख्या जारी नहीं की है, लेकिन शनिवार को देश के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने कहा कि इन प्रदर्शनों में कई हजार लोग मारे गए हैं और उन्होंने इसके लिए अमेरिका को जिम्मेदार ठहराया। यह किसी ईरानी नेता की ओर से पहली बार संकेत था कि 28 दिसंबर को शुरू हुए प्रदर्शनों में जानमाल का नुकसान बड़े पैमाने पर हुआ। ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स के अनुसार, प्रदर्शनों को कुचलने के अभियान में 24,669 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया है।

## मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने छह माओवादियों को मार गिराया


**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के उत्तर-पश्चिमी सीमावर्ती क्षेत्र में सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच दो दिन तक चली मुठभेड़ में छह माओवादी मारे गए हैं, जिनमें चार महिलाएं शामिल हैं। सोमवार को प्राप्त जानकारी के अनुसार मारे गए माओवादियों में इंद्रावती नेशनल पार्क एरिया कमेटी का इंचार्ज और आठ लाख रुपये इनामी दिलीप बेंडजा भी शामिल है। सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ स्थल से स्वचालित हथियार, विस्फोटक और माओवादी साहित्य भी बरामद किया है। शनिवार सुबह से शुरू हुई मुठभेड़ अलग-अलग जगहों पर रविवार तक चली थी। पुलिस को मुठभेड़ के बाद छह नक्सलियों के शव बरामद किए। इस दौरान जंगल में भालू और भैंस के हमले में दो जवान नीरज शर्मा और कृष्णा नेताम भालू घायल हो गए हैं। मुठभेड़ में कुल छह माओवादी कैडरों के शव बरामद हुए, जिनमें नेशनल पार्क एरिया कमेटी इंचार्ज डीवीसीएम दिलीप बेंडजा भी शामिल है, जिस पर आठ लाख रुपये का ईनाम था। मुठभेड़ स्थल पर खोजबीन के दौरान दो एके-47 रायफल, एक इंसास, दो .303 रायफल और एक कार्बाइन सहित छह हथियार बरामद किए गए हैं।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 20 जनवरी, मंगलवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, द्वितीया 21 जनवरी 02.42 तक तत्पश्चात तृतीया।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- उत्तर, **ऋतु**- शिशिर।

**चन्द्रबल**- मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।

**ताराबल**- अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।

**नक्षत्र**- श्रवण 13.06 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

**मेष** – आज किसी धार्मिक आयोजन की संभावना बन रही है। पिता के ऊपर गर्व होगा। कार्यक्षेत्र की उलझनों को सुलझाने में मेहनत करनी पड़ेगी। अधिकारी वर्ग से आपको अत्यधिक समर्थन मिलेगा। परिवार के सदस्यों के बीच प्रेमभाव में वृद्धि होगी।

**वृष** – आज आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। व्यापार में प्रभावशाली लोगों से आपके संपर्क मजबूत होंगे। कई दिनों से चली आ रही समस्या का समाधान मिलेगा। आईटी क्षेत्र में कार्यरत लोगों को विदेश से जॉब के ऑफर मिल सकते हैं।

**मिथुन** – आज नए सहयोगियों से आपको सावधान रहना चाहिए। शेयर मार्केट में बड़ा निवेश करने से आपको बचना चाहिए। माइग्रेन का दर्द उभर सकता है। घूमने-फिरने में समय बर्बाद न करें। वैवाहिक संबंधों में तनाव उत्पन्न होने की संभावना है।

**कर्क** – आज कानूनी मामलों में विजय मिलने की प्रबल संभावना है। अपने लोगों की सलाह लेने से पीछे न हटें। आपके मन में विचारों का आधिक्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपका विरोध करने वाले लोगों की आलोचना हो सकती है।

**सिंह** – आज नया काम शुरू करने के लिए दिन अच्छा है। आपके काम का श्रेय दूसरे लोग ले सकते हैं। पहले किए गए प्रयासों का उत्तम परिणाम मिलेगा। प्रेमीजन से झगड़ा हो सकता है। कुटीर उद्योगों से उत्तम धन लाभ होगा। तीखा भोजन करने से बचें।

**कन्या** – आज सरकारी काम में बाधा आ सकती है। अधीनस्थ कर्मचारियों से अपेक्षानुकूल सहयोग नहीं मिल पाएगा। आप अपने लक्ष्यों को लेकर थोड़े दबाव में रहेंगे। विरोधी आपके सामने दोबारा सक्रिय हो सकते हैं।

**तुला** – आज अपनी वाणी पर संयम रखें। कार्यक्षेत्र में आपके काम पर लोग नजर बनाए रखेंगे। जमीन के कारोबारियों के लिए दिन अच्छा नहीं है। व्यावसायिक अनुबंध करने से पहले पेपर्स वगैरह को ध्यान से रख लें। आप लोगों की मदद के लिए तैयार रहेंगे।

**वृश्चिक** – आज का दिन आपके लिए बहुत ही अच्छा है। मार्केटिंग संबंधित कार्यों से बेहतरीन लाभ होगा। ऑफिस में आपके काम की प्रशंसा होगी। परिवार में लोग आपकी बातों को अनसुना कर सकते हैं। घर में सुख-सुविधाओं का विशेष ध्यान रखेंगे।

**धनु** – आज आपसे ईर्ष्या रखने वाले लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है। व्यवसाय में आपको थोड़ी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। अधिक सोच-विचार के चक्कर में काम बिगड़ सकते हैं। मौसम में आ रहे बदलाव के कारण सर्द-बुखार हो सकता है।

**मकर** – आज नया वाहन खरीद सकते हैं। भोग-विलास का भरपूर आनंद उठाएंगे। देव स्थल की यात्रा के लिए जा सकते हैं। अपने विचारों को दूसरों पर थोपने से बचें। आयात-निर्यात से संबंधित व्यवसाय से आपको धन लाभ होगा।

**कुंभ** – आज लंबी यात्रा करने से बचना चाहिए। मन अप्रसन्न रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में लोगों के मनोभावों को इग्नोर न करें। पति-पत्नी के बीच मीठी नोक-झोंक होने की संभावना है। छात्रों का मन पढ़ाई से उचट सकता है।

**मीन** – आज आय के नए स्रोत विकसित हो सकते हैं। मित्र के सहयोग से आपको धन लाभ मिलने की संभावना बन रही है। शत्रुओं के ऊपर आपका प्रभाव बढ़ेगा। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। माता-पिता का आशीर्वाद लेना न भूलें।

## सुडोकू-37

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 8 | 5 | | | 9 | | |
| | 2 | | | 7 | 3 | 1 | 8 | |
| 6 | | | | 8 | | | 4 | |
| | 5 | | | 2 | | | | 3 |
| | | 2 | | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | | | 6 | |
| | 1 | | | 5 | | | | 2 |
| | 6 | 9 | 4 | 3 | | | 7 | |
| | | 3 | | | 8 | 4 | | 1 |

### सुडोकू - 36 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 8 | 5 | 3 | 7 | 9 | 4 | 6 | 1 |
| 3 | 4 | 1 | 8 | 6 | 5 | 7 | 2 | 9 |
| 9 | 7 | 6 | 4 | 2 | 1 | 5 | 8 | 3 |
| 6 | 2 | 9 | 7 | 4 | 3 | 1 | 5 | 8 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 5 | 3 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 | 4 | 2 |
| 1 | 9 | 2 | 5 | 3 | 4 | 8 | 7 | 6 |
| 7 | 5 | 3 | 2 | 8 | 6 | 9 | 1 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 9 | 1 | 7 | 2 | 3 | 5 |



“मुझे यह सुनकर अच्छा लगा। सेंचुरी बनाना बहुत अच्छा है। मैं शुरू में बहुत भाग्यशाली था कि मुझे कुछ ऐसे लोग मिले जिन्होंने मुझे सिखाया कि मैं अपने करियर में लंबी रेस का घोड़ा बनूं, जल्दी थक न जाऊं, और जितना हो सके उतना लंबा करियर बनाऊं।
–नोवाक जोकोविच



# अच्छी शुरुआत को बदलना होगा बड़े स्कोर में

## न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज हारने के बाद कप्तान गिल निराश, बोले- कैचिंग में सुधार की जरूरत

**इंदौर, एजेंसी**

न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत की द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला में पहली हार न केवल आंकड़ों के लिहाज से एक झटका थी, बल्कि इससे एक असहज स्पष्टता भी उजागर हुई और कप्तान शुभमन गिल ने हार के अंतर या कुछ खिलाड़ियों की गैर मौजूदगी का बहाना नहीं बनाया। श्रृंखला के तीसरे और अंतिम मैच में भारतीय टीम की पराजय के बाद गिल ने एक ऐसे पैटर्न का खुलासा किया, जिसने उनके शब्दों में दोनों टीमों के बीच अंतर पैदा किया।

गिल ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा ऐसा नहीं है कि हमने खराब बल्लेबाजी की। बात यह थी कि हम पर्याप्त देर तक बल्लेबाजी नहीं कर पाए। जब बल्लेबाजों को अच्छी शुरुआत मिलती है और वे उसे बड़े स्कोर में तब्दील नहीं कर पाते तो स्थिति बहुत मुश्किल हो जाती है। हमारे कम से कम दो बल्लेबाजों को लंबी पारी खेलनी चाहिए थी। यही उनके और हमारे बीच का अंतर रहा। भारत पूरी श्रृंखला में अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाया जिसमें इंदौर में खेला गया मैच भी शामिल है। इस मैच में विराट कोहली के शतक ने कुछ समय के लिए मैच का रुख पलटने की उम्मीद जगाई थी।

गिल बार-बार न्यूजीलैंड के दृष्टिकोण के साथ तुलना का मुद्दा उठाते रहे। उन्होंने कहा जब भी उनके बल्लेबाजों ने अच्छी शुरुआत की तो वह बड़ा स्कोर बनाने में सफल रहे। श्रृंखला में इसी ने मुख्य अंतर पैदा किया। पहले दो मैचों में मैं भी जम गया था, लेकिन मैं उसे 100, 120 या 130 रन में नहीं बदल पाया। बल्लेबाजी इकाई के रूप में हमें इसमें सुधार करने की जरूरत है।

रविंद्र जडेजा पिछले कुछ मैच में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए लेकिन गिल ने कहा कि हार के लिए सभी खिलाड़ी जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा जड्डू भाई बल्ले से अच्छी लय में दिख रहे थे। लेकिन बात सिर्फ उनकी नहीं थी। मुझे नहीं लगता कि हमारे किसी भी बल्लेबाज ने अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने में कामयाबी हासिल की। ऐसी पिचों पर अगर आप अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाते तो आपको हमेशा मैच में पिछड़ना पड़ता है। उन्होंने कहा पिछले कुछ साल में जिस तरह से उन्होंने गेंदबाजी की है, वह हमेशा हमारे लिए पर मुख्य विकल्प थे।



### गिल को विश्राम नहीं, खेलेंगे रणजी ट्रॉफी में

**नई दिल्ली।** भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को समाप्त हुई वनडे श्रृंखला के बाद विश्राम नहीं करने का फैसला किया है और वह पंजाब की तरफ से सौराष्ट्र के खिलाफ गुरुवार से राजकोट में होने वाले रणजी ट्रॉफी मैच में खेलेंगे। गिल न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला के तीनों मैच खेले थे। उन्होंने विश्राम करने के बजाय तुरंत ही लाल गेंद के क्रिकेट में लौटने का विकल्प चुना है क्योंकि वह भारत की टी20 विश्व कप टीम का हिस्सा नहीं हैं। इस 26 वर्षीय खिलाड़ी का लक्ष्य पंजाब को रणजी ट्रॉफी के नॉकआउट में पहुंचाना होगा। पंजाब टीम के एक करीबी सूत्र ने पीटीआई से कहा शुभमन ने वनडे श्रृंखला के बाद विश्राम नहीं करने का फैसला किया है। उन्हें इंदौर से राजकोट पहुंचने में आठ घंटे का समय लगा क्योंकि वहां से कोई सीधी उड़ान उपलब्ध नहीं है। पंजाब फिलहाल ग्रुप बी में पांच मैचों में 11 अंकों के साथ छठे स्थान पर है। उसे अगले दौर में जगह बनाने के लिए अपने बाकी बचे तीनों मैच में जीत हासिल करनी होगी। गिल की वापसी से उसकी बल्लेबाजी को मजबूती मिली है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता में पहले टेस्ट में चोटिल होने के बाद गिल पहली बार लाल गेंद का क्रिकेट खेलेंगे।



### युवा खिलाड़ियों को विराट कोहली से सीख लेने की जरूरत : गावस्कर

**नई दिल्ली।** पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर का मानना है कि अच्छी शुरुआत नहीं मिलने के कारण भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला में हार का सामना करना पड़ा और टीम के बल्लेबाजों को मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते समय पारी को सही ढंग से आगे बढ़ाने के लिए विराट कोहली से सीख लेनी चाहिए। भारत को इंदौर में खेले गए तीसरे और अंतिम वनडे में न्यूजीलैंड से 41 रन से हार का सामना करना पड़ा और इस तरह वह न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर पहली बार वन डे श्रृंखला में हार गया। भारत के प्रमुख बल्लेबाजों में केवल कोहली ही अच्छा प्रदर्शन कर पाए। उन्होंने 108 गेंद पर 124 रन बनाए। गावस्कर ने जिओस्टार के एक कार्यक्रम में कहा विराट कोहली को पूरा सहयोग नहीं मिलने के कारण भारत के लिए चीजें मुश्किल हो गई। कोहली को बहुत कम सहयोग मिला। इस श्रृंखला में भारत के लिए असली समस्या अच्छी शुरुआत न कर पाना रही है। कहा भी जाता है कि अच्छी शुरुआत का मतलब आधा काम हो गया। उन्होंने बताया भारत की शुरुआत कभी अच्छी नहीं रही और यही उसकी हार के मुख्य कारणों में से एक है कि वह बड़े स्कोर का पीछा करने में सक्षम नहीं था। भारत के आधे बल्लेबाज 159 रन तक पवेलियन लौट गए थे जिससे टीम की जीत की संभावना को गंभीर झटका लगा था। गावस्कर ने कहा जब आप केएल राहुल जैसे शानदार फॉर्म में चल रहे खिलाड़ी को खो देते हैं और आपके पास नीतीश कुमार रेड्डी हैं, जिन्होंने 53 रन की इस पारी से पहले अपनी क्षमता का सही प्रदर्शन नहीं किया था, और फिर हर्षित राणा हैं, जिनसे आप कभी भी पूरी तरह से आश्वस्त नहीं हो सकते कि वह कैसा प्रदर्शन करेंगे तो लक्ष्य तक पहुंचना बड़ी चुनौती बन जाती है।



### न्यूजीलैंड को ऐतिहासिक जीत पर गर्व : मिचेल

**इंदौर।** न्यूजीलैंड के स्टार बल्लेबाज डैरिल मिचेल ने कहा कि भारत के खिलाफ एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला में ऐतिहासिक जीत दबाव में शांति के साथ फैसले लेने और एक दूसरे पर विश्वास करने के कारण मिली। न्यूजीलैंड ने रविवार को यहां खेले गए तीसरे और अंतिम वनडे में 41 रन से जीत दर्ज करके भारतीय धरती पर पहली द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला जीती।



भारत ने शतकवीर विराट कोहली और हर्षित राणा की अहम साझेदारी के दम पर 338 रन के मुश्किल लक्ष्य का पीछा करने की उम्मीद जगाई, लेकिन यह साझेदारी टूटने के बाद उसकी उम्मीद पर पानी फिर गया। मिचेल ने स्वीकार किया कि तब उनकी टीम दबाव में थी, लेकिन उन्होंने अपने खिलाड़ियों की भी प्रशंसा की जिन्होंने संयम बनाए रखा। तीसरे मैच में 137 रन बनाने वाले मिचेल ने कहा उन्होंने बहुत अच्छी साझेदारी निभाई और तब इस मैदान की प्रकृति, विकेट और छोटे आकार के कारण हम पर काफी दबाव था। मुझे इस बात पर गर्व है कि हमारे खिलाड़ियों ने शांति से काम लिया और अपनी रणनीति पर अच्छी तरह से अमल किया। उन्होंने कहा यह शानदार मैच था जो रोमांचक स्थिति में पहुंच गया था।

### विदर्भ की जीत आपस में भरोसे का नतीजा : कोच

**बेंगलुरु।** विदर्भ के मुख्य कोच उस्मान गनी का मानना है कि विजय हजारे ट्रॉफी में उनकी टीम की शानदार जीत खिलाड़ियों के एक-दूसरे पर भरोसे का नतीजा है, जिससे उन्हें चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों से सफलतापूर्वक उबरने में मदद मिली।

रणजी ट्रॉफी के मौजूदा चैंपियन विदर्भ ने रविवार को यहां सौराष्ट्र को 38 रन से हराकर घरेलू एक दिवसीय टूर्नामेंट का खिताब भी अपने नाम किया। गनी ने पीटीआई से कहा हम एक-दूसरे पर भरोसा करते हैं। हमारे पास सीमित ओवरों की क्रिकेट के लिए भी मजबूत टीम है लेकिन इससे पहले हम सफेद गेंद के प्रारूप में ट्रॉफी नहीं जीत पाए थे। इस साल सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में भी हम कुछ करीबी मैच में हार गए थे और सुपर लीग तक भी नहीं पहुंच पाए थे।

उन्होंने कहा लेकिन इस बार हम आत्मविश्वास से भरे थे और हमने एक-दूसरे का साथ दिया ताकि हम सीमित ओवरों की ट्रॉफी जीत सकें। टीम ने सकारात्मक क्रिकेट खेलकर चुनौती का बखूबी सामना किया। गनी ने अपनी टीम की जीत के रहस्य का खुलासा करते हुए कहा कि वह सभी खिलाड़ियों का समर्थन करते हैं और मुश्किल परिस्थितियों में भी सकारात्मक बने रहते हैं। उन्होंने कहा हमें प्रत्येक खिलाड़ी का समर्थन करना होगा, चाहे परिस्थिति कितनी भी मुश्किल क्यों न हो। हमें उनके साथ खड़े रहना होगा। गनी ने कहा यह अब टीम की मानसिकता बन गई है और अगर आप पिछले कुछ मैचों को देखें तो हमें इस तरह की स्थिति का सामना नहीं करना पड़ा है। यह सब एक टीम के रूप में सकारात्मक मानसिकता बनाए रखने से जुड़ा है।

## हाईलाइट

### इंडोनेशिया मास्टर्स में श्रेष्ठ प्रदर्शन पर भारतीयों की निगाहें

**जकार्ता।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पिछले सप्ताह घरेलू धरती पर खेले गए इंडिया ओपन के निराशाजनक प्रदर्शन को पीछे छोड़कर मंगलवार से यहां शुरू होने वाले 500,000 अमेरिकी डॉलर इनामी इंडोनेशिया मास्टर्स में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। पिछले सप्ताह नई दिल्ली में इंडिया ओपन में लक्ष्य सेन पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में बाहर हो गए थे। भारत का कोई भी खिलाड़ी किसी भी वर्ग में अंतिम आठ से आगे नहीं बढ़ पाया था। चीनी ताइपे के लिन चुन यी और कोरिया की विश्व में नंबर एक खिलाड़ी आन से यंग ने क्रमश: पुरुष और महिला एकल खिताब जीता। अब सारा ध्यान जकार्ता पर केंद्रित हो गया है, जहां भारतीय खिलाड़ियों को कड़ा ड्रॉ मिला है और उन्हें अपने से अधिक रैंकिंग वाले खिलाड़ियों के खिलाफ अभियान की शुरुआत करनी होगी।

### पहली कबड्डी चैंपियंस लीग 25 जनवरी से

**नई दिल्ली।** पहली कबड्डी चैंपियंस लीग (केसीएल) का आयोजन 25 जनवरी से सात फरवरी तक हरियाणा के राय स्थित खेल विश्वविद्यालय में किया जाएगा। आयोजकों ने सोमवार को यह घोषणा की। केसीएल ने आधिकारिक तौर पर पहले सत्र के लिए मैचों का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। यह प्रतियोगिता 12 दिन तक चलेगी जिसमें आठ फ्रेंचाइजी टीम भाग लेंगी। इन टीम में सोनीपत स्टार्स, गुरुग्राम गुरुज, हिसार हीरोज, भिवानी बुल्स, रोहतक रॉयल्स, करनाल किंग्स, पानीपत पैंथर्स और फरीदाबाद फाइटर्स शामिल हैं। इस प्रतियोगिता का आयोजन लीग प्रारूप में किया जाएगा जिसमें सभी टीम एक दूसरे का सामना करेंगी।

### प्रमोद भगत, सुकांत कदम ने जीते स्वर्ण

**नई दिल्ली।** भारत के प्रमोद भगत और सुकांत कदम ने काहिरा में मिस्र पैरा बैडमिंटन आमंत्रण टूर्नामेंट 2026 में अपने अपने एकल वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने के बाद टीम वर्ग में भी स्वर्ण हासिल किया। भगत ने एसएल3 पुरुष एकल फाइनल में उमेश विक्रम कुमार को हराकर पीला तमगा हासिल किया। उन्होंने यह मुकाबला 19-21, 21-15, 21-13 से जीता। एसएल 4 पुरुष एकल में सुकांत ने भारत के सूर्यकांत यादव को 27-25, 21-18 से मात दी। दोनों ने पुरुष युगल में उमेश और सूर्यकांत को हराकर स्वर्ण पदक जीता।

### प्रज्ञानानंदा की एक और हार

**विज्क आन जी (नीदरलैंड्स)।** गत चैंपियन आर प्रज्ञाननंदा का टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में खराब प्रदर्शन जारी रहा और वह दूसरे दौर में उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव से हार गए। विश्व चैंपियन गुकेश को एक और कड़े मुकाबले में नीदरलैंड के जॉर्डन वैन फॉरेस्ट ने ड्रॉ पर रोक दिया। लगातार दूसरे ड्रॉ के साथ गुकेश का कुल अंक एक हो गया है। प्रज्ञाननंदा पहले दौर में हमवतन अर्जुन एरिगैसी से हार गए थे।

### अब टी-20 की तैयारी



नागपुर स्थित विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में अभ्यास करते भारतीय टी-20 क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव, वरुण चक्रवर्ती, ईशान किशन और रिंकू सिंह। यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला का पहला मुकाबला 21 जनवरी को शाम 7 से बजे होगा। वनडे सीरीज हारने के बाद क्रिकेट प्रेमियों को इस प्रतियोगिता से बहुत उम्मीद है। • एजसी

# बेंगलुरु ने गुजरात को दिया 179 रनों का लक्ष्य

**महिला प्रीमियर लीग**

**वडोदरा, एजेंसी**

गौतमी नाईक के जुझारू अर्धशतक की मदद से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने गुजरात जाइंट्स के खिलाफ महिला प्रीमियर लीग के मैच में सोमवार को छह विकेट पर 178 रन का सम्मानजनक स्कोर बनाया। अब तक चारों मैच जीतकर शीर्ष पर काबिज आरसीबी की शुरूआत अच्छी नहीं रही।

पहले ओवर में ग्रेस हैरिस और दूसरे ओवर में जॉर्जिया वोल पवेलियन लौट गए जब स्कोर नौ रन ही था। पहला विकेट तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ने और दूसरा आस्ट्रेलिया दौरे के लिये भारतीय टीम में जगह बनाने वाली काशवी गौतम ने चटकाया। पिछले मैच में 96 रन बनाने वाली कप्तान स्मृति मंधाना (23 गेंद में 26 रन) ने नाईक के साथ तीसरे विकेट के लिये 60 रन की साझेदारी करके पारी को संभाला। गुजरात की कप्तान एशले गार्डनर ने हालांकि मंधाना को पगबाधा आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा।

भारत ने रिव्यू लिया लेकिन तीसरे अंपायर का फैसला गेंदबाज के पक्ष में रहा। नाईक ने 55 गेंद की अपनी पारी में सात चौकों और एक छक्के के साथ 73 रन बनाये।

उन्होंने रिचा घोष के साथ चौथे विकेट के लिये 69 रन जोड़े। रिचा ने 20 गेंद में 27 रन का योगदान दिया जिसमें तीन छक्के शामिल थे। नाईक को 18वें ओवर में गार्डनर ने बोल्ड किया। राधा यादव ने आखिर में आठ गेंदों पर दो चौकों और एक छक्के के साथ 17 रन बनाये। गुजरात जाइंट्स के लिए काशवी गौतम और गार्डनर ने दो दो विकेट लिए।



शॉट लगातीं आरसीबी की बल्लेबाज रिचा घोष। एजेंसी

# ...तो बाहर रहने को तैयार रहे बांग्लादेश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- आईसीसी ने चेतावनी देते हुए कहा-कल तक लें फैसला
- भारत से मैच स्थानांतरित करने के लिए अड़ा है बांग्लादेश

आईसीसी ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड से कहा है कि भारत में होने वाले टी20 विश्व कप में भागीदारी को लेकर 21 जनवरी तक फैसला ले या सात फरवरी से शुरू हो रहे टूर्नामेंट से बाहर होने को तैयार रहे।

आईसीसी और बीसीबी के बीच बातचीत के बावजूद मसले का कोई हल नहीं निकल पाया है। यह संकट बीसीसीआई के निर्देश पर बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान को आईपीएल 2026 से बाहर किए जाने के बाद शुरू हुआ।

आईसीसी के एक सूत्र ने कहा बीसीबी अधिकारियों को 21 जनवरी तक फैसला लेने के लिये कहा गया है। अगर वे भारत आने से इनकार करते हैं तो रैंकिंग के आधार पर किसी दूसरी टीम को चुन लिया जाएगा। सुरक्षा चिंताओं और राष्ट्रीय गौरव का हवाला देकर बीसीबी ने कहा है कि उसकी टीम कोलकाता और मुंबई में विश्व कप के लीग मैच खेलने भारत नहीं जाएगी। टूर्नामेंट का कार्यक्रम घोषित हो चुका है लिहाजा आईसीसी बांग्लादेश के मैच श्रीलंका में स्थानांतरित नहीं करेगी।

### स्कॉटलैंड को मिल सकता मौका

बांग्लादेश अगर आने से इनकार करता है तो मौजूदा रैंकिंग के आधार पर स्कॉटलैंड को मौका मिल सकता है। बांग्लादेश ग्रुप सी में वेस्टइंडीज, इटली, इंग्लैंड और नेपाल के साथ है।

### सेनेगल ने मोरक्को को हराकर जीता अफ्रीका कप

**रबात (मोरक्को)।** सेनेगल ने पेप गुये के अतिरिक्त समय में किए गए गोल की मदद से मेजबान मोरक्को को 1-0 से हराकर अफ्रीका कप ऑफ नेशंस फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। बेहद तनावपूर्ण परिस्थितियों में खेले गए फाइनल में दोनों टीम निर्धारित समय तक गोल नहीं कर पाई थी लेकिन आखिर में पेप गुये निर्णायक गोल करने में सफल रहे।

फाइनल मैच में तनाव काफी बढ़ गया था। मैच के दौरान ऐसा समय भी आया जब दर्शकों ने मैदान पर घुसने की कोशिश की। यही नहीं सेनेगल के खिलाड़ी दूसरे हाफ के स्टॉपेज टाइम में पेनल्टी के फैसले के विरोध में मैदान से बाहर चले गए थे। यह स्पष्ट नहीं था कि खेल जारी रह पाएगा या नहीं क्योंकि प्रशंसक सुरक्षाकर्मियों से भिड़ गए थे।

इसके कारण 14 मिनट तक खेल नहीं हो पाया था। खेल शुरू होने पर सेनेगल के एडुआर्ड मेंडी ने ब्राहिम डियाज़ की पेनल्टी को आसानी से बचा लिया।

**ऑस्ट्रेलियाई ओपन**

**गॉफ ने पहले दौर के मैच में कामिला रखिमोवा को सीधे सेटों में पराजित किया**

# कोको गॉफ, अनिसिमोवा और मेडवेदेव दूसरे दौर में

**मेलबर्न, एजेंसी**

तीसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ को अपनी सर्विस पर कुछ परेशानी का सामना करना पड़ा, लेकिन इसके बावजूद वह अमांडा अनिमिसोवा और दानिल मेडवेदेव के साथ सोमवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंचने में सफल रही। गॉफ ने पहले दौर के मैच में कामिला रखिमोवा को सीधे सेटों में 6-2, 6-3 से पराजित किया।

गॉफ ने दो ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं, लेकिन मेलबर्न पार्क में वह कभी सेमीफाइनल से आगे नहीं बढ़ पाई हैं। पिछले साल वह क्वार्टरफाइनल में बाहर हो गई थीं। अमेरिकी खिलाड़ी को फिर से डबल फॉल्ट की समस्या से जूझना पड़ा।

दूसरे दौर में गॉफ का सामना ओल्गा डैनिलोविच से होगा। डैनिलोविच ने रविवार को पहले दौर के मैच में 45 वर्षीय वीनस विलियम्स को हराया था। महिला वर्ग के अन्य महत्वपूर्ण मैचों में विश्व रैंकिंग में चौथे नंबर की खिलाड़ी और पिछले दो ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाली अमांडा अनिसिमोवा ने सिमोना वाल्टरट को 6-3, 6-2 से, नंबर छह जेसिका पेगुला ने अनास्तासिया ज़खारोवा को 6-2, 6-1 से और नंबर 14 क्लारा टौसन ने डाल्मा गाल्फी को 6-3, 6-3 से हराया। इस बीच 27वीं वरीयता प्राप्त और 2020 की चैंपियन सोफिया केनिन का खराब प्रदर्शन जारी रहा। वह पहले दौर में हमवतन अमेरिकी खिलाड़ी पेटन स्टर्न्स से 6-3, 6-2 से हार गईं। स्टर्न्स का अगला मुकाबला क्रोएशिया की पेट्रा मार्किको से होगा। एम्मा नवारो भी पोलैंड की मैग्डा लिनेट से तीन सेटों में हार गईं। पुरुषों के वर्ग में कनाडा की सातवीं वरीयता प्राप्त फेलिक्स औगर अलियासिमे ने पुर्तगाल के नूनो बोर्गेस के खिलाफ अपना मैच बीच में ही छोड़ दिया। दो घंटे से कुछ अधिक समय तक चले इस मैच में तब बोर्गेस 3-6, 6-4, 6-4 से आगे चल रहे थे। ऑस्ट्रेलियाई ओपन में तीन बार के उपविजेता दानिल मेदवेदेव ने जेस्पर डी जोंग को 7-5, 6-2, 7-6 (2) से हराकर ऑस्ट्रेलिया में अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा। उन्होंने ब्रिस्बेन में खिताब जीता था।



### जोकोविच ने 100वीं जीत दर्ज की

**मेलबर्न।** सार्बिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने सोमवार को ऑस्ट्रेलिया ओपन में स्पेन के पेड्रो मार्टिनेज को हराकर अपने करियर की 100वीं जीत दर्ज की। आज यहां पूर्व नंबर वन टेनिस खिलाड़ी जोकोविच ने पेड्रो मार्टिनेज को 6-3, 6-2, 6-2 से हराकर शानदार प्रदर्शन करते हुए मेलबर्न पार्क में अपनी 100वीं करियर जीत हासिल की। रिकॉर्ड 10 बार के ऑस्ट्रेलिया ओपन चैंपियन जोकोविच की अब टूर्नामेंट में रोजर फेडरर के 102 मैच जीतने के ऑल-टाइम रिकॉर्ड को तोड़ने पर नजर हैं। मैच के बाद जोकोविच ने कहा मैं क्या कहूं। संेचुरी बनाना बहुत अच्छा है। उन्होंने कहा मैं शुरू में बहुत भाग्यशाली था कि मुझे कुछ ऐसे लोग मिले जिन्होंने मुझे सिखाया और गाइड किया कि मैं अपने करियर में लंबी रेस का घोड़ा बनूं, जल्दी थक न जाऊं।